राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 20
लखनऊ, गुरुवार 05 सितंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



गुणवत्तापूर्ण अच्छी शिक्षा का होना चाहिए विस्तार : डॉ. दिनेश शर्मा 03

बाइक चोरी करने वाले गिरोह के तीन चोर गिरफ्तार 12

# उत्तर प्रदेश के 41 परिषदीय शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार देगी योगी सरकार

▸ पुरस्कृत शिक्षकों को मिलेगा दो साल का सेवा विस्तार का लाभ

विकास तिवारी



**पुरस्कार देने का उद्देश्य शिक्षकों को अच्छे शिक्षण कार्य के लिए प्रोत्साहित करना व बेहतर ढंग से समाज में शिक्षा की अलख जगाने के उनके प्रयासों को और प्रभावी बनाना है।**

**लखनऊ।** अच्छे शिक्षण कार्य करने वाले उत्कृष्ट शिक्षकों को उत्तर प्रदेश की योगी सरकार राज्य अध्यापक पुरस्कार से पुरस्कृत करेगी।

शिक्षक दिवस पर गोरखपुर के महायोगी गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में कुल 41 शिक्षकों को पुरस्कृत किया जायेगा।

इनके अलावा माध्यमिक शिक्षा के दो शिक्षकों को मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार और 11 शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार से नवाज़ा जायेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और बेसिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह द्वारा इन चयनित शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किया जायेगा। शिक्षण कार्य में अनूठे और विशेष योगदान देने वाले शिक्षकों को प्रति वर्ष यूपी राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। इस पुरस्कार देने का प्रमुख उद्देश्य शिक्षकों को अच्छे शिक्षण कार्य के लिए प्रोत्साहित करना और अत्यधिक बेहतर ढंग से समाज में शिक्षा की अलख जगाने के उनके प्रयासों को और प्रभावी बनाना है।

इसी उद्देश्य को पूरा करने की गरज से योगी सरकार ने शिक्षक दिवस यानी 05 सितंबर को बेसिक शिक्षा परिषद के 41 शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित करने का फैसला लिया है। गोरखपुर में होने वाले सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करेंगे। सम्मानित होने वाले 41 शिक्षकों में 19 प्रधानाध्यापक और 22 सहायक अध्यापक हैं। इनमें 19 महिला शिक्षक शामिल हैं।

**इन महिला शिक्षकों को भी मिलना तय है राज्य अध्यापक पुरस्कार**

आगरा के एत्मादपुर स्कूल की सहायक अध्यापिका प्रियंका गौतम, अमरोहा के गजरौला की प्रधानाध्यापिका रेखा रानी, बाराबंकी के बरेठी की प्रधानाध्यापिका दीपशिखा राय, बरेली के पथरा की प्रधानाध्यापिका सारिका सक्सेना, चंदौली के चकिया की सहायक अध्यपिका मीना राय, फतेहपुर के मलवां प्रथम की सहायक अध्यापिका मोनिका सिंह, गौतमबुद्ध नगर के सादातपुर की सहायक अध्यापिका रूसी गुप्ता, गाजीपुर के कटघरा की सहायक अध्यापिका अर्चिता सिंह, कानपुर देहात के उसरी की प्रधानाध्यापिका पारुल निरंजन, कानपुर नगर के मोहलियापुर की सहायक अध्यापिका आशा कटियार, लखीमपुर खीरी के जगसड की सहायक अध्यापिका संगम वर्मा, लखनऊ के महमूदपुर की सहायक अध्यापिका मधु यादव, मेरठ के पेपला इदरीशपुर की सहायक अध्यापिका दीप्ति गुप्ता, मिर्जापुर की अमिरती की सहायक अध्यापिका नीतू यादव आदि का सम्मानित किया जाएगा।

**इन्हें मिलेगा मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार**

माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र के दो शिक्षकों को मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। इनमें कासगंज जनपद के श्री सूरज प्रसाद डागा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज अमापुर मार्ग कासगंज के प्रधानाचार्य भूपेंद्र कुमार सिंह और कन्नौज जनपद के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज तीर्वा कन्नौज के प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्र शामिल हैं।

**शिक्षकों को मिलेंगे 25 हजार रुपए व दो साल का सेवा विस्तार**

राज्य अध्यापक पुरस्कार पाने वाले शिक्षकों को 25000 की धनराशि, प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, रोडवेज बसों में प्रतिवर्ष निशुल्क 4000 किमी. यात्रा करने के लिए कूपन और दो साल का सेवा विस्तार की सुविधा मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

**महिला व बाल विकास मंत्रालय को ई-गवर्नेंस 2024 का राष्ट्रीय स्वर्ण पुरस्कार**

**नयी दिल्ली ।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को 'पोषण ट्रैकर' पहल के लिए ई-गवर्नेंस 2024 का राष्ट्रीय स्वर्ण पुरस्कार मिला है। मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि पोषण ट्रैकर पहल को यह पुरस्कार सरकारी प्रक्रिया की पुनर्रचना और डिजिटल बदलाव के लिए दिया गया है। यह पुरस्कार कल मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदान किये गये। एक अत्याधुनिक आईसीटी एप्लीकेशन 'पोषण ट्रैकर' बच्चों के पोषण विकास की वास्तविक समय निगरानी और मूल्यांकन के साथ एक स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करता है। मिशन पोषण 2.0 विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मानकों के अनुरूप बच्चे के विकास को पहचान में मदद करता है। ये मानक बच्चे के विकास को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पोषण की स्थिति का आकलन करने में मदद करते हैं।

**बादल फटने से एनएच-29 पर भूस्खलन में छह की मौत**

**कोहिमा।** बादल फटने के कारण नगालैंड में राष्ट्रीय राजमार्ग-29 पर हुए भूस्खलन में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। आज हुई इस घटना ने डिमापुर-कोहिमा राष्ट्रीय राजमार्ग को पूरी तरह से अवरुद्ध कर दिया। जानकारी के अनुसार सभी छह शव बरामद कर लिए गए हैं। मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने एक आपात बैठक बुलाई और एनएच-29 पर आपदा की स्थिति का जायजा लिया, जिसके परिणामस्वरूप 6 लोग हताहत हुए। उन्होंने कहा है कि मैं नागरिकों से सरकारी सलाह पर ध्यान देने का आग्रह करता हूं। सरकार आपातकालीन सेवाएं और अनुग्रह राशि प्रदान कर रही है।

**दलबदल करने वाले अयोग्य विधायकों की पेंशन खत्म**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा ने एक ऐतिहासिक फैसला लेकर उन पूर्व विधायकों की पेंशन खत्म कर दी है, जिन्होंने इसी साल प्रदेश की कांग्रेस सरकार से बगावत की थी और बाद में भाजपा का दामन थाम लिया था। इस सम्बंध में बुधवार को हिमाचल प्रदेश विधानसभा सदस्यों के भत्ते और पेंशन अधिनियम संशोधन विधेयक पारित कर दिया। विधेयक के पारित होने के बाद अब इसे राज्यपाल की मंजूरी को भेजा जाएगा। मंजूरी मिलने के बाद ही यह कानून बन जाएगा। अयोग्य विधायकों की पेंशन खत्म करने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य बन गया है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने इस संशोधन विधेयक को मंगलवार को सदन में पेश किया। बुधवार को सदन में इस संशोधन विधेयक पर हुई चर्चा का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि सत्ता व कुर्सी सदैव साथ नहीं रहती।

**जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दिलाना होगा : राहुल**

**जम्मू।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी आगामी विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए बुधवार को जम्मू पहुंच गए हैं। राहुल गांधी ने संगलदान (रामबन) में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि वो नफरत फैला रहे हैं और हम मोहब्बत फैला रहे हैं। नफरत को नफरत से नहीं, बल्कि मोहब्बत से हराया जा सकता है। हिन्दुस्तान के इतिहास में पहली बार जम्मू-कश्मीर राज्य का दर्जा छीना गया है। आपको राज्य का दर्जा वापस देना है। यह आपका सिर्फ राज्य नहीं छीना गया, बल्कि आपका अधिकार, आपका धन छीना गया। राहुल गांधी ने कहा कि यह इतनी खूबसूरत जगह है कि मैं अगली मीटिंग के लिए जाना नहीं चाह रहा, आपने फंसा लिया मुझे।

# बेटी पर बुरी नजर डालने वालों का कर देंगे हाल बेहाल : योगी

▸ सीएम योगी ने फूलपुर स्थित इफको में आयोजित विवेकानंनद युवा सशक्तीकरण रोजगार व ऋण वितरण मेले में लोगों को किया सम्बोधित

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को मनचलों को चेतावनी देते हुये कहा कि किसी ने भी बेटी पर गंदी नजर डाली तो वह अपने पैरों पर नहीं चल सकेगा। मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर दूर फूलपुर स्थित इफको में आयोजित स्वामी विवेकानंनद युवा सशक्तीकरण रोजगार एवं ऋण वितरण मेला में लोगों को सम्बोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि राह चलती बेटी पर हाथ डालने का प्रयास किया तो उसके हाथ अलग होंगे, पैर अलग होंगे। बेटियों पर बुरी नजर डालने वाले लोग बख्शे नहीं जाएंगे। उनका चौराहों पर जुलूस निकलवाएंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी को सुरक्षा और सम्मान और प्रदान करने को कटिबद्ध है। अपराधियों को किसी भी रूप में बख्शेगें नहीं। श्री योगी ने करीब 650 करोड़ रूपए की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। रोजगार मेले में करीब 90 कंपनियां आई थी। उन्होने10 हजार छात्र-छात्राओं को लैपटाप एवं स्मार्ट फोन का भी वितरण किया। श्री योगी ने मंच से कुछ छात्र और छात्राओं को अपने हाथ से लैपटॉप और समार्ट फोन दिया। उन्होंने कहा कि हर बेटी को सुरक्षा प्रदान करना सरकार का दायित्व है। हर व्यापारी को सुरक्षा प्रदान करने का कार्य सरकार करेगी। मैंने पहले ही कहा था कि माफिया अगर सिर उठाने का काम करेगा तो उसे मिट्टी में मिलाने का काम करेंगे। यही कहने के लिए आया हूं कि जो बड़ी बड़ी घोषणा कर रहे हैं, ये वो लोग हैं, जो माफिया के सामने कभी नाक रगड़ते थे। दंगाइयों के सामने नाक रगड़ते थे। बुलडोजर चलाने के लिए हिम्मत चाहिए। ये दंगाइयों और माफियाओं के सामने नाक रगड़ने वाले क्या बुलडोजर चलाएंगे। इन्हें बुलडोजर देखते ही हार्ट अटैक आ जाएगा। योगी ने कहा हमने पहले भी लोगों ने कहा था कि अपराध और अपराधियों को बख्शेंगे नहीं।

**अब टीपू भी देख रहे हैं सुल्तान बनने के सपन**

समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव का नाम लिये बगैर तंज कसते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि अब टीपू भी सुल्तान बनने के हसीन सपने देख रहे हैं। उन्होने अखिलेश के साथ साथ कांग्रेस वरिष्ठ सांसद राहुल गांधी पर भी निशाना साधते हुये कहकि बुलडोजर पर हर एक का हाथ फिट नहीं हो सकता। इसके लिए दिल और दिमाग दोनों चाहिए। जिसमें बुलडोजर जैसी क्षमता और दृढ़ प्रतिज्ञा हो, वही बुलडोजर चला सकता है। दंगाइयों के सामने नाक रगड़ने वाले लोग बुलडोजर के सामने वैसे ही पस्त हो जाएंगे।

## त्रिपुरा के दो उग्रवादी गुटों के साथ हुआ शांति समझौता

**नयी दिल्ली।** त्रिपुरा में तीन दशक से अधिक समय से चल रहे उग्रवादी हिंसा और संघर्ष से निजात पाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तहत बुधवार को यहां केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में राज्य के दो गुट-नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) तथा ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (एटीटीएफ) ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये। गृह मंत्री ने इस समझौते को त्रिपुरा में 'विकास और शांति के लिए एक महत्वूपर्ण समझौता' बताया है और कहा कि यह पूर्वोत्तर के विकास के लिए मोदी सरकार के संकल्प को पूरा करने में 'मील का पत्थर' है। गृह मंत्रालय में आयोजित हस्ताक्षर समरोह में उपस्थित एनएलएफटी और एटीटीएफ के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए श्री शाह ने कहा कि यह आनंद का विषय है कि आपने 35 साल द्वंद्व और संघर्ष को समाप्त करने के लिए हथियार डालकर आप मुख्यधारा में शामिल हुए है और समस्त त्रिपुरा के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है। श्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने सत्ता संभालने के बाद पूर्वात्तर में शांति स्थापना और विकास के लिए बातचीत का रास्ता अपनाने का संकल्प लिया।

# कृष्ण जन्मभूमि व मस्जिद विवाद में वाद की हुई सुनवाई

▸ सभी मुकदमों की एक साथ सुनवाई के आदेश के खिलाफ दाखिल किया है रिकॉल आवेदन
▸ वाद बिंदु तय करने से पहले रिकॉल आवेदन की हो सुनवाई : मस्जिद पक्ष

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में बुधवार को मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह मस्जिद विवाद को लेकर दाखिल सिविल वादों की सुनवाई हुई। पक्षों ने वाद विंदु दाखिल किए।

मस्जिद पक्ष ने वाद बिंदु निर्धारण से पहले सभी मुकदमों की एक साथ सुनवाई के आदेश के वापसी की अर्जी की सुनवाई की मांग की। कोर्ट ने मंदिर पक्ष से मस्जिद पक्ष की अर्जी पर जवाब मांगा है। सभी 18 सिविल वादों की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन कर रहे हैं। मामलों की अगली सुनवाई की तिथि 23 सितम्बर नियत की गई है। मस्जिद पक्ष की वरिष्ठ अधिवक्ता तसनीम अहमदी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से पक्ष रखा। कोर्ट से प्रार्थना की कि जनवरी 2024 में श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले के सभी मुकदमों को एक साथ सुनने का आदेश जारी किया गया था। इसके विरोध में रिकॉल आवेदन दाखिल किया था। लेकिन इस पर सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट ने वाद की पोषणीयता पर सुनवाई शुरू कर दी थी। अहमदी ने कोर्ट से प्रार्थना की कि पहले रिकॉल आवेदन पर सुनवाई की जाए। इसके बाद मुकदमे के सुनवाई की कार्रवाई को आगे बढ़ायी जाए। वाद नंबर 7 में लिखित कथन निर्धारित समय में दाखिल न करने पर एकपक्षीय सुनवाई का आदेश दिया। इसी मामले में मस्जिद पक्ष ने रिकॉल आवेदन दाखिल किया है। वाद नंबर 13 के अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने कोर्ट में वाद बिंदु दाखिल किया है। साथ ही कोर्ट से प्रार्थना की है कि इन्हीं बिंदुओं के आधार पर मामले का शीघ्र निस्तारण किया जाए। एक मामले में वादी आशुतोष पांडेय ने प्रार्थना पत्र दाखिल कर प्रतिदिन सुनवाई किए जाने की मांग की।

## नक्सलियों के शहरी नेटवर्क से जुड़े चार माओवादियों को एनआईए ने किया गिरफ्तार

**रायपुर।** माओवादियों के 20 मार्च 23 को बंद के मामले को लेकर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार को अबूझमाड़ के घोर नक्सल प्रभावित इलाकों में छापेमारी कर नक्सलियों के शहरी नेटवर्क से जुड़े चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया है।इन लोगों पर माओवादी संगठन को रसद सप्लाई करने व अन्य कामों में सहयोग करने का आरोप है। इस मामले में जांच एजेंसी 35 अन्य माओवादियों से भी पूछताछ कर रही है। जांच में ओरछा में लम्बे समय से धरने पर बैठे माड़ बचाओ मंच के नेता लखमा कोर्राम पर माओवादी होने का आरोप है। जानकारी के जनुसार एनआईए की टीम अबूझमाड़ के ओरछा, कस्तूरमेटा, मंडाली और मल्कल गांव में नक्सलियों के सहयोगियों तक पहुंची है।

# सांसद डॉ भोला, विधायक लक्ष्मीराज व हिमांशु को हाईकोर्ट से मिली राहत

▸ विशेष अदालत में चल रहे केस में उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर रोक

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बुलंदशहर के सांसद डॉ भोला सिंह, सिकंदराबाद के विधायक लक्ष्मी राज सिंह व हिमांशु मित्तल के विरूद्ध विशेष अदालत में चल रहे आपराधिक केस में बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने शिकायतकर्ता पवन कुमार को नोटिस जारी कर तीन हफ्ते में जवाब मांगा है और तब तक याचियों के विरुद्ध किसी प्रकार की उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है।

यह आदेश न्यायमूर्ति समित गोपाल ने डॉ भोला सिंह व दो अन्य की याचिका पर दिया है। याचीगण का कहना है कि उनके खिलाफ अनूपशहर, बुलंदशहर में भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148, 152, 323, 353, 427, 506 एवं लोक सम्पत्ति क्षति निवारण कानून की धारा 3 के तहत एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने विवेचना कर अंतिम रिपोर्ट दाखिल की। किंतु मजिस्ट्रेट ने पुलिस को पुनः विवेचना का आदेश दिया। दुबारा विवेचना के बाद पुलिस ने अंतिम रिपोर्ट दाखिल की। शिकायतकर्ता की आपत्ति पर संज्ञान लेकर विशेष अदालत ने याचीगण को 06 अगस्त 2024 को सम्मन जारी किया है। जिसे बीएनएसएस की धारा 528 के तहत चुनौती देते हुए केस कार्यवाही रद्द करने की मांग की गई है। कोर्ट ने मुद्दा विचारणीय माना और विपक्षियों से जवाब तलब किया है।

## मुख्तार के बेटे अब्बास अंसारी समेत पांच पर गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज

**चित्रकूट।** अपराध की दुनिया के बेताज बादशाह रहे पूर्वांचल के माफिया डॉन (बाहुबली) मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी सहित पांच लोगों के खिलाफ चित्रकूट जिले की सदर कोतवाली कर्वी में गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज हुआ है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र सिंह की तहरीर पर यह मुकदमा लिखा गया है। गैंग लीडर अब्बास अंसारी पूर्व में जिला कारागार चित्रकूट में निरुद्ध रहा है। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि विधायक अब्बास अंसारी वर्तमान में प्रशासनिक आधार पर जिला कारागार कासगंज में निरुद्ध है। इस गैंग के लीडर व सक्रिय सदस्यों के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर कर्वी में अभियोग पंजीकृत है।

# अब 62 साल में रिटायर होंगे रोडवेज के चालक

▸ योगी सरकार का फैसला, नियमित व संविदा चालकों को होगा फायदा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के बस ड्राइवरों की सेवानिवृत्ति की आयु 2 वर्ष बढ़ा दी गई है। पहले बस ड्राइवर 60 वर्ष की उम्र में रिटायर हो जाते थे, अब ड्राइवर 62 वर्ष तक अपनी सेवाएं दे सकेंगे, बशर्ते वे फिट हो। यह फैसला होने के बाद इसका लाभ 20,000 से अधिक नियमित और संविदा ड्राइवर को मिल सकेगा।

यूपी में परिवहन की व्यवस्था को सुगम करने के लिए लगातार नई बसें परिवहन निगम को मिल रही है पर उसके सापेक्ष ड्राइवर नहीं है। ऐसे में आए दिन ड्राइवर की कमी से बस सेवाएं निरस्त करनी पड़ रही हैं। कई बार देखा गया है कि बड़े आयोजनों और त्योहारों के लिए भी परिवहन निगम बस संख्या बढ़ाने का प्रयास करता है पर ड्राइवर की कमी के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, इन्हीं स्थितियों को ध्यान में देखते हुए परिवहन निगम स्वस्थ चालकों को सेवा विस्तार देने की तैयारी में है।

यात्रियों के लिए यातायात सुगम बनाने के लिए परिवहन निगम के अपर प्रबंध निदेशक राम सिंह वर्मा ने सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों व आरएएम को आदेश दिया है कि जिन ड्राइवरों की आयु 60 साल पूरी हो चुकी है उनका हर 6 महीने पर स्वास्थ्य और नेत्र परीक्षण कराया जाए और मुख्य चिकित्सा अधिकारी के रिपोर्ट के आधार पर उनसे 62 वर्ष तक सेवाएं ली जाए। इसके लिए देखना होगा कि ड्राइवर ने पिछले 3 साल में औसतन 2500 किलोमीटर का संचालन किया हो और 2 वर्ष में कोई बड़ी सड़क दुर्घटना न हुई हो, इस रिपोर्ट पर ड्राइवर को 6 माह के लिए विस्तार दिया जाएगा। योगी सरकार का ये कदम जनवरी से मार्च तक चलने वाले महाकुंभ के मद्देनजर अहम है। महाकुंभ में यात्रियों की सुविधा के लिए सरकार हजारों की संख्या में नई बसें सड़क पर उतारने की तैयारी में है।

# ताश का खेल व रम्मी जुआ नहीं कौशल के खेल हैं : हाईकोर्ट

▸ इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में की पुष्टि

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में इस बात की पुष्टि की है कि पोकर (ताश का खेल) और रम्मी जुआ नहीं बल्कि कौशल के खेल हैं। यह निर्णय मेसर्स डीएम गेमिंग प्राइवेट लिमिटेड बनाम उत्तर प्रदेश राज्य और अन्य की याचिका पर न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने दिया है।

याची मेसर्स डीएम गेमिंग प्राइवेट लिमिटेड ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। कम्पनी ने 24 जनवरी, 2024 को डीसीपी, सिटी कमिश्नरेट, आगरा द्वारा जारी किए गए एक आदेश से दुखी होकर याचिका दायर की, जिसमें एक गेमिंग इकाई संचालित करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया गया था, जहां पोकर और रम्मी खेला जाना था। याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि अनुमति देने से इनकार करना केवल इस अनुमान पर आधारित था कि ऐसे खेलों से शांति और सद्भाव में बाधा उत्पन्न हो सकती है या उन्हें जुआ माना जा सकता है। वकील ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले व अन्य हाईकोर्ट के आदेशों के हवाले से कई उदाहरणों का हवाला दिया तथा कहा कि पोकर और रम्मी कौशल के खेल हैं न कि जुआ। न्यायालय के समक्ष प्राथमिक कानूनी मुद्दा यह था कि क्या पोकर और रम्मी को जुआ गतिविधियों के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है या कौशल खेल के रूप में मान्यता दी जा सकती है।

**सहयोग** | प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रुनेई के सुल्तान हाजी हसनल बोलकिया के साथ की बैठक

# उन्नत साझीदारी में बदलेंगे, भारत-ब्रुनेई द्विपक्षीय संबंध

एजेंसी



**बंदर सेरी बेगवान।** भारत व ब्रुनेई दारुस्सलाम ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को उन्नत साझीदारी के स्तर तक ले जाने के इरादे के साथ रक्षा, व्यापार और निवेश, खाद्य सुरक्षा, शिक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, क्षमता निर्माण, संस्कृति के साथ-साथ लोगों से लोगों के आदान-प्रदान तथा नई और उभरती प्रौद्योगिकियों और नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग बढ़ाने के लिए सहमति जतायी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां ब्रुनेई की राजधानी बंदर सेरी बेगवान के इस्ताना नुरुल ईमान में ब्रुनेई के सुल्तान हाजी हसनल बोलकिया के साथ बैठक में ये विचार विमर्श हुआ। श्री मोदी के सुल्तान के महल में पहुंचने पर सुल्तान ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने सुल्तान को उनके निमंत्रण के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि किसी भारतीय शासनाध्यक्ष की ब्रुनेई की पहली द्विपक्षीय यात्रा हमारे देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने की भारत की गहरी इच्छा को दर्शाती है। इस साल ब्रूनेई की आजादी की 40वीं वर्षगांठ है। सुल्तान के नेतृत्व में ब्रूनेई ने परंपरा और निरंतरता के लिए एक महत्वपूर्ण संगम के साथ प्रगति की है। ब्रूनेई के लिए उनका ÷वावासन 2035÷ विज़न सराहनीय है। उन्होंने कहा, ÷गर्मजोशी भरे स्वागत और आतिथ्य-सत्कार के लिए सुल्तान और पूरे शाही परिवार का मैं हृदय से बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूँ। भारतीय प्रधानमंत्री की ब्रूनेई की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा है। लेकिन यहाँ मिले अपनेपन से मुझे, हमारे दोनों देशों के सदियों पुराने संबंधों का एहसास हर पल हम अनुभव कर रहे हैं।

**इन क्षेत्रों में भारत-ब्रुनेई करेंगे सहयोग**

वे आईसीटी, फिनटेक, साइबर सुरक्षा, नई और उभरती प्रौद्योगिकियों और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग का पता लगाने और आगे बढ़ाने पर सहमत हुए। श्री मोदी ने कहा, ऊर्जा क्षेत्र में, हमने द्रवीकृत प्राकृतिक गैस में दीर्घकालिक सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। रक्षा क्षेत्र में सहयोग को बढ़ाने के लिए, हमने रक्षा उद्योग, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण की संभावनाओं पर सकारात्मक विचार किये। अंतरिक्ष के क्षेत्र में अपने सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए हमने सेटेलाइट डवलपमेंट, रिमोट सेंसिंग और ट्रेनिंग पर सहमति बनाई है। दोनों देशों के बीच कनेक्टिविटी के लिए जल्द ही सीधी उड़ानें शुरू की जाएंगी।卐 श्री मोदी ने कहा, 卐हमारे लोगों के बीच आपसी संबंध हमारी साझीदारी की नींव है। मुझे खुशी है कि भारतीय समुदाय ब्रूनेई की अर्थव्यवस्था और समाज में सकारात्मक योगदान दे रहा है। कल भारतीय राजदूतावास के लोकार्पण से, भारतीय समुदाय को एक स्थायी पता मिला है। भारतीय समुदाय के कल्याण और हितों की देख-रेख के लिए, हम सुल्तान और उनकी सरकार के आभारी हैं। उन्होंने कहा कि भारत की एक्ट ईस्ट नीति और हिन्द प्रशांत विज़न में ब्रूनेई एक महत्वपूर्ण साझीदार रहा है।

# कई जनपदों में सक्रिय अंतर्जनपदीय शातिर चोर गिरफ्तार

मैगलगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।

मैगलगंज पुलिस ने रात्रि गस्त के दौरान कई जनपदों में सक्रिय अंतर्जनपदीय शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने कार सवार इन चोरों के कब्जे से लगभग 50 हजार की नगदी समेत मोबाइल टावरों से चोरी कर निकाले गए लगभग 85 लाख की कीमत के अजना कार्ड (इलेक्ट्रॉनिक उपकरण) भी बरामद किए जाने का दावा किया है।

कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक महेश पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि मैगलगंज क्षेत्र के हैरमखेड़ा गांव स्थित मोबाइल टावर से कुछ दिन पूर्व अजना कार्ड चोरी होने की सूचना मिली थी, जिसकी रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही थी। मंगलवार रात कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक महेश पाठक, चौकी प्रभारी औरंगाबाद अनूप मिश्रा, मढ़िया घाट विनोद कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी रामनयन, कृष्णकुमार, आरक्षी सुमित जैनर व बादल सिंह के साथ रात्रिगस्त के दौरान संदिग्ध वाहनों की चेकिंग करने के लिए नेशनल हाइवे पर रहजनियां गांव स्थित पेट्रोल पम्प के पास पहुंचे तभी हाइवे किनारे संदिग्ध अवस्था में गैर प्रांत की एक कार खड़ी दिखाई दी। पुलिस वाहन रुकते



देख कार के बाहर खड़ा एक व्यक्ति भाग खड़ा हुआ। जिसके बाद पुलिस टीम ने कार को चारों तरफ से घेरते हुए कार सवार चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जामा तलाशी के दौरान इन चारों के पास से कई बैंकों के एटीएम कार्ड समेत 14 सौ रुपए बरामद हुए। पुलिस ने कार की तलाशी लेने के लिए जब डिग्गी खुलवाई तो उसमें सात इलेक्ट्रॉनिक उपकरण रखे बरामद हुए। पुलिस टीम द्वारा पूंछताछ करने पर इन उपकरण का नाम अजना कार्ड बताया जो मोबाइल टावर में लगा होता है। इसके अलावा पुलिस टीम ने कार की सीट से बरामद बैग से 50 हजार रुपए नगदी के अलावा प्लास, पेंचकस व पाना रिंच भी बरामद किए।

सख्ती से पूंछताछ करने पर इन लोगों ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि हम लोगों के द्वारा ही हैरमखेडा गांव में लगे मोबाइल टावर से अजना कार्ड चोरी कर निकाला गया था। हम लोग मोबाइल टावरों पर चोरी से चढ़कर उसमें लगे अजना कार्ड को निकालकर दिल्ली समेत अन्य जनपदों में बिक्री कर देते थे। इन्होंने अपने नाम प्रेमचन्द पुत्र महाराज सिंह निवासी ग्राम कपसिया थाना सिकंदराराऊ जिला हाथरस, नेकराम पुत्र कुंवरपाल निवासी हरिहरपुर थाना अमवापुर, मुकेश पुत्र प्रेमसिंह निवासी जावतीपुर थाना कासगंज, किशनवीर पुत्र रामसिंह निवासी रामपुरिया नगला थाना कासगंज बताए।

वहीं पुलिस को देख भागने में सफल रहे अभियुक्त का नाम भीखम सिंह पुत्र कुंवरपाल निवासी ग्राम हरिहरपुर थाना अमवापुर जिला कासगंज बताया। पुलिस ने चारों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है।

# विद्यालय की दीवारें अब केवल सजावट का साधन नहीं, बल्कि ज्ञान का स्रोत भी

**शिक्षक दिवस पर विशेष**

**नवाचार के प्रतीक कुलदीप सिंह**

बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।

शिक्षक दिवस, 05 सितंबर, का यह विशेष अवसर उन शिक्षकों को समर्पित है जो अपने विद्यार्थियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाते हैं। ऐसे ही एक प्रेरणादायक शिक्षक हैं कुलदीप सिंह, जो प्राथमिक विद्यालय भानपुर द्वितीय में अपने नवाचार और समर्पण से शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहे हैं।

कुलदीप सिंह ने विद्यालय में शिक्षण को रुचिकर और प्रभावी बनाने के लिए ÷बाला पेंटिंग÷ के माध्यम से एक अनूठी पहल की है। बाला (बिल्डिंग ऐज़ लर्निंग एड) पेंटिंग का उद्देश्य विद्यालय की दीवारों को शिक्षण सामग्री के रूप में उपयोग करना है। उन्होंने स्वयं विद्यालय की दीवारों पर सुंदर चित्रकारी और शिक्षण संबंधी जानकारी को उकेरा है, जिससे बच्चे खेल-खेल में ही बहुत कुछ सीख जाते हैं।

विद्यालय की दीवारें अब केवल सजावट का साधन नहीं हैं, बल्कि ज्ञान के स्रोत बन गई हैं। दीवारों पर लिखी गई गिनती, वर्णमाला, कविता, विज्ञान के चित्र, और अन्य शैक्षिक सामग्री बच्चों को पढ़ाई में रुचि जगाने के साथ-साथ उनके सीखने की प्रक्रिया को भी सहज और रोचक बनाते हैं। कुलदीप सिंह का यह नवाचार बच्चों की शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव ला रहा है। बच्चे अब दीवारों पर लिखी सामग्री से खेलते हुए भी सीख रहे हैं, जिससे



उनकी समझ में गहराई और विषयों में रुचि बढ़ी है।

कुलदीप सिंह का यह प्रयास न केवल बच्चों को लाभान्वित कर रहा है, बल्कि अन्य शिक्षकों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गया है। उनके इस कार्य को न केवल विद्यालय प्रशासन बल्कि माता-पिता और समुदाय के लोगों ने भी सराहा है। उन्होंने दिखाया है कि सीमित संसाधनों के बावजूद, शिक्षक की इच्छा शक्ति और समर्पण से शिक्षा के क्षेत्र में चमत्कार किए जा सकते हैं।

इस शिक्षक दिवस पर, कुलदीप सिंह जैसे समर्पित और नवाचारी शिक्षक के प्रति सम्मान व्यक्त करना हम सभी का कर्तव्य है। उनका यह योगदान न केवल विद्यालय के बच्चों के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए एक उदाहरण है। कुलदीप सिंह को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए, हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं और आशा करते हैं कि वे इसी तरह शिक्षा के क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित करते रहेंगे।

## खबरें एक नजर में

### फसल की रखवाली करने गए किसान को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत



**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।** थाना खमरिया क्षेत्र के सरैंया निवासी एक किसान को अज्ञात वाहन ने उस समय रौंद डाला जब वह छुट्टा मवेशियों से अपनी फसल की रखवाली करने के लिए सड़क से लगे खेत में किनारे लेटे हुए थे द्य थाना क्षेत्र के सरैंया निवासी 40 वर्षीय रामपाल पुत्र बलभद्र राजपूत मंगलवार की रात खेत में लगी फसल की रखवाली करने के लिए घर से गए थे। ग्रामीणों के मुताबिक रामपाल ख़मरिया ईसानगर रोड पर अपने खेत मे सड़क के किनारे लेटे हुए थे। अज्ञात वाहन ने रामपाल को रौंद डाला। जिससे घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची खमरिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। वहीं मृतक के परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है।

### चारागाह, खलिहान व बीज गोदाम पर दबंगों का कब्जा

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।** उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटरा के ग्रामीणों ने सरकारी भूमि और बीज गोदाम पर कब्जे को लेकर एक प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी को दिया है जिसमें उन्होंने मांग की है कि चारागाह, खलिहान और बीज गोदाम को दबंगों के कब्जे से मुक्त कराया जाए। जिलाधिकारी लखीमपुर को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि कोटरा के ग्राम प्रधान राम औतार पुत्र सुंदरलाल ने गांव में चारागाह की जमीन गाटा संख्या 86ख में रकवा 1.3920 पर अपने सहयोगियों को काबिज करा दिया जिसमें धान की फसल खड़ी है और गांव के पशु इधर–उधर घूम कर लोगों के खेतों की फसले चट कर रहे हैं। जिससे गांव के लोगों को काफी आर्थिक क्षति हो रही है। प्रार्थना पत्र में यह भी कहा गया है कि गांव में खलिहान की भूमि गाटा संख्या 25 रकवा 0.1420 गाटा संख्या 234 रकवा 0.1170 गाटा संख्या 435 रकवा0.1420 व गाटा संख्या 474 रकवा, 0.2870 पर भी अपने चहेतो को काविज करा दिया। उक्त जमीन पर गन्ने की फसल खड़ी है। और गांव वाले खलिहान की जगह का उपयोग नहीं कर पा रहे है। गांव वालों ने आरोप लगाते हुए बताया है कि कोटरा गांव में बना बीज गोदाम भी दबंगों के कब्जे में है। जिसमें ग्राम प्रधान के परिवार के लोग मकान बनाकर रह रहे हैं। गांव वालों ने उपरोक्त जमीन और बीच गोदाम को कब्जा मुक्त पुराने की मांग जिला अधिकारी से की है।

### वायरल फीवर, मलेरिया, टाईफाइड बुखार के चलते विभिन्न क्षेत्रों में कैंप आयोजित

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी लखीमपुर के निर्देशन में विकास खंड मितौली क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी मितौली के मार्ग दर्शन में वायरल फीवर, मलेरिया, टाईफाइड बुखार के चलते विभिन्न क्षेत्रों में कैंपों का आयोजन किया गया जिसमें जलालपुर, बरगदिया, जमुनहिया में कुल 243 मरीज देखें गये जिसमें दो मरीज मलेरिया पाज़िटिव पाये गये। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डाक्टर देवेन्द्र कुमार सिंह के मार्ग दर्शन में ढखिया जलालपुर में पैंसठ मरीज देखें गये , जिसमें पन्द्रह मरीजो की जांच हुई जिसमें कोई मरीज मलेरिया पाज़िटिव नहीं पाया गया । सभी को निन्शुल्क दवा का वितरण किया गया। बरगदिया में कुल 66 मरीज देखे गए जिसमें 25 मरीजों की जांच की गई जिसमे मलेरिया पॉजिटिव के मरीज नहीं पाये गये सभी छाछठ मरीजों को निशुल्क दवा का वितरण किया गया।, जमुनहिया गांव में लगी कैंप में 112 मरीज देखें गये 34 मरीजों की मलेरिया जांच हुई जिसमें दो मरीज मलेरिया पॉजीटिव पाए गए सभी आए हुए मरीजों को निशुल्क दवा का वितरण किया गया और साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि हमारे क्षेत्र में सभी उपस्वास्थ केंद्रो पर 24 घंटे मरीज देखे जाते हैं। झोलाछाप डॉक्टरो या अप्रशिक्षित डॉक्टरों, अवैध क्लीनिको पर दवा लेने से बचें। ये जानलेवा साबित हो सकते हैं।

# समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी खीरी व क्षेत्रीय विधायक को प्रधानों ने सौंपा ज्ञापन

बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।

विधानसभा पलिया के ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने नवीन शासनादेश में आवास आवंटन संभावित उत्पन्न होने वाली समस्याओं के संबंध में विधान सभा पलिया 137 विधायक रोमी साहनी को मंगलवार को ज्ञापन सौंपा, वहीं बुधवार को जिलाधिकारी खीरी को एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन देते हुए बताया आवास हेतु पात्र लाभार्थियों की सूची से टीन शेड में रह रहे व्यक्तियों को अपात्र घोषित किया गया है जबकि आज के समय में सेंठा पतवर उपलब्ध न होने के कारण व धन अभाव में टीन की चादर डालकर गरीब व्यक्ति सर ढक लेता है, धन के अभाव में बार-बार



छप्पर और टटिया ना बनाना पड़े तो किसी तरह जोड़-गाठ कर 7/8 फुट के दीवाल बनाकर उस पर टीन डालकर किसी तरह परिवार को बारिश और धूप से बचाता है जिसको शासनादेश द्वारा अपात्र घोषित कर दिया गया है। जबकि जमीनी हकीकत यह है की टीन शेड सस्ता पड़ता है और छप्पर टीन शेड से मंहगे पड़ते है।

ग्राम प्रधानों ने निवेदन किया है कि ऐसे लोगों को अपात्रता की श्रेणी से टीन व दीवार को बाहर किया जाए जिससे हर गरीब को छत मिल सके। इस मौके पर प्रधान देवेंद्र कुमार, प्रधान बलवंत सिंह, छोटे सिंह, बलराम सिंह सहित अनेक ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

### स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता की दिलाई गई शपथ



**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।** कस्बा स्थित आदर्श इंटर कॉलेज में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार शुक्ल की अध्यक्षता में छात्र छात्राओं एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई द्यउसके पश्चात अग्रिम दिवस पर स्वच्छता जागरूकता दिवस मनाया गया। इसके अंतर्गत पोस्टर बैनर आदि के माध्यम से सभी को जागरूक किया गया। साथ ही सामुदायिक आउट रीच दिवस के अंतर्गत बच्चों को समुदाय के साथ मिलकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया साथ ही शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर यदि मैं शिक्षक होता शीर्षक पर बच्चों ने अपने–अपने विचार प्रस्तुत किये।

# अंट्रेंड डॉक्टर से इलाज के दौरान मौत

औरंगाबाद खीरी, समृद्धि न्यूज।

> सीएचसी अधीक्षक पसगवां अश्वनी वर्मा ने बताया कि प्रकरण को गंभीरता से दिखवाता हूं और क्लीनिक के विरुद्ध कार्यवाही होगी।

औरंगाबाद कस्बे में अवैध रूप से संचालित सुफियान क्लीनिक में एक मरीज मैगलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम देवीबोझी के सोनपाल यादव पुत्र रामराखन को बुखार आने पर परिजनों ने सुफियान क्लीनिक पर दिखाया झोलाछाप डाक्टर के द्वारा मरीज भर्ती कर लिया वही परिजनों का आरोप है कि बुखार आने पर लगातार ड्रिप लगाते रहे लगभग तीन दिन अपने क्लीनिक पर भर्ती रखा जब स्थित ठीक नही दिखी तो परिजनों को जवाब दे दिया कही और दिखाओ जाके तब परिजनों आनन - फानन में परिजन मरीज को लेकर महोली कस्बे के निजी अस्पताल में लेकर गए लेकिन वहा डॉक्टरों के द्वारा मरीज की स्थित देखकर जवाब दे दिया इनको आगे ले जाओ तब परिजन ने लखनऊ लेकर गए वहा शिक्षित डॉक्टरों के द्वारा ने पूछा कि इनको पहले कहां दिखवाया तो उन्होंने बताया कि हमारे गांव नजदीक ही औरंगाबाद कस्बे में एक डॉक्टर को दिखवाया तो शिक्षित डॉक्टर के द्वारा बोला गया की ड्रिप लगाने से इनके फेफड़ों में पानी चला गया है जिससे बुखार और तेजी से पकड़ लिया है लखनऊ में डॉक्टर चार दिन भारती रखें लेकिन स्थिति गंभीर होती गई और आज मरीज की मृत्यु हो गई वहीं परिजनों का आरोप है की सुफियान डॉक्टर के द्वारा गलत इलाज करने से मेरे व्यक्ति की मृत्यु हो गई , आखिर ये गली गली चौराहे चौराहे पर अपनी दुकान सजा लेते हैं भोले भाले मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ रहा अप्रशिक्षित डॉक्टर।

### उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत इब्राहिमपुर में ओवर हाइट झूले दे रहे बड़े हादसों को दावत

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।** इब्राहिमपुर चेहल्लुम के मेले में तरह-तरह के झूले आए हुए हैं इनमें से बिना परमिशन के ओवर हाइट झूले बड़े हादसे को निमंत्रण दे रहे हैं। ज्ञात हो कि कई जगह इन झूलों से हादसे हो चुके हैं फिर भी शासन प्रशासन इन पर कोई भी कार्यवाही करने में अक्षम साबित हो रहा है।

बात दें थाना उचौलिया क्षेत्र के इब्राहिमपुर में हो रहे चेहल्लुम के मेले ओवर हाइट के झूले लगे जिसका कोई परमिशन नहीं इससे पहले पिछले वर्ष भी झूला लगा था जिसका भी परमिशन नहीं था इस विषय मे उपजिलाधिकारी मोहम्मदी से बात की गई तो जानकारी मिली परमिशन नहीं है मैं दिखवाता हूँ।

# रसूले खुदा इमामे हसन की शहादत में दो दिवसीय मजलिस का हुआ आयोजन

खीरी टाउन, समृद्धि न्यूज।

कस्बा खीरी में स्थित शिया वक्फ इमामबाड़े में रसूले खुदा और उनके नवासे इमामे हसन अ0 स0 की शहादत के सिलसिले से दो दिवसीय मजलिस का आयोजन किया गया जिसमें लखनऊ से आए मौलाना ने अपनी अपनी तकरीर किया तकरीर के बाद ताबूत बरामद हुआ जिसमे जिला सीतापुर के लहरपुर से आई अंजुमन और खीरी की अंजुमन ने मातम किया।

कस्बा खीरी में स्थित शिया वक्फ इमामबाड़ा में अंजुमन हुसैनिया द्वारा हर वर्ष की तरह रसूले खुदा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम और उनके नवासे हजरत इमाम हसन अ0स0 की शहादत के सिलसिले से 27 ,28



सफर में दो दिवसीय मजलिस का आयोजन किया गया जिसमें पहले दिन सोमवार को देर रात लखनऊ से आए मौलाना सैयद हैदर अब्बास रिजवी और दूसरे दिन मंगलवार को देर रात लखनऊ से आए मौलाना सैयद रजा हुसैन ने मजलिस को खीताब फरमाया मौलाना ने रसूले खुदा और उनके नवासे हजरत इमाम हसन अ0 स0 के किरदार और इस्लाम में की गई खिदमत के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर जिंदगी गुजारने की हिदायत दी इस दौरान दोनों की शहादत सुनकर लोगों ने आंसुओं से इमाम ए ज़माना को पुरसा पेश किया, मजलिस के बाद जिला सीतापुर के लहरपुर से आई अंजुमन लाशकर ए हुसैनी और खीरी की अंजुमनों ने सीने पर जोरदार मातम किया और मरसिए पढ़े अंजुमन हुसैनिया ने अलम और ताबूत का जुलूस निकालकर इमामबाड़ा परिसर में गस्त कराया, इस दौरान शिया मुसलमानों के मरदों और महिलाओं व अकीदतमंदों ने दुआएं मांगी और गुलपोशी की अलविदाई मजलिस के बाद सलाम हुआ और हुसैन का लंगर खिलाया गया।

# टीन शेड वाले परिवारों को पीएम आवास योजना की पात्रता सूची में लाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

संसारपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

प्रधान संघ के अध्यक्ष एवं प्रधान हरजिंदर सिंह की अगुवाई में समस्त ग्राम प्रधानों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेज कर टीन शेड में रहने वाले ग्रामीणों को भी प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता सूची में शामिल करने की मांग की है। प्रधान संघ के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह की अगुवाई में दर्जनों ग्राम प्रधानों ने मुख्यमंत्री संबंधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी ऋषिकांत अहिरवार को सौंप कर टीन शेड में रहने वाले ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास की पात्रता सूची में शामिल करने की मांग की गई। इस मौके पर प्रधान संघ अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, महामंत्री प्रधान संघ प्रतिनिधि आसिफ अली भुड़वारा, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि



रियाजत अली प्रधान पति संसारपुर राम प्रसाद देवल,प्रधान मुनीश वर्मा,काकोरी प्रतिनिधि सुखविंदर सिंह, बाबरपुर प्रधान, सौखया प्रधान, जटपुरा प्रधान कुलदीप कुमार, खंजनपुर प्रधान जनक यादव, पहाड़नगर प्रधान सोमवती, ढाका प्रधान रामकिशन, पहाड़पुर प्रधान राकेश कुमार, सिकंदरपुर प्रधान धनीराम, खजुआ प्रधान मनोज यादव,प्रधान मनीष वर्मा, भैठिया प्रधान सोनी, बाबूपुर प्रधान कंधई लाल, प्रधान नसरीन बानो रोशन नगर, भुड़वारा प्रधान जहीरुनन्निसा, अलीगंज प्रधान, भैठिया प्रधान,संसारपुर प्रधान अनीता देवी, असौवा प्रधान मनोज कुमार,प्रतिनिधि विनोद कुमार भारती, ग्रांट 14 प्रधान आदि समस्त ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

### सहारा निवेशकों के भुगतान पर कुंडली मारकर बैठ गए जनप्रतिनिधि

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।** भारत के उन करोड़ों गरीब लोगों का भुगतान सहारा समूह में फँसा हुआ है जिसका भुगतान कराने के लिए हजारों कार्यकर्ताओं के साथ जमाकर्ता बराबर संघर्ष कर रहे हैं। जिसको लेकर इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए सरकार और विपक्ष दोनों शांत बने हुए हैं। आज केंद्र में भाजपा सरकार है और इससे पहले भी भाजपा सरकार थी।चुनाव से ठीक पहले अमित शाह जी ने एक आश्वासन दिया था कि दो माह में भुगतान कराया जाएगा जिसके बाद जमाकर्ताओं ने ऑनलाइन आवेदन किया और सम्बन्धित तहसीलों में ऑफलाइन आवेदन जमा किए गए जिसमें उन करोड़ों जमाकर्ताओं का हजारों रुपये खर्च हुआ किन्तु अभी तक निराशा ही हांथ लगी है।इस मामले में पक्ष और विपक्ष दोनों शांत बने हुए हैं और गरीब अपना भुगतान पाने के लिए भटक रहे हैं।केंद्र सरकार के साथ वित्त मंत्रालय भी शांति से बैठा हुआ है इसमें करोड़ों रुपये गरीबों का फँसा हुआ है लेकिन भुगतान कराने के लिए कोई रुचि नहीं दिखा रहा है।इस सम्बन्ध में हजारों ज्ञापन सौंपने के बाद भुगतान सहारा निवेशकों का नहीं हो रहा है।जिससे सहारा निवेशको में रोष ब्याप्त है।

# फाइलेरिया मुक्त भारत की संकल्पना विषय पर शिविर का आयोजित

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

युवा कार्यक्रम विभाग भारत सरकार क्षेत्रीय निदेशालय एन एस एस लखनऊ एवं जिला स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में भगवानदीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय लखीमपुर खीरी में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के अन्तर्गत फाइलेरिया मुक्त भारत की संकल्पना विषय पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन व संचालन करते हुए कार्यक्रम अधिकारी




विमलेश ने जिला स्तरीय फाइलेरिया उन्मूलन विषय पर स्वयंसेविकाओं/छात्राओं को जागरूक किया साथ ही स्वयंसेवकों को निर्देशित किया कि वे आस पास के लोगों को भी जागरूक करने का कार्य करे जिससे भारत फ़ाइलेरिया मुक्त हो सके।शिविर में पी सी आई जिला समन्वयक अमित वर्मा ने छात्राओं को दवा सेवन की विधि व सावधानियों के बारे में विस्तृत रूप से बताया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से आकांक्षा शुक्ला माधवी शुक्ला कल्पना अनामिका ने उपस्थित होकर निःशुल्क फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन सभी को कराया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफ़ेसर गीता शुक्ला ने स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों व उनकी टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए इस तरह की जागरूकता कार्यक्रम व इस पर आधारित शिविर अत्यंत प्रभावी होते हैं। महाविद्यालय जनहित में इस तरह के कार्यक्रमों में सहयोग के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहेगा ।उपस्थित शिक्षिकाओं तथा सभी रासेयो की स्वयंसेविकाओं,छात्राओं ने फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन किया।

# निघासन ब्लॉक सभागार में उन्मुखीकरण गोष्ठी आयोजित

> प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र अपात्र श्रेणी में संशोधन में असमंजस को लेकर विधायक से मिला प्रधान संगठन

निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के आगामी चरण को लेकर निघासन ब्लॉक सभागार में उन्मुखीकरण गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में निघासन विधायक शशांक वर्मा ने



इलाके के प्रधान और बीडीसी सदस्यों को योजना के बारे में विस्तार पूर्वक पात्र और अपात्रता की श्रेणी को विंदुवार बताया।

कार्यक्रम में मौजूद बीडीओ जयेश कुमार सिंह ने सभी को संबोधित करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना सर्वे में पात्र लाभार्थी - ग्रामीण परिवारों के सभी आवास विहीन परिवार एवं शून्य, एक या दो कमरों के कच्ची दीवार और कच्ची छत युक्त मकानों में रहने वाले परिवार को शामिल किया जायेगा। पात्र लाभार्थियों के स्वतः अंतर्वेशन के लिए मानकों में आश्रय विहीन परिवार, बेसहारा भीख मांग कर जीवन यापन करने वाले, हाथ से मैला ढोने वाले, आदिम जनजातीय समूह, वैधानिक रूप से मुक्त कराए गए बंधुआ मजदूर को शामिल किया जायेगा।

कार्यक्रम में मौजूद ग्राम प्रधान व प्रधान प्रतिनिधियों ने विधायक शशांक वर्मा को ज्ञापन देते हुए अपनी मांगों को शासन प्रशासन तक पहुंचने के लिए कहा। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि, धर्मेंद्र गुप्ता राहुल यादव, चंद्रहास राज, कुलदीप सिंह केडी, प्रधान गजराज, माजिद अली, मनोज जायसवाल आदि समस्त प्रधान गण व प्रधान प्रतिनिधि मौजूद रहे।


## कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3 जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-1038/ई.ई.-3/जीएल-7/24-25 दिनांक- 04.09.2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा दिनांक 11.09.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन सायंकाल 04:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 11.09.2024 को समय 02:00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ.डी.आर./ सी.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के पदनाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जोन-3 के अन्तर्गत अयोध्यादास प्रथम वार्ड तथा मनकामेश्वर मन्दिर वार्ड के अन्तर्गत 06 स्थानों पर समरसेबिल पम्पों की मरम्मत एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 3100.00 | 200 | 07 दिवस |

**निविदा प्राप्त करने की शर्त-** 1. निविदादाता का सेल टैक्स एवं आयकर तथा जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन होना चाहिए।

अधिशासी अभियन्ता जोन-3
जलकल विभाग,
नगर निगम, लखनऊ

# भाजपा ने मुलायम की छोटी बहू अपर्णा को दी बड़ी जिम्मेदारी, बनाया महिला आयोग का उपाध्यक्ष

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** यूपी में 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव के पहले भाजपा अपनी हर कड़ी को मजबूत करती हुई दिखाई दे रही है। दरअसल प्रदेश में भाजपा ने 4 साल बाद राज्य महिला आयोग का गठन किया। आगरा की बबीता चौहान को महिला आयोग का अध्यक्ष बनाया गया।

मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव को उपाध्यक्ष बनाया गया। गोरखपुर की चारू चौधरी को भी उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है। भाजपा के द्वारा किए गए महिला आयोग के गठन में पिछड़े वर्ग को तरजीह दी गई है। बता दें कि आयोग कि अध्यक्ष और दोनों उपाध्यक्ष के साथ 11 सदस्य ओबीसी से जुड़ी हैं। अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान खुद जाट समाज से आती हैं और उनकी शादी क्षत्रिय समाज में हुई है। उपाध्यक्ष अर्पणा यादव खुद क्षत्रिय समाज से हैं, लेकिन शादी यादव समाज में हुई है। दूसरी उपाध्यक्ष रुचि चौधरी भी जायसवाल समाज से हैं। आयोग की 25 सदस्यों में से 11 सदस्य पिछड़ी जाति से हैं। जबकि वैश्य समाज से 3, ब्राह्मण समाज से 2, क्षत्रिय समाज से 3, अनुसूचित जाति से 2 और कायस्थ समाज से 1 सदस्य है। भाजपा के द्वारा महिला आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति केवल एक साल के लिए की गई है। एक साल बाद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का कार्यकाल बढ़ जाता है। हालांकि, सदस्यों में कुछ नए लोग शामिल कर लिए जाते हैं।

# गुणवत्तापूर्ण अच्छी शिक्षा का होना चाहिए विस्तार : डॉ. दिनेश शर्मा

▸ शिक्षकों ने निकाला चरित्र निर्माण मार्च

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में सिटी मोन्टेसरी स्कूल द्वारा 'शिक्षक दिवस समारोह' का शानदार आयोजन आज सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस ऑडिटोरियम में किया गया। इस अवसर पर सी.एम.एस. शिक्षकों को उनकी अतुलनीय सेवाओं के लिए नगद पुरस्कारों व आकर्षक उपहारों से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डा. दिनेश शर्मा, संसद सदस्य, राज्यसभा एवं पूर्व उप-मुख्यमंत्री, उ.प्र. द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पूर्व राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ।

डा. शर्मा ने कहा कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का विस्तार होना चाहिए और इसमें शिक्षकों की भूमिका अहम है। सामाजिक विकास में शिक्षकों की भूमिका सदैव प्रासंगिक रहेगी। इस अवसर पर सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने गणमान्य अतिथियों व शिक्षकों का हार्दिक स्वागत-अभिनन्दन करते हुए कहा कि सी.एम.एस. के सभी शिक्षक व अन्य कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं जो बच्चों को पढ़ाई के साथ ही उनका चरित्र निर्माण कर भविष्य निर्माण भी कर रहे हैं। यह समारोह सी.एम.एस. संस्थापक स्व. डा. जगदीश गाँधी जी की प्रेरणा से ही आयोजित किया जा रहा है। आई.एस.सी. सेक्शन में सी.एम.एस. महानगर कैम्पस की बायो-टेक्नोलॉजी की शिक्षिका सुश्री मनीषा मेहरोत्रा एवं आई.सी.एस.ई सेक्शन में सी.एम.एस. गोमतीन नगर प्रथम कैम्पस की इंग्लिश विषय की शिक्षिका सुश्री काकुल कुमार को वर्ष 2023-24 का सर्वश्रेष्ठ शिक्षक घोषित किया गया। इन दोनों शिक्षिकाओं की माताजी को फलों व फूलों से तौलकर जबकि पिताजी को शाल ओढ़ाकर सार्वजनिक तौर पर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, सी.एम.एस. के विभिन्न कैम्पस की प्रधानाचार्याओं व शिक्षकों को भी नगद धनराशि व आकर्षक उपहारों से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कुल मिलाकर सी.एम.एस. के सभी शिक्षकों व कार्यकर्ताओं को नगद पुरस्कार व अन्य उपहारों से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

### शिक्षक ही समाज के भाग्यविधाता

डा. जगदीश गाँधी का मानना था कि शिक्षक ही समाज के भाग्यविधाता हैं। प्रो. किंगडन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि समस्त सी.एम.एस. परिवार व लखनऊवासियों के लिए गर्व का विषय है कि सी.एम.एस. प्रधान कार्यालय के सामने की सड़क 'स्टेशन रोड' को अब डा. जगदीश गाँधी मार्ग' से जाना जायेगा, जिसके लिए हम प्रदेश सरकार के आभारी हैं। सी.एम.एस. के क्वालिटी अश्योरेन्स एवं इनोवेशन डिपार्टमेन्ट की हेड सुश्री सुस्मिता घोष ने भी शिक्षकों का स्वागत करते हुए सी.एम.एस. शिक्षकों की वर्ष भर की उपलब्धियों पर चर्चा की। 'शिक्षक दिवस समारोह' में वर्ष 2023–2024 हेतु सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के साथ ही उनकी माताजी व पिताजी को सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया गया।

## खबरें एक नजर में

### जैन समाज का दसलक्षण पर्व आठ से, तैयारियां तेज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में दिगम्बर जैन समाज के दस दिवसीय दसलक्षण पर्व 8 सितंबर से प्रारंभ हो रहे हैं। जैन मंदिरों मे पर्वाधिराज के स्वागत की तैयारी बहुत जोर शोर से चल रहीं हैं। आज प्रातः इंदिरा नगर स्थित 1008 भगवान महावीर जैन मंदिर मे विराजमान सभी मूर्तियों का मंजन (साफ–सफाई का कार्य) बड़े ही जोश के साथ किया गया। सभी भक्तों ने भजनों को गाते हुए मूर्तियों की साफ सफाई मे लगे हुए थे। छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा भी इस कार्य मे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया गया। जैन मंदिर मे विराजमान मूल नायक महावीर स्वामी की मूर्ति की सफाई के उपरांत ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो भगवान स्वयं धरती पर उतर का विराजमान है और समोशरण मे सभी भक्त बैठ कर देशना सुन रहे हैं। जैन समाज के मंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि दस दिनों तक चलने वाले इस पर्व मे जैन समाज के सभी लोग कुछ न कुछ त्याग अवश्य करते हैं। जीवन को संस्कारवान बनाने के लिए ये 10 दिन व्यक्ति के जीवन मे अत्यंत लाभकारी होते हैं। सभी जैन इन दिनों मे नियम संयम का पालन करते हैं। श्री जैन ने यह भी बताया की जहां एक ओर व्यक्ति अपने शरीर को डिटॉक्सिस कराने के लिए हजारों लाखों खर्च करते हैं।

### शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने घेरा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का आवास

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** हाईकोर्ट डबल बेंच के आदेश के बाद से 69 हजार शिक्षक भर्ती के अंतर्गत नियुक्ति की मांग को लेकर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी आंदोलनरत हैं। अभ्यर्थी एक के बाद एक मंत्री, नेता के आवासों का घेराव कर रहे हैं। आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के आवास का घेराव कर अपनी मांग उठाई। बड़ी संख्या में पहुंचे अभ्यर्थी नारेबाजी करते हुए हाईकोर्ट डबल बेंच के फैसले का पालन व नियुक्ति की मांग की। आंदोलन कर रहे अमरेंद्र पटेल ने कहा कि हम ओबीसी और एससी वर्ग के नेताओं और मंत्रियों के आवास का घेराव इसलिए कर रहे हैं कि वे मुख्यमंत्री से मुलाकात कर मामले का जल्द समाधान करायें। अभ्यर्थी पिछले चार साल से सड़कों पर भटक रहे हैं। अब कोर्ट का फैसला आया है तो पालन किया जाना चाहिए। 2018 में भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई थी। जब इसका परिणाम आया तो इसमें व्यापक स्तर पर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के साथ अन्याय किया गया और उन्हें नौकरी देने से वंचित कर दिया गया। एक लंबे आंदोलन और न्यायिक प्रक्रिया से गुजरने के बाद बीते 13 अगस्त को लखनऊ हाईकोर्ट के डबल बेंच ने हम आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के हित में फैसला सुनाया है और नियमों का पालन करते हुए अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिए जाने का आदेश दिया है।

### जूपी कौशल-आधारित ऑनलाईन गेम्स में अग्रणी



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारत 1 ट्रिलियन डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था बनने के पथ पर अग्रसर है, इस बीच ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर अर्थव्यवस्था के विकास को गति प्रदान करने वाले मुख्य कारक के रूप में उभरा है। एक अनुमान के अनुसार 3.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर और 442 मिलियन गेमर्स के साथ यह चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गेमिंग मार्केट है। बिक्री को बढ़ावा देने वाले कई कारकों जैसे बेहतर डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर, इंटरनेट की बढ़ती पहुंच, किफ़ायती होते स्मार्टफोन आदि के चलते पिछले दशक के दौरान गेमिंग उद्योग तेज़ी से विकसित हुआ है, यहां तक कि महानगरों और टियर 1 शहरों के दायरे से बाहर भी गेमिंग की लोकप्रियता तेज़ी से बढ़ी है। जूपी कौशल –आधारित ऑनलाईन गेम्स में अग्रणी है, जो सबसे बड़े कौशल आधारित ऑनलाईन लूडो प्लेटफॉर्म के रूप में उभरा है। जूपी का मानना है कि भारत के लिए आर्थिक विकास के साथ-साथ अपने सांस्कृतिक गौरव को भी बरकरार रखना मायने रखता है, और इसी के मद्देनज़र जूपी भारतीय गेम्स को आधुनिक नवीनीकरण के साथ बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। भारत के पुराने बोर्ड गेम्स के प्रति लोगों के झुकाव को देखते हुए जूपी ने अपने आप को न सिर्फ कैटेगरी क्रिएटर बल्कि मार्केट लीडर के रूप में भी स्थापित कर लिया है।

### नवीनतम मॉडल टेक्नो स्पार्क गो 1 लॉन्च




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारत के स्टाइलिश स्मार्टफोन ब्रांड, टेक्नो ने बेहद किफायती कीमत पर अपना नवीनतम मॉडल टेक्नो स्पार्क गो 1 लॉन्च किया है, जिसकी कीमत मात्र 7,299 रुपए है। यह एक बेहतरीन अपग्रेड है, जिसमें ग्राहकों को ज्यादा पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। फिलहाल ऑनलाइन उपलब्ध स्पार्क गो 1, 6 सितंबर से रिटेल स्टोर्स में खरीदी के लिए उपलब्ध होगा। स्पार्क गो 1 अल्ट्रा-स्मूद स्क्रॉलिंग के लिए सेगमेंट-फर्स्ट 120 हट्ज़ रिफ्रेश रेट, लाइटनिंग-फास्ट मल्टीटास्किंग के लिए 8 जीबी* रैम और क्रिस्टल-क्लियर ऑडियो के लिए डीटीएस के साथ डुअल स्टीरियो स्पीकर जैसी सुविधाओं के साथ आता है। स्पार्क गो 1 को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि यह आपको हर काम में हमेशा सबसे आगे रखेगा, चाहे फिर आप कुछ भी कर रहे हों। स्पार्क सीरीज़ की विरासत को जारी रखते हुए, स्पार्क गो 1, 4 साल से भी अधिक समय तक बिना किसी रुकावट के बेहतरीन परफॉर्मेंस जारी रखने का वादा करता है, जो इसे सुलभ टेक्नोलॉजी और ड्यूरेबिलिटी का एक बेहतरीन मिश्रण बनाता है।

### आईटीआई प्रवेश का परिणाम घोषित, आज से होंगे प्रवेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद एससीवीटी, लखनऊ द्वारा प्रदेश के राजकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों आईटीआई में सत्र 2024-25 एक वर्षीय और सत्र 2024-26 दो वर्षीय के तृतीय चरण व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के द्वितीय चरण के आवंटन के बाद उच्चीकरण का प्रवेश परिणाम घोषित कर दिया गया है। विशेष सचिव व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग अभिषेक सिंह ने बताया कि तृतीय चरण के प्रवेश की तिथि 5 सितंबर से 9 सितंबर तक अवकाश सहित निर्धारित है। प्रवेशित अभ्यर्थी बुलावा पत्र में दिए गए विवरण के अनुसार राजकीय या निजी संस्थान में प्रवेश की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। प्रवेशित अभ्यर्थियों को अपने बुलावा पत्र की प्रति, सभी मूल प्रमाण-पत्रों, अंक पत्रों की प्रमाणित प्रतियों और दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ संबंधित संस्थान के प्रधानाचार्य से अंतिम निर्धारित तिथि तक संपर्क करके प्रवेश की पुष्टि करनी होगी।अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए अपने नजदीकी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से संपर्क कर सकते हैं। तकनीकी सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 0522-4150500 और 91 7897992063 पर भी संपर्क किया जा सकता है। अभ्यर्थी अपने चयन परिणाम की जानकारी के लिए वेबसाइट पर देख सकते हैं।

### पिछड़ा वर्ग आयोग में उपाध्यक्ष व सदस्यों ने ग्रहण किया कार्यभार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग में बुधवार को सोहन लाल श्रीमाली ने उपाध्यक्ष के रूप में, जबकि सत्येन्द्र कुमार बारी, फूलबदल कुशवाहा, अशोक सिंह और रमेश कश्यप ने सदस्य के रूप में अपने पद का कार्यभार ग्रहण किया। इन नए पदाधिकारियों का मुख्य उद्देश्य राज्य में पिछड़ी जातियों के सम्मिलन को बढ़ावा देना और उनके अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसके पूर्व मंगलवार को आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और अन्य सदस्य सहित 13 पदाधिकारियों ने भी अपने पद का कार्यभार संभाला था।

### दुष्कर्म की घटना को लेकर आखिर भाजपा चुप क्यों : प्रमोद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने दिल्ली में मासूम के साथ दुष्कर्म की शर्मनाक वारदात की घटना को लेकर केन्द्र की भाजपा सरकार को घेरे में लिया है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के कोलकाता में दुष्कर्म की घटना पर रोज सवाल खड़ा कर रही भाजपा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दुष्कर्म की घटना को लेकर आखिर चुप क्यों है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की सुरक्षा केंद्रीय गृह मंत्रालय के हवाले है।

### मुख्यमंत्री ने नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए कहा

# देश के विकास का ग्रोथ इंजन बना यूपी

▸ नवचयनित 1,334 अवर अभियन्ता, संगणक व फोरमैन को नियुक्ति पत्र वितरण

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मिशन रोजगार के अभियान को आगे बढ़ाते हुए, प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के लक्ष्य के लिए तेजी के साथ आगे बढ़ रही है। यह लक्ष्य अत्यन्त निकट दिखाई दे रहा है। प्रदेश में विगत साढ़े 07 वर्षों में साढ़े 06 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की गई है। इन युवाओं ने अपनी ऊर्जा तथा प्रतिभा का लाभ प्रदेश को प्रदान किया है। प्रदेश विकास के पथ पर तेजी के साथ अग्रसर होता हुआ दिखाई दे रहा है। प्रदेश देश के विकास का ग्रोथ इंजन बन चुका है। साढ़े 07 वर्ष पूर्व प्रदेश, देश की सातवीं बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में जाना जाता था। आज यह नम्बर दो की अर्थव्यवस्था बन चुका है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को लोक भवन में विभिन्न विभागों के नवचयनित 1,334 अवर अभियन्ता, संगणक एवं फोरमैन आदि को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 18 नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये। यह पद लोक निर्माण, सिंचाई एवं जल संसाधन, ऊर्जा, आवास एवं शहरी नियोजन, नगर विकास, नमामि गंगे, कृषि, पंचायती राज आदि विभागों से सम्बन्धित हैं।

मुख्यमंत्री ने नव चयनित अभ्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने नियुक्ति प्रक्रिया को समयबद्ध, निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से पूर्ण कर प्रदेश की युवा ऊर्जा के प्रतीक प्रतिभाशाली युवाओं को प्रदेश शासन के विभिन्न विभागों का हिस्सा बनाया है। उन्होंने कहा कि उनकी इच्छा सभी अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करने की थी, लेकिन समयाभाव के कारण यह सम्भव नहीं हो सका। आज जिन अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए हैं, उनमें प्रदेश के विभिन्न जिलों का प्रतिनिधित्व करने वाले अभ्यर्थी सम्मिलित हैं। यह नियुक्ति पत्र बिना किसी भेदभाव के तथा आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए प्रदान किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जितनी निष्ठा व ईमानदारी के साथ नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है यदि उतनी ही निष्ठा व ईमानदारी के साथ प्रत्येक कार्मिक कार्य करेगा, तो अगले तीन-चार वर्षों में प्रदेश, देश की नम्बर एक अर्थव्यवस्था होगा। जिसके परिणामस्वरूप हर हाथ को काम तथा हर चेहरे पर खुशहाली होगी। प्रत्येक बेटी सुरक्षित होगी।

### जनता से जुड़े कार्यों को करने में कभी ने बरतें कोताही

मुख्यमंत्री ने नव चयनित अभ्यर्थियों से कहा कि आप सभी को जनता से जुड़े कार्यों को करने में कभी कोताही नहीं बरतनी चाहिए। आप सभी ने अपनी क्षमता तथा योग्यता से यह सफलता प्राप्त की है। यदि कोई व्यक्ति युवाओं की क्षमता तथा योग्यता के सामने बैरियर बनने का काम करेगा, तो प्रदेश सरकार उस बैरियर को तोड़ने का कार्य करेगी। भ्रष्टाचारियों तथा बेईमानों की सम्पत्तियों को कुर्क कर गरीबों में वितरित करने का कार्य किया जाएगा। आपको सदैव ईज आफ डूइंग बिजनेस तथा ईज ऑफ़ लिविंग के लक्ष्य के साथ कार्य करना चाहिए। वर्ष 2017 से पूर्व प्रदेश व्यवसाय की सुगमता में 14वें नम्बर पर था। आज प्रदेश अचीवर्स स्टेट के रूप में स्थापित हो चुका है।

# कार्यकर्ता गली, गांव व मोहल्ले में जन-जन तक पहुंचकर बढ़ाएंगे सदस्यता

▸ ऊर्जा मंत्री ने किया भाजपा के सदस्यता अभियान का शुभारंभ

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्ज मंत्री एके शर्मा ने बीजेपी के पूर्व ब्रज क्षेत्र कार्यालय, आगरा में भाजपा के सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर मंत्री श्री शर्मा ने कार्यकर्ताओं और आमजन को शुभकामनायें देते हुए कहा कि सदस्यता अभियान के दौरान आगरा में आठ लाख कार्यकर्ता बनाने का लक्ष्य है। पार्टी प्राथमिक सदस्यों के साथ सक्रिय सदस्य भी बनाएगी।

पार्टी द्वारा 8800002024 नंबर जारी किया गया है, जिस पर मिस्ड कॉल करके प्रक्रिया पूरी कर डिजिटल सदस्य बनाए जाएंगे। श्री शर्मा ने बताया कि 02 सितम्बर को बीजेपी के सदस्यता अभियान की शुरूआत प्रधानमंत्री ने की। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रधानमंत्री को सदस्यता दिलाई। 03 सितम्बर को मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के हाथों सदस्यता ग्रहण की। भारतीय जनता पार्टी के जो सदस्य थे, उन सभी ने भी सदस्यता का नवीनीकरण किया है। वर्तमान में जिसकी भी सदस्यता है, उनको भी दोबारा नए सिरे से सदस्यता लेनी है। सभी ने इसकी शुरुआत कर दी है। अब आगरा जिले में इसकी विशेष रूप से शुरुआत की जा रही है। श्री शर्मा ने मीडिया साथियों से अनुरोध किया कि भारतीय जनता पार्टी के सादस्यता अभियान के संदेश को जन जन तक पहुंचाने और सभी कार्यकर्ताओं में जोश भरने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें। सदस्यता अभियान का आयोजन तीन चरणों में किया गया है जिसमें पहले चरण की सदस्यता 02 सितंबर से 25 सितंबर तक और दूसरे चरण की सदस्यता 01 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक चलाई जाएगी। जबकि तीसरे चरण में सक्रिय सदस्यता का अभियान 16 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 31 अक्टूबर तक चलेगी। प्रत्येक बूथ पर न्यूनतम 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। एक मोबाइल नंबर से मात्र एक ही सदस्य बना जा सकता है।

# अभी नहीं लागू होगा व्यापारियों पर लाइसेंस शुल्क

▸ महापौर से मिले व्यापारी लाइसेंस शुल्क का निर्णय वापस लेने की मांग

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल नगर निगम द्वारा ज्वेलरी, जूते ,रेडीमेड गारमेंट्स, जिम, ब्यूटी पार्लर सहित अनेक व्यापार पर लाइसेंस शुल्क प्रस्तावित किए जाने के मुद्दे पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के तत्वावधान में प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में प्रातः 9 बजे महापौर सुषमा खरकवाल से उनके आवास पर मिला।

व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने महापौर श्रीमती खरकवाल से राजधानी के विभिन्न ट्रेड के व्यापारियों पर लाइसेंस शुल्क लागू किए जाने के निर्णय को वापस लेने की मांग की तथा ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर नगर निगम के उपनेता सुशील तिवारी पम्मी विशेष रूप से मौजूद रहे। संजय गुप्ता ने महापौर से कहा लाइसेंस शुल्क व्यवस्था लागू करने से व्यापारियों को उत्पीड़न होगा तथा इंस्पेक्टर राज एवं लाइसेंस प्रथा की वापसी होगी। जीएसटी लागू करते समय सभी प्रकार के लाईसेंस एवं अन्य टैक्स को खत्म करने की बात कही गई थी, ऐसे में यह व्यवस्था जीएसटी की अवधारणा के विपरीत होगी। महापौर ने व्यापारियों की बात को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया की लाइसेंस शुल्क व्यवस्था तुरंत नहीं लागू की जाएगी।

इसके पहले नगर निगम के अधिकारियों, लखनऊ के प्रमुख व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों एवं पार्षदों की एक कमेटी बनेगी। कमेटी की रिपोर्ट के बाद आवश्यक होगा तो कार्यकारिणी में प्रस्ताव लाया जाएगा अन्यथा कोई प्रस्ताव नहीं लाया जाएगा। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के साथ नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम, लखनऊ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं भूतनाथ सराफा के प्रभारी अमिताभ श्रीवास्तव, मुंशी पुलिया के अध्यक्ष दीपक चौहान, भूतनाथ मार्केट के अध्यक्ष कमल अग्रवाल, पैथोलॉजी एसोसिएशन उपाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, मानवेंद्र सिंह, राजन अवस्था, अजय वर्मा, ललतेश मिश्रा मौजूद थे।

### राजनाथ सिंह से मिले व्यापार मंडल के अध्यक्ष

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने देश के रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह से मुलाकात की। इस बैठक के दौरान बंसल ने व्यापारियों के मुद्दों को लेकर चर्चा की और एक व्यापारिक पत्रिका भी भेंट की। राजनाथ सिंह ने बंसल की बातों को गंभीरता से लेते हुए महानगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी को निर्देशित किया कि वे व्यापारियों के साथ एक बैठक का आयोजन करें। इस मुलाकात में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्षा अनीता जायसवाल भी उपस्थित थीं। संदीप बंसल ने लखनऊ की महापौर सुषमा खड़कवाल से भी मुलाकात की।

# सिंचाई विभाग की रीढ़ हैं अवर अभियंता : स्वतंत्र देव सिंह

▸ जलशक्ति मंत्री ने बांटे अवर अभियंताओं को नियुक्ति पत्र

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में तेलीबाग स्थित परिकल्प भवन में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से चयनित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अवर अभियंताओं को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया।

अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के लिए 232 अवर अभियंताओं में कुछ नवनियुक्त अवर अभियंताओं को मुख्यमंत्री ने आज लोक भवन में कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र प्रदान किया। शेष नवनियुक्त अभियंताओं को तेलीबाग स्थित परिकल्प भवन सभागर में आयोजित कार्यक्रम में जलशक्ति मंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। उन्होंने सिंचाई एवं जलशक्ति विभाग में नियुक्ति प्राप्त करने के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जलशक्ति मंत्री ने कहा कि अवर अभियंता सिंचाई विभाग की रीढ़ होता है इन्हें विभिन्न परिस्थितियों में अपने दायित्वों का निवर्हन करना होता है।

### मेयर ने झूलेलाल वाटिका गणेश महोत्सव की तैयारियों का जायजा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** श्री गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से इस वर्ष 7 से 17 सितम्बर तक झूलेलाल वाटिका मे होने वाले श्री गणेश महोत्सव की तैयारियों का निरीक्षण करने राजधानी की महापौर सुषमा खर्कवाल आज कार्यक्रम स्थल पहुंची। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों को समस्याओं को दूर करने का शीघ्र निर्देश दिया। मेयर ने कार्यक्रम स्थल पर कूड़े के ढेर, गंदगी को सफाई करने निर्देश दिया। कार्यक्रम के दौरान टॉयलेट की व्यवस्था करने आसपास की खराब सड़कों को तुरंत ठीक करने व सड़कों पर खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटलाइटों को तुरंत ठीक करने का संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि समय से पहले समस्याएं दूर हो जानी चाहिए। इस मौके पर संरक्षक भारत भूषण गुप्ता, अध्यक्ष घनश्यामदास अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पार्षद रंजीत सिंह, महामंत्री सतीश अग्रवाल, संजय सिंह गाधीं, अखिलेश बंसल, गोपाल अग्रवाल, विनोद अग्रवाल मौजूद रहे। सभी ने मेयर जी से गणेशोत्सव मे आने का आग्रह भी किया।

### उत्तर प्रदेश के लिए अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का नया द्वार बन रहा है वर्ल्ड फूड इस्तांबुल : दिनेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** तुर्की के इस्तांबुल में आयोजित चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय खाद्य प्रदर्शनी वर्ल्ड फूड इस्तांबुल के दूसरे दिन उत्तर प्रदेश के कृषि एवं औद्यानिक फसलों और उत्पादों ने वैश्विक व्यापार जगत का विशेष ध्यान आकर्षित किया। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने तुर्की समेत विभिन्न देशों के उद्यमियों और प्रतिनिधियों के साथ वार्ता की। उत्तर प्रदेश के कृषि और औद्यानिक उत्पादों की वैश्विक बाजार में बढ़ती मांग और उनकी उन्नत उत्पादन तकनीकों पर चर्चा की। उन्होंने तुर्की में व्यापारिक समुदायों को उत्तर प्रदेश में निवेश और व्यापार के अवसरों से अवगत कराया, जिससे कृषि और खाद्य उत्पादों के व्यापार को नई गति मिल सके। प्रदर्शनी में तुर्की सहित 38 से अधिक देशों के 1000 से अधिक प्रदर्शकों ने हिस्सा लिया, जहां डेयरी, मांस, जैविक खाद्य पदार्थ और पेय पदार्थ जैसे उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश के उत्पादों ने अपनी गुणवत्ता और विविधता के कारण विशेष आकर्षण पैदा किया, जिससे उत्तर प्रदेश से कृषि एवं औद्यानिक फसलों और उत्पादों के निर्यात की संभावना प्रबल होगी।

### राजधानी में सीडीएस और तीनों सेनाध्यक्षों की बैठक

**लखनऊ।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सीडीएस अनिल चौहान व तीनों सेना प्रमुखों की बैठक हुई है। मध्य कमान मुख्यालय में सुबह 9.15 बजे शुरू हुई यह बैठक 12 बजे तक चली। इसका शुभारंभ सीडीएस अनिल चौहान ने किया। गुरुवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी इस बैठक को संबोधित करेंगे। बता दें कि इस बैठक में आपसी समन्वय, सुरक्षा, हथियार खरीद और वित्तीय योजनाओं के साथ नॉर्थ ईस्ट में जारी गतिविधियों के बारे बातचीत होगी इसके साथ ही पड़ोसी देश बांग्लादेश के बदले हालात सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा होनी है। इसके अलावा पूरी दुनिया इन दिनों भू-राजनीतिक, भू-आर्थिक और तकनीकी संक्रमण के दौर से गुजर रही है। भारत में इसका कितना असर पड़ सकता है? इस पर चर्चा होगी।

**राहत** | केजीएमयू के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. विजय कुमार ने बताया

# सुविधा : केजीएमयू में जल्द चालू होगी इलेक्ट्रोकेमोथेरेपी मशीन

▸ ऑन्कोलॉजी विभाग में मशीनें स्थापित

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग में एचआईपीईसी और इलेक्ट्रोकेमोथेरेपी मशीनें विभाग में स्थापित कर दी गई हैं जो जल्द ही चालू हो जायेगी। इससे कैंसर के मरीजों को राहत मिलेगी।

ऑन्कोलॉजी विभाग में यह मशीनें सीएसआर फंड से खरीदी गई हैं। यह जानकारी केजीएमयू के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. विजय कुमार ने दी। सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग का 26वां स्थापना दिवस 4 सितंबर बुधवार को मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने दीज जलाकर किया।

इस विशेष अवसर पर भारत के प्रख्यात कैंसर सर्जन और ऑन्कोलॉजिस्ट प्रो. अनिल डीक्रूज़, जो वर्तमान में अपोलो अस्पताल, मुंबई में ऑन्कोलॉजी के निदेशक हैं, और प्रोफेसर रामकृष्णन, जो चेन्नई के कैंसर संस्थान में जीआई ऑन्कोलॉजी के प्रोफेसर हैं, को आमंत्रित किया गया। प्रो. अनिल डीक्रूज़ ने ÷ गर्दन और मुख कैंसर के प्रबंधन÷ पर एन.सी. मिश्रा व्याख्यान प्रस्तुत किया, जबकि प्रो. रामकृष्णन ने बड़ी आँत के कैंसर का मल्टीमोडैलिटी ट्रीटमेंट के विकास पर व्याख्यान दिया प्रो. अनिल डिक्रूज ने प्रो. एन.सी. मिश्रा व्याख्यान में बोलते हुए बताया कि आरंभिक मुंह के कैंसर में भी गर्दन विच्छेदन की भूमिका है। मुंह के कैंसर की पूरी सर्जरी होनी चाहिए। इससे रोगी की बेहतर जीवन रक्षा होती है। उन्होंने बेहतर रोगी देखभाल के लिए अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करने के लिए युवा डॉक्टरों की सराहना की। प्रोफेसर रामकृष्णन ने कहा कि मलाशय के कैंसर के उपचार का ट्यूमर बोर्ड में निर्णय लेना चाहिए। बहु-विषयक प्रबंधन से बेहतर रोगी परिणाम प्राप्त होते हैं।

कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने विभाग के अच्छे काम की सराहना की। उन्होंने बहु संस्थागत सहयोगात्मक अनुसंधान की आवश्यकता पर जोर दिया। कुलपति ने विभाग की सभी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि प्रो. संजीव मिश्रा ने विभाग के साथ अपने पुराने जुड़ाव को याद किया और विश्वविद्यालय प्रशासन से कैंसर रोगियों के बेहतर इलाज की सुविधा के लिए बेहतर उपकरण और रोबोट उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। विभागाध्यक्ष प्रो. विजय कुमार ने विभाग की वार्षिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पिछले वर्ष 33,204 मरीजों को ओपीडी में देखा गया और 1,530 मरीजों के कैंसर का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि विभाग ने अमेरिका और इंग्लैंड के प्रसिद्ध कैंसर संस्थानों के साथ साझा अनुसंधान में महत्वपूर्ण प्रगति की है। इस अवसर पर के.जी.एम.यू. के विभिन्न विभागाधक्ष, संकाय सदस्य, छात्र-छात्राएं, कर्मचारी एवं विभाग के पूर्व छात्र सम्मिलित हुए।

# बाइक चोरी करने वाले गिरोह के तीन चोर गिरफ्तार

- 15 बाइकें बरामद
- सराहनीय कार्य करने वाली टीम पुरस्कृत

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।



नगर पुलिस ने मोटर साइकिल गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन शातिर चोर को गिरफ्तार कर के इन के पास से 15 चोरी की बाइक बरामद किया है। नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाठक के बताया कि बाइक चोरी गिरोह को पकड़ने के लिए कोतवाली नगर पुलिस के उपनिरीक्षक अंगद सिंह, प्रतीक पांडेय, केदार राम एसओजी सर्विलांस टीम के प्रभारी शादाब आलम को लगाया गया था। मोटर साइकिल चोर गिरोह को पकड़ने के लिए कई दिनों से जाल बिछाया गया था। मोटरसाइकिल गिरोह के शातिर चोर को ट्रेंड्स माल गायत्री पुरम जाने वाले मार्ग के किनारे लगे झाड़ियों के पास से कौशल किशोर उर्फ सचिन चौहान, सूरज सिंह, शुभम सिंह को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के पूछ ताछ के दौरान तीनो अभियुक्तों ने बताया की शहर और कस्बो से मोटर साइकिल चोरी किया करते थे। जिन को बाद में बेच दिया करते थे। अलीम पुत्र सिरताज अमहद निवासी 57 दलाल टोला थाना कटराबाजार ने बाइक चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस की छानबीन में कौशल किशोर उर्फ सचिन चौहान पुत्र राम गरीब द्धद्ध निवासी कटरा कस्बा थाना वजीरगंज सूरज सिंह पुत्र अरविन्द सिंह निवासी शीतल सिंह पुरवा मौजा कोयली जंगल थाना कोतवाली देहात शुभम सिंह पुत्र अरविन्द सिंह निवासी शीतल सिंह पुरवा कोयली जंगल थाना कोतवाली देहात के कब्जे से 15 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर लिया। तीनो अभियुक्त के खिलाफ में पहले से ही चोरी सहित अन्य मुकदमे दर्ज है।

सराहनीय कार्य करने वाली टीम को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा रु0 10000 /- के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है।

# विकासखंड स्तरीय किसान मेला व कृषि प्रदर्शनी सम्पन्न

मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।

कृषि विज्ञान केंद्र महेवानानकार मनकापुर गोंडा में किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी आयोजित की गई। किसान मेला का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जगदेव चौधरी ब्लॉक प्रमुख मनकापुर द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अतुल कुमार सिंह एवं प्रवीन कुमार सिंह प्रगतिशील कृषक मौजूद रहे । उप कृषि निदेशक प्रेम कुमार ठाकुर ने जनपद गोंडा में कृषि विभाग की संचालित योजनाओं कृषि यंत्रीकरण, सोलर पम्प, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आदि की जानकारी दी । डॉ. एस के वर्मा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष कृषि विज्ञान केंद्र ने कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा कराए जा रहे कार्यों कृषक प्रक्षेत्र पर प्रदर्शन, प्रशिक्षण आदि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसान भाई वैज्ञानिक खेती अपनाकर अच्छा लाभ कमा सकते हैं। उन्होंने बताया कि नेट हाउस, पाली हाउस में सब्जी का उत्पादन कई गुना प्राप्त



किया जा सकता है। प्रवीन कुमार सिंह ने बताया कि गन्ना के साथ आलू की सह फसली खेती से ज्यादा मुनाफा कमाया जा सकता है। डॉ. रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान ने तोरिया एवं सरसों की वैज्ञानिक खेती, धान में समसामयिक कार्य, दलहनी तिलहनी फसलों में गंधक का प्रयोग, मोटे अनाज की खेती, प्राकृतिक खेती आदि की जानकारी दी। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की उपमा बहन ने व्यक्तित्व विकास हेतु उत्तम स्वास्थ्य एवं शांति का संदेश दिया। डॉ. प्रमोद कुमार जिला कृषि अधिकारी ने जनपद में कृषि निवेशों की उपलब्धता, किसान क्रेडिट कार्ड आदि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड द्वारा कम ब्याज पर किसानों को खेती में कार्य करने हेतु धन उपलब्ध कराया जाता है। डॉ. डीके श्रीवास्तव वरिष्ठ वैज्ञानिक पशुपालन, डॉ. अजीत सिंह वत्स वरिष्ठ वैज्ञानिक फसल सुरक्षा, डॉ. मनोज कुमार सिंह वरिष्ठ उद्यान वैज्ञानिक, डॉ. हनुमान प्रसाद पांडेय मृदा वैज्ञानिक, डॉ. ज्ञानदीप गुप्ता मत्स्य वैज्ञानिक, डॉ दिनेश कुमार पांडेय आदि ने किसान गोष्ठी में खेती से सम्बंधित जानकारी दी। वीआर समग्र जलवायु फल एवं औषधि शोध संस्थान रायपुर वजीरगंज के शिवकुमार मौर्य ने कृषि प्रदर्शनी में स्टाल लगाकर सहजन तुलसी एलोवेरा आदि औषधीय फसलों की खेती एवं उत्पादों की जानकारी दी। इस अवसर पर रवि प्रताप सिंह सहायक विकास अधिकारी फसल सुरक्षा, अनुज कुमार वर्मा पूर्व प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार, राजेश जायसवाल बीटीएम, कमलेंद्र सिंह एटीएम, आशीष शुक्ला एटीएम, मनोज कुमार पांडेय आदि ने किसान मेला के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

## खबरें एक नजर में

### एटीएम में पैसा डालने आये गार्ड की बंदूक से चली गोली, दो युवक घायल

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। नगर कोतवाली क्षेत्र में फैजाबाद रॉड स्थित मोहल्ला अहिरान निकट दूध नाथ मंदिर के पास मंगलवार की देर रात्रि करीब आठ बजे एस बी आई के ए टी एम मशीन में पैसा डालने आये क्यूनिसट कम्पनी के वैन के गार्ड से अचानक गोली चल गई। गोली चलने से उस का छर्रा 20 वर्षिय इशाइल और एक फैसल नामक युवक को छर्रा लग गया जिस से घायल हो गए। गोली की आवाज से हड़कम्प मच गया। तमाम लोगो की भीड़ लग गई। मौके पर पांडेय बाजार पुलिस चौकी के प्रभारी भी पहुँच गये। गार्ड को हिरासत में ले लिया। फैसल ने बताया कि वह एक पान की दुकान के पास खड़ा था। एस बी आई के ए टी एम में पैसा डालने के लिए एक वैन आई। उस मे से एक गार्ड बाहर निकला जो बंदूक लिये हुआ था। गार्ड नशे में था। अचानक उस के बंदूक से गोली चल गई। छर्रा उस के सर के बाल को छूते हुए निकल गया। हल्का सा खरोच आया। जिस से वह डर गया। पुलिस ने बताया कि गार्ड को हिरासत में ले लिया है। उस के साथ के कर्मचारियों से भी पूछताछ किया गया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाठक ने बताया कि आरोपी राजीव कुमार पांडेय सेमरी परस पुर का निवासी है। गोल्डन सिक्योरिटी कम्पनी में गार्ड है। गिरफ्तार कर के जेल भेजा है।

### अध्यापक को ट्रक ने कुचला, मौत

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। नगर कोतवाली क्षेत्र के अयोध्या मार्ग स्थित सर्कुलर रॉड निकट एल आई सी कार्यालय के पास मंगलवार की देर रात्रि करीब 10 बजे के आस पास एक बाइक सवार अध्यापक को विपरीत दिशा से आ रही ट्रक ने कुचल दिया जिस से उस की मौके पर ही मौत हो गई। नगर कोतवाली क्षेत्र के केशव पुर पहाड़वा गांव के निवासी 42 वर्षीय सुधीर कुमार सिंह पुत्र दिलीप कुमार सिंह बाइक से घर को सामान खरीदने के लिए बाजार गया था। विपरीत दिशा से आ रही ट्रक ने कुचल दिया जिसे घायल अवस्था मे वही पड़ा हुआ था। आस पास के लोगो ने घटना की जानकारी पुलिस को दिया। हेड कांस्टेबल राज कुमार यादव पहुँचे और इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले गए। चिकित्सक ने देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया। मृतक सुधीर कुमार सिंह प्राइवेट विद्यालय फातमा मेमोरियल इंटर कालेज में गणित शिक्षक पढ़ाता था। आवास विकास कालोनी में एक किराये के मकान में रहता था। मृतक के दो बच्चे है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाठक ने बताया कि शव का पंचायत नामा भर के पोस्टमार्टम भेजा गया है।

### रिश्तेदार पर लड़की को बहलाकर भगाने आरोप

कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज। थाना कोतवाली कर्नलगंज अन्तर्गत एक गांव के निवासी पीड़ित व्यक्ति ने स्थानीय कोतवाली में दी गई शिकायत में कहा है कि बीते 2 सितम्बर की रात में वह घर पर सो रहा था कि रात करीब 1 बजे नींद खुली तो किसी कार्य के लिए उसने अपनी पुत्री को आवाज़ लगाई,जब वह नहीं बोली तो उस समय घर में सो रही उसकी दूसरी लड़की जो उस समय घर आयी हुई थी वह बाहर निकली तो दोनों पिता पुत्री ने घर के लोगों के साथ मिलकर काफ़ी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। जब मोबाइल की खोज की तो पता चला कि मोबाइल भी गायब है और वह बंद बता रहा है। सुबह हल्ला होने पर जानकारी मिली कि पीड़ित के भाई की बहू कोमल पत्नी मनोज कुमार का एक रिश्तेदार संटू पुत्र जयप्रकाश निवासी ग्राम धनजई जिला सुलतानपुर कई दिन से घर पर ही रह रहा था वह भी उसी रात से गायब है। पीड़ित पिता ने आरोप लगाया कि उसकी बेटी नाबालिक व नासमझ है और उसको कोमल पत्नी मनोज ने मिलकर अपने रिश्तेदार के साथ भगा दिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक से सीयूजी नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनका फ़ोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर था।

# छठे अधिष्ठापन समारोह पर छात्रों को बांटा जूता-डायरी, खिले चेहरे

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़

लायंस क्लब गोंडा सेवा के छठे अधिष्ठापन समारोह के अवसर पर क्लब द्वारा अंगीकृत विद्यालय जेपी विद्या मंदिर में आज दोपहर 2ः00 बजे मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन मुकेश जैन एवं सेकंड वॉइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर परमजीत सिंह की उपस्थिति में सैकड़ो छात्र एवं छात्राओं को डायरी एवं जूते का निःशुल्क वितरण क्लब की ओर से किया गया। जिस समय क्लब के अध्यक्ष लायन चंद्रकेश मिश्रा, लायन अजय मित्तल, लायन राजकुमार जायसवाल, लायन बसंत कुमार नेवटिया, लायन डॉक्टर पीवी सिंह लायन डॉक्टर केके मिश्रा, लायन अरुण मेहरोत्रा, लायन विवेक लोहिया, लायन पवन जायसवाल,



लायन अमित पांडे, लायन फरहान, लायन सुमन पांडे आदि उपस्थित रहे। क्लब के अध्यक्ष चंद्रकेश मिश्रा ने बताया कि अधिष्ठापन समारोह आज रात्रि आर के लान गीता इंटरनेशनल कैंपस में आयोजित किया गया है। जिसमें नवनिर्वाचित कमेटियों को शपथ दिलाई जाएगी एवं पूरे वर्ष में किए गए सेवा कार्यों का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया जाएगा। इस समारोह में क्लब के करीब 12-15 जिलों के लोग शामिल हो रहे हैं, साथ ही लायन इंटरनेशनल क्लब के भी बड़े-बड़े पदाधिकारी इस समारोह मेंउपस्थित रहेंगे।

# दबंग भू माफिया ने किया तालाब व आबादी की जमीन पर कब्जा

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़

जिले के सदर तहसील क्षेत्र के पुलिस व राजस्व विभाग मामले को कैसे निपटाती है इसका उदाहरण ग्राम पंचायत देवरिया अलावल विकासखंड मुजेहना के अलावल देवरिया गांव के एक मामले से पता चलता है। थाना क्षेत्र धानेपुर के ग्राम देवरिया अलावल में गाटा संख्या 741 की आबादी भूमि घोषित है।वही मुजीब का पुत्र मासूम अली खान का कहना है कि इस गाटा संख्या की जमीन पर विपक्षी भू माफिया रफीउल्लाह,कादिर, कलीम, शुकुउल्ला उर्फ़ निबर, सलीम पुत्र खलील निवासी देवरिया अलावल ने नवीन परती आबादी की भूमि पर जबरदस्ती दुकान का निर्माण कर लिया है।जिससे कि गांव में बनने वाले सरकारी कार्य में अड़चन आ रही है।वही ग्राम प्रधान ने आबादी की जमीन पर भू माफिया के द्वारा कब्जा रोकने पर भू माफिया ने प्रधान को मारा पीटा और इसके विरुद्ध धानेपुर थाने में भू माफिया के खिलाफ मुकदमा भी पंजीकृत हुआ है।वही ग्राम प्रधान ने प्रमुख सचिव से मांग की है की आबादी की जमीन को खाली करवाया जाए कि गांव में पंचायत भवन नहीं है तो ऊतक स्थान पर पंचायत भवन बनाया जा सके,आरोप है कि उक्त भूमि पर भू माफिया के द्वारा अवैध निर्माण कर दुकान बना लिया गया है।

### क्या है पूरा मामला

जिले के धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम देवरिया अलावल में आबादी और तालाब की जमीन पर भू माफिया ने कब्जा कर लिया है ।जिससे गांव में विवाद की स्थिति पैदा हो गई है ।दबंग भू माफिया के द्वारा आबादी की जमीन के कब्जे को लेकर जहां ग्रामीण इसका विरोध कर रहे हैं वहीं दबंग भूमाफिया उन्हें देख लेने की धमकी दे रहे हैं।

### उक्त जमीन की पैमाइश भी हो चुकी

नवीन परती की जमीन की पैमाइश भी हो चुकी है ।हल्का लेखपाल की रिपोर्ट से स्पष्ट है कि दबंग के द्वारा कब्जा किया गया जमीन नवीन परती की है ।और भू माफिया ने कब्जा करके उस पर दुकान बना लिया है ।जब उपरोक्त लोगों को ऐसा करने से रोका गया तब भू माफिया व्यक्ति गांव के गोल बंद व सीनाजोर किस्म के व्यक्ति हैं। आबादी के भूमि पर निर्माण करने से रोका गया तो भू माफिया ने अवैध तरीके से दुकान का निर्माण कर लिया है। जिसे खाली कराया जाना अत्यंत आवश्यक है ।ग्राम प्रधान ने मांग की है कि इस मामले में जिलाधिकारी से लेकर प्रमुख सचिव तक आबादी की भूमि को खाली कराने के लिए गुहार लगाई है ।कि अवैध कब्जा हटाने के लिए एवं सरकारी जमीन को खाली करने के लिए आदेशित किया जाए।

- रोक-टोक करने पर ग्राम प्रधान की कर दी पिटाई अभी तक नहीं हुई कार्रवाई

### जिसकी लाठी उसकी भैंस

ग्रामीण इलाकों में जिसकी लाठी उसकी भैंस वाली कहावत जगह- जगह चरितार्थ हो रही है ।पुलिस की लापरवाही के कारण गांव- गांव सक्रिय हुए दबंग बेशकीमती सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करने में जुटे हुए हैं ।परेशान ग्राम प्रधान की शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है ।वही सूत्र बता रहे हैं कि यह आबादी की जमीन पर अवैध कब्जा क्षेत्रीय विधायक के संरक्षण में किया गया है ।दबंगों ने आबादी की भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है जिसकी वजह से आज ग्राम पंचायत में पंचायत भवन नहीं बन पा रहा है ।वही आबादी के अवैध कब्जे को लेकर अभी तक राजस्व विभाग के अधिकारी के द्वारा कोई भी कार्यवाई नहीं की गई साथ ही दबंगों द्वारा आबादी के जमीन पर दुकान का निर्माण कर लिया है।

# आदमी की जान जरूरी, नहीं पकड़ा गया तो मारा जाएगा

- वन मंत्री अरुण सक्सेना ने भेड़िए को लेकर अफसर संग की बैठक

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले में आदमखोर भेड़िए को पकड़ने के लिए चलाए जा रहे अभियान की समीक्षा करने वन राज्य मंत्री अरुण सक्सेना जिले के प्रभारी मंत्री संजय निषाद के साथ मुख्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों व जिलाधिकारी मोनिका रानी के साथ कलेक्ट्रेट में बैठक कर अभियान के बारे में जानकारी ली। बैठक के बाद वन मंत्री ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हमारे लिए आदमी की जान बचाना ज्यादा जरूरी है। हम चाहते हैं कि आदमखोर भेजिए जाल में पकड़े जाएं या उन्हें ट्रेंकुलाइज किया जाए। लेकिन उसके बाद भी वो पकड़ में नहीं आते हैं तो उन्हें मारना ही पड़ेगा। उन्होंने ग्रामीणों से भी सतर्क रहने और बच्चों को अपने साथ घर के अंदर सुलाने की अपील की है। वही प्रभारी मंत्री संजय निषाद ने बताया कि भेड़ियों को पकड़ने के लिए लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। चार भेड़िए पकड़े जा चुके हैं बाकी को भी जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। इस दौरान फील्ड डायरेक्टर संजय पाठक, मुख्य वन संरक्षक रेणु सिंह, जिलाधिकारी मोनिका रानी पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला समेत अन्य अफसर मौजूद रहे।



### 22 साल पहले भी यहां इसी तरह के हुए थे हमले

प्रभारी मंत्री संजय निषाद ने कहा कि आदमखोर भेड़ियों को पकड़ने के लिए वन विभाग समेत अन्य टीमें लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि 22 साल पहले भी यहां इसी तरह के हमले हुए थे। सरकार पूरी तरह से लोगों की सुरक्षा के प्रति सचेत है। अब तक दो भेड़ियों को पकड़ा जा चुका है और बाकी बचे भेड़ियों को भी जल्द पकड़ लिया जाएगा।

### 25 से अधिक टीमें और नौ शूटर तैनात

आदमखोर भेड़ियों को पकड़ने के लिए 25 से अधिक टीमें और करीब 300 अधिकारी व कर्मचारी लगातार सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। यदि भेड़िए पकड़ में नहीं आते हैं तो उन्हें मारने के लिए इलाके में 9 शूटर भी तैनात किए गए हैं।

# ग्राम प्रधानों के साथ ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने किया पीएम आवास योजना पर मंथन



- योजना का मुख्य लक्ष्य हर जरूरतमंद परिवार को पक्का मकान उपलब्ध कराना

विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।

ब्लाक कार्यालय विशेश्वरगंज के सभागार में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश पांडेय व खंड विकास अधिकारी सर्वेश तिवारी की उपस्थिति में बुधवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) सर्वे 2024 के अंतर्गत एक ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आवास योजना के सर्वे को सुचारु रूप से संचालित करना और पात्र लोगों तक इसका लाभ पहुंचाना था। खंड विकास अधिकारी ने उपस्थित ग्राम विकास अधिकारियों को शासन से नवीनतम दिशा-निर्देशों से अवगत कराया और सर्वेक्षण प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि योजना का मुख्य लक्ष्य हर जरूरतमंद परिवार को पक्का मकान उपलब्ध कराना है। ताकि गांवों में आवास की समस्या का स्थायी समाधान हो सके। इस मौके पर ग्राम प्रधान और अन्य लोगों ने अपनी बात रखी। गोष्ठी के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं के प्रचार-प्रसार की भी रणनीति बनाई गई। कार्यक्रम के पश्चात उपचुनाव में विजई हुए ग्राम प्रधानों, व क्षेत्र पंचायत सदस्य को पद एवं गोपीनियता की शपथ भी दिलाई गई। इसमें ग्राम प्रधान अखिलेश पांडेय, शिव स्वरूप तिवारी, प्रतिनिधि राजू सिंह,इस्तिहार खान, धर्मदत्त, सुंदरलाल, रेखा देवी, विष्णु दयाल, तथा अनीश क्षेत्र पंचायत सदस्य जैनब,परमिला पांडेय, बगिरधारी, जमुना प्रसाद सहायक विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव आदि मौजूद रहे।

# लक्ष्य तय है लक्ष्य से बढ़कर इस कार्य को पूरा करें कार्यकर्ता : शिव भूषण सिंह



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

बुधवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर सदस्यता अभियान के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे ने की । मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री जिला प्रभारी शिव भूषण सिंह रहे। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि आप सभी पार्टी के कर्मठ आजीवन कार्यकर्ता है आप सभी अपनी सदस्यता का नवीनीकरण करते हुए अधिक से अधिक सदस्य बनावे सभी का लक्ष्य तय है इस लक्ष्य से सभी आगे बढ़कर आप सभी इस कार्य को पूरा करें।

सांसद आनंद गोंड़ ने कहा कि देश के विकास के लिए संकल्प लेकर सदस्यता अभियान में आप आगे बढ़े जिससे एक बार फिर से पार्टी को विश्व की नंबर एक पार्टी बनाने की दिशा में हम आगे बढ़े। जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे ने अतिथि का स्वागत करते हुए सभी मंडल अध्यक्ष से आग्रह किया कि इस महत्वपूर्ण कार्य में अपनी भूमिका का निर्माण करें। पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्रभान संचित ने भी उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान सदर विधायक अनुपमा जायसवाल, पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी, बलहा विधायक सरोज सोनकर की भी उपस्थिति रही ।कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री व अभियान संयोजक डॉक्टर जितेंद्र त्रिपाठी ने किया। बैठक में जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, नन्हेंलाल लोधी, धीरेंद्र मोहन आर्य, जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, सुषमा चौधरी, राहुल राय, उमाशंकर तिवारी, जिलामंत्री सुनील श्रीवास्तव, संजय राव, सहसंयोजक हेमा निगम, डिंपल जैन, देवेंद्र कुमार मिश्रा जिला मीडिया प्रभारी, जिला कोषाध्यक्ष राजन सिंह, गौरव वर्मा, अभिषेक गुप्ता, सोशल मीडिया नितिन रुपाणी, नगर अध्यक्ष अमित शर्मा, अलकक्षेन्द्र सिंह सहित सभी मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

### अखिलेश के गोरखपुर बुलडोजर भेजने पर प्रदेश मंत्री ने किया पलटवार

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गोरखपुर में बुलडोजर भेजने की बात को लेकर भाजपा के प्रदेश मंत्री शशि भूषण सिंह ने पटवार करते हुए कहा कि गुंडे, माफियाओं, वसूली, थाना चलने वाले, हत्या करने वाले दबंगो पर बुलडोजर एक्शन लगातार जारी रहेगा। बुलडोजर से ज्यादातर परेशान सपा के कार्यकर्ता ही है।

### भाजपा सरकार में नहीं सोया कोई भूखा

मुख्य अतिथि ने कहा कि भाजपा की सरकार में कोई भी व्यक्ति भूख नहीं सोया है और ना ही भूख से किसी की मौत हुई है। केंद्र व प्रदेश सरकार कोरोना काल से ही मुक्त राशन योजना चला रही है। जिससे भूख से किसी की मौत ना हो।

# प्रेमी को छोड़ महिला ने किया विवाह, तो हो गई हत्या

- सम्पत्ति के लालच में सेवानिवृत्त डाककर्मी की पत्नी की हुई थी हत्या

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



जिले के ग्राम पंचायत सेमरीघटही निवासी सेवानिवृत डाक कर्मचारी के पत्नी की 27 अगस्त को गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। कोतवाली मुर्तिहा पुलिस और एसओजी की टीम ने महिला हत्याकांड का खुलासा करते हुए प्रेमी और एक अन्य को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाली मुर्तिहा अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरीघटही के मजरा गिरधरपुर निवासी सेवानिवृत्त डाक कर्मचारी प्यारेलाल की पत्नी राम बिट्टी की 27 अगस्त को उसके ही घर में गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि सेवानिवृत्त डाक कर्मचारी की राम बिट्टी दूसरी पत्नी थी। जबकि पहली पत्नी चंद्रावती की भी मौत हो चुकी है। दोनों महिला से कोई संतान नहीं थी।

पति की मौत के बाद जमीन और संपत्ति राम बिट्टी के पास थी। इसी बीच राम बिट्टी का प्रेम प्रसंग गांव निवासी राममिलन से हो गया। लेकिन महिला ने राममिलन को छोड़ राम सूरत से प्रेम करना शुरू कर दिया। इसके बाद सुजौली थाना क्षेत्र के मोटे बाबा नामक स्थान पर विवाह भी जाकर कर लिया था। यह बात पहले प्रेमी राममिलन को नागवार गुजरी और संपत्ति दूसरे प्रेमी के नाम हो जाने का भय सताने लगा। इस पर पहले प्रेमी ने महिला के हत्या की योजना बनाई। राम मिलन ने अपने पुत्र राजेश की मदद से हत्या कर दी। पिता पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में कोतवाल अमितेंद्र कुमार, एसओजी प्रभारी दिवाकर तिवारी, उप निरीक्षक अनिल यादव, सुभाष यादव समेत अन्य शामिल रहे।

### ई-रिक्शा को ट्रक ने मारी टक्कर, एक यात्री की मौत, तीन घायल

बहराइच, समृद्धि न्यूज। मोतीपुर थाना क्षेत्र के नानपारा लखीमपुर मार्ग पर दोंदरा पुल के पास ई-रिक्शा में ट्रक ने बुधवार सुबह




10 :30 बजे ठोकर मार दी। हादसे में परसपुर मटेरा गांव निवासी लैलातुन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सद्दाम, पैरुनिशा (32) और एक अन्य निबिया लक्ष्मनपुर मटेही गांव घायल हुए हैं। मौके पर मौजूद मुकेश कुमार ने सभी अन्य की मदद से एंबुलेंस से सीएचसी मोतीपुर में भर्ती कराया। दो घायलों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सीएचसी के डॉक्टर रोहित कुमार ने बताया कि महिला की हादसे में मौत हुई है। सभी ई-रिक्शा से इलाज के लिए निंबिया गांव से सीएचसी आ रहे थे। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### दिव्यांग प्रमाण पत्र पाने वाले बच्चों को मिलेगा छह हजार छात्रवृत्ति



- परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के बन रहे प्रमाण पत्र

बहराइच, समृद्धि न्यूज़ जिले। के परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाया जा रहा है। ऐसे बच्चों को छह हजार रूपए छात्रवृत्ति सरकार की ओर से दिया जाएगा। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले ऐसे बच्चे जो मानसिक रूप से कमजोर हैं उनका मानसिक हेल्थ कैंप लगाकर दिव्यंका प्रमाण पत्र प्रत्येक बुधवार को बनाया जा रहा है। कैंप के दौरान डॉक्टर विजित जायसवाल, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट रेवा सिंह उपस्थित रहकर बच्चों का दिव्यांग प्रमाण पत्र बना रहे हैं। जिला स्वास्थ्य शिक्षा सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने बताया कि अब तक जनपद के लगभग 28 बच्चों का दिव्यांग प्रपत्र जारी किया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष सिंह के अनुसार जिन बच्चों को दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा उन्हें वार्षिक रूप से रूपए 6000 छात्रवृत्ति के रूप में प्राप्त होंगे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजय शर्मा ने बताया की परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले ऐसे बच्चे जिनकी बुद्धि क्षमता कम है। मानसिक विकास पूर्ण नहीं है ऐसे बच्चों को प्रत्येक बुधवार को आयोजित विशेष दिव्यांग स्वास्थ्य कैंप में लाकर मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुए प्रमाण पत्र प्राप्त करें।

### बाइक सवार चचेरे भाइयों को ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरा गंभीर

बहराइच, समृद्धि न्यूज़। कोतवाली देहात के तेजवापुर गांव निवासी रामसागर पुत्र कन्हैया और दिनेश पुत्र राम मुहूर्त चचेरे भाई थे। दोनों बाइक से अपनी बहन के यहां खालेपुरवा गांव मंगलवार को आए थे। काम निपटाने के बाद चचेरे भाई वापस घर जाने लगे। बहराइच सीतापुर मार्ग पर हरदी थाना क्षेत्र के गदामार खुर्द गांव के पास मोटरसाइकिल सवारों को अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे घायलों को सीएचसी पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल लाते समय रात नौ बजे राम सागर की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत नगर पालिका सभागार में आयोजित हुई कार्यशाला

विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।

नगरपालिका कार्यालय के सभागार कक्ष में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस प्रशिक्षण उन्मुखीकरण कार्यशाला में नगर पालिका के अधिकारी/कर्मचारी आदि ने तम्बाकू नियंत्रण पर प्रशिक्षण प्राप्त कर तंबाकू सेवन से होने वाली बीमारियों और बचाव के बारे में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह व सहायक अभियंता सिविल देवेन्द्र धीमान ने की जबकि कार्यक्रम का संचालन डा परितोष तिवारी ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने कहा कि बेहद चिन्ताजनक है कि तम्बाकू उद्योग अब युवाओं को निशाना बनाते हुए उनके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाकर अपने जेबें भर रहे हैं। अगर हम जागरूक नहीं बने तो तम्बाकू उद्योग के इस अनैतिक आचरण के चलते जल्द ही तम्बाकू और निकोटीन का उपयोग करने वाली अगली पीढ़ी हमारे सामने होगी। इस लिए इससे बचना बेहद जरूरी है और इसको हम स्वयं चाहेंगे तो दूसरों को सामाजिक स्थल पर धूम्र पान करने से रोक सकते हैं, इसके

- तम्बाकू उद्योग अब युवाओं को निशाना बनाते हुए उनके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाकर अपने जेबें भर रहे हैं : बृजेश सिंह



साथ साथ यह भी बताया कि तंबाकू नियंत्रण के लिए कोटपा अधिनियम 2003 बनाया गया है जिसमें धारा 4 के तहत सभी सार्वजनिक स्थानों पर धूम्र पान करना अपराध है, पकड़े जाने पर दो सौ रुपये जुर्माना हो सकता है। धारा 6बी के तहत विद्यालय के सौ गज के दायरे में कोई भी तंबाकू की दुकान नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि तंबाकू उत्पाद पर अगर चित्र के साथ चेतावनी नहीं होगी तो धारा 7 के तहत अपराध की श्रेणी में आता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन कर रहे गैर संचारी विभाग के डा परितोष तिवारी ने बताया कि तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों व उससे बचाव की जानकारी देते हुए कहा कि तम्बाकू उत्पादों से मुंह में छाले पडना, गले में छाले पडना, पेट में छाले पडना तथा फेफड़ों में छाले पड़ जाते हैं तथा टीवी होने की संभावना बढ़ जाती है। इसके साथ-साथ ही श्वास की बीमारियां एलर्जी की बीमारियां डायबिटीज ब्लड प्रेशर बढना, अनिद्रा इत्यादि प्रकार की बीमारियां भी इससे हो जाती है। जो लोग इसके आदी हो जाते हैं या जिनको लत लग जाती है वह चाहकर भी इसे नहीं छोड़ पाते हैं। मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ विजित जायसवाल ने बताया कि तम्बाकू के उपयोग का प्रभाव केवल मृत्यु दर तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन की गुणवत्ता और खराब मानसिक स्वास्थ्य से निपटने के प्रयासों को भी प्रभावित करता है। उदाहरण के लिए तम्बाकू मानसिक स्वास्थ्य के लिए कुछ दवाओं की प्रभावशीलता को कम कर देता है। मानसिक बीमारी के कारण लोगों में तम्बाकू का उपयोग करने की संभावना दोगुनी हो जाती है और साथ ही तम्बाकू लोगों को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के प्रति अधिक संवेदनशील बना देता है।

# बेहतर कार्य करने वाले अभिकर्ताओं को मुख्य प्रबंधक ने किया सम्मानित

**लालगंज /रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




कस्बे के एलआइसी मिनी कार्यालय मे भारतीय जीवन बीमा निगम के मुख्य जीवन बीमा सलाहकार मनोज कुमार कुशवाहा के द्वारा एलआईसी का 68वा स्थापना दिवस मनाया गया एवम अभिकर्ता सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया द्य जिसमे भारतीय जीवन बीमा निगम में बेहतर कार्य करने वाले अभिकर्ताओं को सम्मानित किया गया जिसमे कृष्ण कुमार, गया प्रसाद, रोहित, महेश कुमार कुशवाहा, शैलेंद्र बहादुर रामानंद कुशवाहा, पुष्पराज आनंद, रामबाबू, अवधेश कुमार,मनीष कुमार आदि इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्यप्रबंधक अरूण कुमार चतुर्वेदी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि एलआईसी से हमें एक ओर जहां पर सुरक्षा प्राप्त होती है वहीं पर बचत के साथ आकर्षक रिटर्न भी मिलता है एलआईसी हमेशा नई-नई पॉलिसी ग्राहकों के लिए देती रहती है उन्होंने कहा कि बीमा व्यवसाय रोजगार के साथ-साथ जन सेवा का भी कार्य है द्य शाखा प्रबंधक लालगंज चंदन सिंह एलआईसी के निवेश प्लस , इंडेक्स प्लस तथा जीवन उत्सवके विषय में अभिकर्ताओं को जानकारी दी तथा सहायक शाखा प्रबंधक रमेश चंद्रा ने अधिकर्ताओं को फैमिली प्लान के विषय में जानकारी दी और बताया की हमें किसी भी परिवार में परिवार के मुखिया के साथ-साथ उनकी पत्नी तथा बच्चों के बीमा के द्वारा सुरक्षा प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी बनती हैअवसर पर चीफ एडवाइजर मनोज कुमार कुशवाहा ने भी अपने विचार व्यक्त किए व अभिकर्ताओं के हितों की जानकारी दीद्य इस अवसर पर हरीशंकर,गोविंद नारायण शुक्ला आदि सहित तमाम लोग मौजूद रहें।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची गांव, स्थिति समान्य



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** टूक गांव में दो-तीन दिन पहले डायरिया से काफी लोग बीमार पड़ गए थे वहीं महराजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने पहुंचकर लोगों का इलाज किया जिससे काफी लोग स्वस्थ हो गए वहीं आज टूक गांव पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 18 घरों में निरीक्षण किया जिसमें शिवानी पुत्री धनराज उम्र 18 साल प्राइवेट इलाज कर रही है। मिथिलेश पत्नी फूल माशा उम्र 30 साल नया डायरिया का केश मिला जिसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज में किया गया स्थिति सामान्य जनक पाई गई।

## सपा कार्यकर्ताओं ने चलाया का सदस्यता ग्रहण अभियान



**बछरावां, समृद्धि न्यूज।**

सपा के सदस्यता ग्रहण अभियान के तहत छोटकवा खेड़ा गांव स्थित डिग्री कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड एवं सदस्यता अभियान प्रभारी अनीश राजा कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे। जिनका सपा कार्यकर्ताओं में फूल मालाओं से लादकर भव्य स्वागत किया है। इस दरमियान उन्होंनेअध्यक्ष डिग्री कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण भी किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पूरे प्रदेश में सदस्यता ग्रहण अभियान चलाया जा रहा है। युवाओ को भाजपा जैसी जालिम सरकार के प्रति जागरूकता फैलाई जा रही है। युवाओं को धर्म जाति के नाम पर लड़ाने की राजनीति करती है। इस मौके पर पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव हरीश चौरसिया, अल्पसंख्यक सभा के जिला महासचिव आफताब आलम, आशीष चौधरी, बृजेश यादव , दीपू यादव, अकबर अली, राम निहोरे, रमाकांत, मोहम्मद नसीरुद्दीन, रियासत अली, महादेव, राजकुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रामनरेश रावत की द्वितीय पुण्यतिथि पर कार्यकर्ताओं ने किया दीपदान



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** पूर्व विधायक बछरावां राम नरेश रावत की द्वितीय पुण्यतिथि के पूर्व संध्या पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं व क्षेत्र वासियों ने दीपदान व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की, ज्ञात रहे पूर्व विधायक रामनरेश रावत का निधन 2 वर्ष पूर्व दिल्ली के निजी अस्पताल में हो गया था , वे भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष विधान परिषद सदस्य और 2017 में बछरावां से विधायक व संगठन के महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं। दीपदान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बछरावां नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र वर्मा उर्फ राम जी हरिओम चतुर्वेदी निर्मल रावत आशुतोष रावत अनुज रावत अखिलेश चौधरी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### नि:शुल्क दोना पत्तल मशीन प्राप्त करने के लिए करें आवेदन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिला ग्राम उद्योग अधिकारी संतोष कुमार गौतम ने बताया है कि मोटराईज्ड दोना पत्तल मेकिंग मशीन का वित्तीय वर्ष 2024-25 में नि:शुल्क वितरण किया जाना है, मशीनो के वितरण हेतु परामपरागत कारीगरो, स्वरोजगार में रुचि रखने वाले कारीगरो को विभाग द्वारा पूर्व में गठित चयन समिति के माध्यम से चयन किया जायेगा। उक्त योजनान्तर्गत दोना पत्तल बनाने वाले कारीगर एवं उक्त उद्योगो में रुचि रखने वाले ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र दिनांक 08.09.2024 तक बोर्ड की वेबसाइट UPKVIB.GOV.IN की आनलाईन सेवाओ के अन्तर्गत ''आनलाईन टूल्स-किट्स एवं आवंटन'' पर आनलाईन कर सकते है, अथवा जिला ग्रामोद्योग कार्यालय पुरानी तहसील रायबरेली में आकर जमा कर सकते है। अधिक जानकारी हेतु जिला ग्रामोद्योग अधिकारी के मो0-7408410810 एवं श्री आनन्द कुमार कनिष्ठ सहायक के मो0-8318013131 पर सम्पर्क कर सकते है।

### जिला स्तरीय पुरुष वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन छह सितम्बर को

▸ राज्य स्तरीय सीनियर वर्ग पुरुष वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन 09 से 11 सितम्बर तक

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया है कि खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता हेतु जिला स्तरीय चयन ट्रायल्स जिला खेल कार्यालय रायबरेली में 06 सितम्बर को प्रातः 11:00 बजे आयोजित की जा रही है तथा मण्डल स्तरीय आयोजन तिथि/क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी, क्षेत्रीय खेल कार्यालय, लखनऊ में 07 सितम्बर को सायं 03ः00 बजे आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय सीनियर वर्ग पुरुष वालीबाल प्रतियोगिता आयोजन डा0भीमराव अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय क्रीडा संकुल डागा सेमर अयोध्या में 09 से 11 सितम्बर 2024 तक किया जाना निर्धारित है। जिसमें मंडल की टीम को भाग लेना है। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि वालीबाल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली पुरुष वर्ग खिलाड़ियों आधार, निवास प्रमाण-पत्र फोटो लाना होगा। जनपद स्तर पर सफल बालक खिलाड़ी को मण्डलीय चयन ट्रायल्स में भेजा जायेगा। वॉलीबॉल खिलाड़ी को पात्रता-प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा।

## जेठानी ने देवरानी को पीटा, देवरानी घायल



**बछरावां (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के अघौरा गांव में बुधवार सुबह बच्चों के खेलने को लेकर मामूली विवाद हो गया। शिवानी (30) पत्नी रक्षा राम शिकायत करने अपने जेठानी के पास गई इतने में ही जेठानी अभद्रता करते हुए देवरानी की पिटाई कर दी। जिसमें देवरानी गंभीर घायल हो गई। पति रक्षा राम ने बताया कि घटना के वक्त वह घर पर मौजूद नहीं थे कुछ देर बाद जब वह घर पहुंचे तो उनकी पत्नी शिवानी गंभीर घायल घर में पड़ी थी जिसे वह इलाज के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर गणनायक पांडे ने प्राथमिक उपचार किया। कोतवाल ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि तहरीर मिली है घटना की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## रास्ते के विवाद को लेकर भाइयों के बीच चली गोलियां

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



डलमऊ पुलिस अपराधियों पर अंकुश लगाने में इस समय नाकाम सी दिख रही है अपराधी मनमाने तरीके से अपराध करने में नहीं चूक रहे हैं ऐसा लगता है कि अपराधियों को प्रदेश की योगी सरकार एवं पुलिस व्यवस्था का जरा भी भय नहीं है कोई न कोई मारपीट के वीडिओ वायरल होते रहते है इस समय दबंगो को डलमऊ पुलिस का भय खत्म होता नजर आ रहा है।

जिसके चलते डलमऊ क्षेत्र में अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ता दिखाई पड़ रहा है । ताजा मामला डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के तारापुर चंदेही गांव का है जहां पर जमीनी विवाद को लेकर दो भाइयों के बीच जमकर मारपीट हुई और गोलियां भी चली जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और कार्यवाही करने में जुट गई है ।

जानकारी के अनुसार बीते 2 सितंबर को तारापुर चंदेही गांव के रहने वाले राधेश्याम पुत्र जगदंबा एवं चंद्रशेखर व मनोज कुमार पुत्रगण जगदंबा का आपस में रास्ते को लेकर जमीनी विवाद चल रहा था जिसको लेकर समझौते की बैठक बुलाई गई थी लेकिन इसी दौरान बैठक मे किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में गाली गलौज मारपीट होने लगी इसके बाद असलहे से फायरिंग होने लगी जो वायरल वीडियो में साफ तौर से देखा जाच सकता है। तभी घटना की सूचना डायल 112 को दी गई मौके पर पुलिस पहुंची लेकिन तब तक वह लोग फरार हो गए।

समझौते को लेकर हुए विवाद एवं फायरिंग की घटना से पारिवारिजनों एवं क्षेत्र में दहशत का माहौल है जिससे लोग डरे शहमे हुए है। कोतवाली प्रभारी डलमऊ पवन कुमार सोनकर ने बताया कि घटना 2 दिन पूर्व की है मामले की जानकारी हुई है मुकदमा दर्ज कर लिया गया है अपराधियों की धर पकड़ के लिए प्रयास किए जा रहे हैं अपराधी फरार है।



### महान वक्ता राधाकृष्णन को किया नमन

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू, महराजगंज, रायबरेली में महान शिक्षाविद्, दार्शनिक, महान वक्ता एवं आस्थावान विचारक डॉ़ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर शिक्षक दिवस बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान को स्मरण किया गया। प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने प्रार्थना सभा को सम्बोधित करते हुए राधाकृष्णन जी के शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान और उपलब्धियों की चर्चा की व उनके पद- चिन्हों पर चलने हेतु प्रेरित किया तथा सभी को शिक्षक दिवस की बधाई दी। आज विद्यालय का संचालन - शिक्षण कार्य से लेकर प्रशासनिक कार्य छात्रों द्वारा ही किया गया। प्रधानाचार्य के रूप में हाई-स्कूल टॉपर(2023-24) जान्ह्वी मिश्रा ने अपना कार्य कुशल पूर्वक सम्पन्न किया 7 हेड ब्यॉय यश चौधरी व हेड गर्ल अनुष्का चौधरी ने जान्ह्वी के विद्यालय संचालन के कार्य में सहायता की। शिक्षण कार्य-सक्षम ,अनुपम, अभिनव,अमन ,साक्षी, वेदांत, तृषा ,समीक्षा ,नीरव,अदिति, अंशिका, गरिमा ,नाहिदा, युगवीर, दिशा, प्रांजल, अनामिका, काव्या, नव्या, आदि छात्र -छात्राओं द्वारा कुशल पूर्वक किया गया।

## रोजगार मेले में 263 अभ्यर्थी चयनित




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बाबू भीषम सिंह महाविद्यालय,गोझरी, गुरबक्शगंज, रायबरेली में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न पदों हेतु वर्धमान यार्न्स एण्ड थ्रेड्स लि0, पीपल ट्री ऑनलाइन, ब्राइट फ्यूचर ऑर्गेनिक हर्बल, आदि कम्पनियों द्वारा मेले में कुल 398 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए जिसमें से 263 को प्राथमिक रूप से चयनित किया गया। सुश्री तनुजा यादव सहायक जिला सेवायोजन अधिकारी ने सभी कंपनियों एवं रोजगार के बारे में विस्तृत रूप से बताया। बाबू भीषम सिंह महाविद्यालय, गोझरी, गुरबक्शगंज, रायबरेली के प्रधानाचार्य, श्री विनय प्रताप सिंह, डा0 रमापति पाठक (उपप्राचार्य),श्री दल बहादुर सिंह (प्रबन्धक), जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली के श्री धीरेन्द्र सिंह,श्री उमेश कुमार, भारत सरकार यंग प्रोफेसर रामेन्द्र कुमार पाण्डेय एवं कौशल विकास से राजीव कुमार सिंह एवं दिनेश पाल द्वारा मेले के आयोजन में सहयोग प्रदान किया गया है।

## नगदी, जेवरात सहित किशोरी गायब




**बछरावां, समृद्धि न्यूज।** एक गांव की रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी की मां ने कोतवाली में मंगलवार शाम तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बीते 2 सितंबर को वह और उसका पति किसी काम से बाहर गए हुए थे। दोपहर को घर वापस पहुंचे। तो देखा कि उनकी 15 वर्षीय किशोरी घर से गायब है। कमरे में जाकर देखा कि सोने की झुमकी, नथुनी, पायल तथा 10 हजार की नगदी भी घर से गायब है। किशोरी की मां ने मोहल्ले के रहने वाली संगीता व गुड़िया पर रिपोर्ट दर्ज़ कराकर आरोप लगाया है कि इन्हीं लोगों ने उनकी नाबालिक बेटी को कहीं गायब कर दिया है। कोतवाल ओमप्रकाश तिवारी ने बताया तहरीर मिली है । रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच की जा रही है।

## चौदह माह बाद कब्र से निकाली गई 11 वर्षीय बालक की लाश, पोस्टमार्टम से खुलेंगे कई राज

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

बलरामपुर जिले के उतरौला तहसील क्षेत्र के ग्राम हैदरडीह मौजा शेरगंज ग्रिन्ट में चौदह महीने पहले संदिग्ध परिस्थितियों में मृत हुए 11 वर्षीय बालक मुजाहिद रजा का शव जिलाधिकारी के आदेश पर बुधवार को कब्र से निकाला गया। यह कार्रवाई एसडीएम उतरौला, अवधेश कुमार, की मौजूदगी में की गई, जिसमें मुजाहिद के कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

घटना 11 अगस्त 2023 की है, जब ग्रामीणों के अनुसार मुजाहिद रजा की मौत तालाब में डूबने से हुई थी। उसके परिवार ने गांव में ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया था। घटना के बाद मुजाहिद का चाचा, कलीम, जो कि दिल्ली में रहता है, गांव आया और उसने आरोप लगाया कि मुजाहिद की हत्या की गई थी। कलीम के अनुसार, मुजाहिद के साथ खेल रहे बच्चों के बीच विवाद हुआ था,



जिसके बाद अकील और तपिस नामक लड़कों ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी। कलीम का आरोप है कि इन लड़कों ने मुजाहिद को बहला-फुसलाकर तालाब के किनारे ले जाकर उसका गला दबा कर हत्या कर दी और फिर उसकी लाश तालाब में फेंक दी। जब मुजाहिद की लाश निकाली गई, तो उसकी जीभ बाहर निकली हुई थी, जो हत्या के संदेह को और मजबूत करती है। कलीम ने इस घटना की शिकायत सीओ, एसपी, और अन्य पुलिस अधिकारियों से की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद कलीम ने ऑनलाइन शिकायत आईजी और डीजीपी से की, फिर भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लगभग 12-13 महीने तक इस मामले में कोई प्रगति नहीं हुई, जिससे पीड़ित परिवार बेहद आहत था। अंततः, कलीम ने वर्तमान जिलाधिकारी और एसपी से मिलकर मामले की शिकायत की। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने शव को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम कराने का आदेश दिया। एसडीएम उतरौला को निर्देश मिलने पर बुधवार को उन्होंने मुजाहिद रजा की लाश को कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्वाई की जाएगी, जिससे इस मामले के सच का पता लगाया जा सके और दोषियों को सजा मिल सके। गांव में इस घटना के बाद माहौल बेहद तनावपूर्ण है, और लोग मामले के निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग कर रहे हैं।

## गैंडास बुजुर्ग के मिश्रडीह में इनकार परिवारों को मनाकर कराया गया टीकाकरण

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गैंडास बुजुर्ग के ब्लॉक रिस्पांस टीम के अधीक्षक डॉ. शोएब अहमद और खंड विकास अधिकारी इंद्रावती देवी के कुशल नेतृत्व में ग्राम मिश्रडीह में टीकाकरण अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। अभियान के दौरान, इनकार करने वाले तीन परिवारों को टीकाकरण के फायदे समझाकर उन्हें टीकाकरण के लिए सहमत किया गया।

डॉ. शोएब अहमद ने बताया कि ब्लॉक में कुल 298 ऐसे परिवार हैं, जो विभिन्न कारणों से टीकाकरण कराने से इंकार कर रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि टीकाकरण ना कराने से बच्चों में 12 जानलेवा बीमारियों का खतरा बना रहता है, जिनमें टीबी, गला घोटू, काली खांसी, टिटनेस, पीलिया, खसरा, और रूबेला जैसी बीमारियां शामिल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि टीकाकरण के जरिए हम इन खतरनाक बीमारियों से बच्चों को बचाकर उनके जीवन में मुस्कान ला सकते हैं।

खंड विकास अधिकारी इंद्रावती देवी ने ग्राम प्रधान, कोटेदार, पंचायत सहायक, और पंचायत सचिव से अपील की कि वे शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें। उन्होंने यह भी कहा कि यह अभियान न केवल बच्चों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि पूरे समुदाय के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस मौके पर राम शंकर यादव (बीएमसी, यूनिसेफ), कोटेदार, प्रधान, सीएचओ निधि, सुषमा वर्मा (एनम), और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। सभी ने सामूहिक रूप से टीकाकरण अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया और समुदाय के लोगों को इसके महत्व के बारे में जागरूक किया।

इस सफल पहल से उम्मीद की जा रही है कि भविष्य में और भी परिवार टीकाकरण के लिए आगे आएंगे, जिससे पूरे ब्लॉक में बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाने में मदद मिलेगी।

## सब्जियों की बढ़ती कीमतों से घरेलू बजट चरमराया

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**



उतरौला के बाजारों में सब्जियों की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे आम लोगों की परेशानी और घरेलू बजट पर भारी असर पड़ रहा है। दालों की महंगाई से पहले से ही परेशान गृहणियों ने सब्जियों की ओर रुख किया था, लेकिन अब सब्जियों की बेतहाशा बढ़ती कीमतों ने रसोई की स्थिति और भी कठिन बना दी है।

वर्तमान में बाजार में आलू 45 से 50 रुपये प्रति किलो, प्याज 60 रुपये प्रति किलो, भिंडी 40 रुपये, लौकी 40 रुपये, परवल 100 रुपये, कद्दू 50 रुपये, कुनरू 40 रुपये, और टमाटर 80 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रहे हैं। इन कीमतों ने गृहिणियों की चिंता बढ़ा दी है, जो रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रही हैं। स्थानीय गृहिणी सुष्मा ने बताया कि दाल की बढ़ी कीमतों के चलते वह पहले ही उसे अपने भोजन से लगभग हटा चुकी हैं, लेकिन अब सब्जियों की महंगाई ने रसोई की हालत और भी बिगाड़ दी है। वह बताती हैं, ÷सब्जियों की कीमतें इतनी ज्यादा हो गई हैं कि अब यह समझ में नहीं आ रहा कि घर का बजट कैसे संभालें। ललिता, जो कि एक और गृहिणी हैं, कहती हैं कि महंगाई के चलते अब आलू की खरीद केवल किलो में की जा रही है, जबकि टमाटर जैसी जरूरी सब्जी ने उनकी रसोई से दूरी बना ली है। पहले टमाटर को हर सब्जी में इस्तेमाल किया जाता था, लेकिन अब इसकी कीमत इतनी बढ़ गई है कि इसे खरीदना मुश्किल हो गया है, ललिता ने कहा।

इसी तरह, शहनाज ने बताया कि दाल की बढ़ी कीमतों के कारण उन्होंने सब्जियों की ओर रुख किया था, लेकिन अब सब्जियों की कीमतें भी आसमान छू रही हैं। उन्होंने कहा, अब समझ नहीं आता कि क्या करें। सब्जियों की कीमतों ने हमें बुरी तरह से प्रभावित किया है। सब्जी की कीमतों में इस बढ़ोतरी के कारणों के बारे में पूछे जाने पर, स्थानीय सब्जी थोक व्यापारी विजय कुमार ने बताया कि खेतों में पानी भर जाने के कारण स्थानीय किसानों की फसलें बर्बाद हो गई हैं। इसके अलावा, बाहर से आने वाली सब्जियों की आवक भी कम हो गई है, जिसके चलते सब्जियों की कीमतों में काफी उछाल आया है। उन्होंने कहा, जब तक मौसम सामान्य नहीं होता और फसलें पुनः उगाई नहीं जातीं, तब तक कीमतों में कोई कमी आने की संभावना नहीं है। इस महंगाई के चलते आम लोगों की परेशानी लगातार बढ़ रही है, और गृहणियों के लिए घरेलू बजट को संभालना एक बड़ी चुनौती बन गया है।

सब्जियों की महंगाई से न केवल उनके भोजन का स्वाद प्रभावित हो रहा है, बल्कि उनके जीवन की गुणवत्ता पर भी असर पड़ रहा है। अब सभी की निगाहें सरकार और स्थानीय प्रशासन की ओर हैं, जो इस समस्या का कोई समाधान निकाल सकें।

## राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने बंद कक्षाओं के खिलाफ किया प्रदर्शन

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**



▸ जिला विद्यालय निरीक्षक ने दिया समाधान

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज उतरौला की छात्राओं ने मंगलवार को एक माह से बंद पड़ी हाई स्कूल और इंटरमीडिएट कक्षाओं के खिलाफ सड़कों पर धरना प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन के बाद, बुधवार को जिला विद्यालय निरीक्षक ने कॉलेज का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया।

कॉलेज का भवन खंडहर हो चुका है, और बरसात के मौसम में इसकी छत से पानी टपकता है। दीवारें कई जगह से टूटी हुई हैं। यह भवन सैकड़ों वर्ष पुराना है और पहले तहसील के रूप में उपयोग में था, जिसे बाद में राजस्व विभाग ने कंडम घोषित कर दिया। इसके बाद, इस भवन में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज संचालित किया जाने लगा। हालांकि, इसके नए भवन के निर्माण के लिए आवंटित करोड़ों रुपये जमीन विवाद के कारण वापस कर दिए गए हैं। वर्तमान में, जमीन को राजस्व विभाग से शिक्षा विभाग को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया शासन में विचाराधीन है।

विद्यालय प्रशासन ने छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 8 अगस्त से हाई स्कूल और इंटरमीडिएट कक्षाओं का शिक्षण कार्य बंद कर दिया था और छात्राओं को ऑनलाइन शिक्षा लेने की हिदायत दी थी। इस निर्णय से आक्रोशित छात्राओं ने सड़कों पर धरना प्रदर्शन किया और राज्यपाल को संबोधित एक मांग पत्र एसडीएम उतरौला को सौंपा। इस प्रदर्शन से प्रशासन में हड़कंप मच गया। दूसरे दिन, जिला विद्यालय निरीक्षक निर्जला आनंद ने कॉलेज का दौरा किया और कॉलेज के जर्जर भवनों की स्थिति का अवलोकन किया। निरीक्षक ने कार्यवाहक प्रधानाचार्य दीपिका से बातचीत की और बंद पड़े कक्षाओं को दूसरी पाली में शुरू करने का निर्देश दिया। इस निर्देश से छात्राओं और उनके अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ गई। विधायक राम प्रताप वर्मा ने भी इस मुद्दे पर पहल की। बुधवार को निरीक्षण की सूचना पर, विधायक ने जिला विद्यालय निरीक्षक से कॉलेज की स्थिति पर चर्चा की और बताया कि जमीन को राजस्व विभाग से शिक्षा विभाग को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया शासन स्तर पर विचाराधीन है। उन्होंने बताया कि कुछ बिंदुओं पर शासन ने जिलाधिकारी से रिपोर्ट मांगी है, और रिपोर्ट मिलने के बाद जमीन शीघ्र ही हस्तांतरित हो जाएगी। इस प्रकार, जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश और विधायक की पहल के बाद, कॉलेज की बंद पड़ी कक्षाओं को फिर से शुरू करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है, जिससे छात्राओं की पढ़ाई में व्यवधान कम होगा और उन्हें एक बार फिर से नियमित शिक्षा प्राप्त हो सकेगी।

## भाजपा युवा मोर्चा ने डीएम को सौंपा ज्ञापन, कोचिंग विस्तार की मांग

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष संदीप कुमार वर्मा ने मुख्यमंत्री अभ्युदय निशुल्क कोचिंग योजना के विस्तार के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की मांग को लेकर जिलाधिकारी बलरामपुर को एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में संदीप कुमार वर्मा ने उल्लेख किया कि जिला मुख्यालय पर स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (छ्ढ्ढश्वञ्ज) में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत निशुल्क कोचिंग का संचालन हो रहा है। यह संस्थान छात्रों के लिए एक लोकप्रिय और आकर्षक कोचिंग सेंटर के रूप में उभर रहा है।

उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत कोचिंग के विस्तार की आवश्यकता को देखते हुए, उतरौला और गैंसड़ी में दो नई शाखाएं शुरू की जाएं। वर्मा ने अपनी मांग में कहा कि इन दो स्थानों पर कोचिंग शाखाओं की स्थापना से उन छात्र-छात्राओं को भी लाभ मिलेगा जो दूरी के कारण शिक्षा के समान अवसर से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यूपीएससी, जेईई, और नीट जैसी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले बच्चों को इस योजना का लाभ प्राप्त करने का सुनहरा अवसर मिलेगा। इससे छात्र-छात्राएं मुख्यमंत्री अभ्युदय निशुल्क योजना से लाभान्वित होकर सही दिशा और मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे।

ज्ञापन में यह भी कहा गया कि यदि कोचिंग के विस्तार की योजना पर अमल किया जाता है, तो इससे क्षेत्र के छात्रों को अधिक सुविधा मिलेगी और वे अपनी शैक्षणिक यात्रा को बेहतर ढंग से आगे बढ़ा सकेंगे।

संदीप कुमार वर्मा ने जिलाधिकारी से आग्रह किया कि वे इस महत्वपूर्ण मांग पर शीघ्र ध्यान दें और कोचिंग शाखाओं के विस्तार की प्रक्रिया को तेज करें ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को इस योजना का लाभ मिल सके। इस ज्ञापन को लेकर स्थानीय प्रशासन और शिक्षा विभाग में उम्मीद की जा रही है कि वे इस मांग पर गंभीरता से विचार करेंगे और शीघ्र कार्रवाई करेंगे, ताकि छात्रों को बेहतर शिक्षा और कोचिंग सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

## तहसील उतरौला में डीएम के प्रस्तावित निरीक्षण के लिए तैयारी जोरों पर

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी बलरामपुर, पवन अग्रवाल, द्वारा आगामी 6 सितंबर, शुक्रवार को तहसील उतरौला का निरीक्षण किया जाना है। इस निरीक्षण को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए तहसील परिसर में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। तहसील परिसर की सफाई व्यवस्था को सुधारने और विभिन्न राजस्व पटलों के कार्यों को दुरुस्त करने के लिए कर्मचारियों द्वारा दिन-रात काम किया जा रहा है। पिछले एक सप्ताह से तहसील परिसर में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। नगर पालिका प्रशासन ने सार्वजनिक शौचालयों की रंगाई-पुताई का काम शुरू कर दिया है, ताकि वे साफ-सुथरे दिखें। इसके साथ ही, तहसील परिसर में उगी हुई झाड़ियों की भी सफाई कराई जा रही है। इसके अलावा, तहसील परिसर में घूम रहे छुट्टा मवेशियों को पकड़कर गौशाला भेजा जा रहा है, ताकि परिसर में व्यवस्था बनाए रखी जा सके। राजस्व अभिलेखागार की भी सफाई की जा रही है, हालांकि वहां निरीक्षण का काम अभी नहीं कराया गया है। राजस्व कर्मचारियों ने अपने-अपने पटलों के कार्यों को व्यवस्थित करने के लिए देर शाम तक काम किया है, ताकि निरीक्षण के दौरान कोई कमी न रह जाए। जिलाधिकारी के इस निरीक्षण को लेकर तहसील प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है और इस दौरान किसी भी प्रकार की खामी सामने आने से बचने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

## क्या मदरसे आतंकवाद के प्रशिक्षण केंद्र ?

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज की चर्चित मदरसा जामिया हबीबिया मस्जिदे आजम जाली नोट छाप जाने के मामले में जांच के दायरे में है। जांच के क्रम में मदरसा को लेकर एक बड़ा खुलासा हुआ है। इस मदरसे में छापेमारी के दौरान पुलिस टीमों को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ी कई किताबें मिली हैं। मदरसे के प्रिंसिपल मौलवी मोहम्मद तफसीरुल आरीफीन के कमरे में आरएसएस पर लिखी गई आपत्तिजनक किताबें और तस्वीरें मिलने पर मामला गंभीर हो गया है। मदरसे के प्रिंसिपल के कमरे से उर्दू भाषा में भड़काऊ साहित्य पाया गया। बरामद उर्दू साहित्य के अनुसार आरएसएस मुल्क में सबसे दहशतगर्द तंजीम है और बरामद किताब में आरएसएस के खिलाफ कई भड़काऊ लेख हैं, आरएसएस को किताब मे आतंकी संगठन बताया गया है। देश में हुए कई आतंकी घटनाओं का भी किताब में जिक्र किया गया है। महाराष्ट्र पुलिस के रिटायर्ड मुस्लिम पुलिस आधिकारी ने इस भड़काऊ किताब को लिखा है। जांच एजेंसियां उर्दू साहित्य से जुड़ी किताब की भी पड़ताल कर रही हैं। इन किताबों के जरिए मदरसे के बच्चों का ब्रेनवॉश किया जाता था। यूपी में मदरसों के आतंकी कनेक्शन को लेकर अक्सर आरोप लगाते रहते हैं, लेकिन संगम नगरी प्रयागराज के एक मदरसे से ऐसा सनसनीखेज खुलासा हुआ है, जो हैरान कर देने वाला है। यह मदरसा नकली नोट छापने का कारखाना बना हुआ था। प्रयागराज पुलिस ने मदरसे से संचालित होने वाले नकली नोट छापने के गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार सदस्यों को गिरफ्तार किया था। नकली नोट छापने का कारखाना बना यह मदरसा प्रयागराज शहर के अतरसुइया इलाके में स्थित है, मदरसे का नाम जामिया हबीबिया है,यहां बड़ी संख्या में छात्र तालीम हासिल करते हैं, मदरसे के एक हिस्से में मस्जिद भी है। दरअसल, मदरसे में 28 अगस्त को पुलिस ने छापेमारी की। इस छापेमारी के दौरान चौंकाने वाले खुलासे हुए, छापेमारी के दौरान पुलिस को सिर्फ जाली नोट और जाली नोट छापने की मशीन ही नहीं मिली थी, बल्कि पुलिस को कुछ आपत्तिजनक किताबें भी मिली हैं, न्यूज़ एजेंसियो को पुलिस छापेमारी के दौरान की एक्सक्लूसिव तस्वीरें मिली हैं। ऐसी ही एक किताब इस मदरसे में मिली, जिसमें आरएसएस के विरुद्ध बातें लिखी हुई हैं। ये किताब महाराष्ट्र के पूर्व पुलिस महानिरीक्षक एसएम मुशर्रफ द्वारा लिखी गई है,जानकारी के लिए बता दें कि महाराष्ट्र के रिटायर्ड आईजी मुशर्रफ ने मुंबई 26/11 को लेकर भी कई आपत्तिजनक किताबें लिखीं थीं, ये सभी किताबें ऑनलाइन भी बिक रही हैं। अब प्रश्न उठता है कि संघ को आतंकी संगठन बताते हुए लिखी इस किताब का मकसद क्या था? इसकी पुलिस जांच कर रही है, लेकिन सूत्रों की मानें तो इस मदरसे में पश्चिम बंगाल, ओडिशा, बिहार, झारखंड समेत कई राज्यों के नौजवान पढ़ने के लिए आते थे। ऐसे में संघ के विरुद्ध जहर घोलने वाले किताब की मदरसे से बरामदगी और मदरसे में जाली नोट की फैक्टरी का क्या कनेक्शन है, पुलिस इस मामले की जांच कर रही है, पुलिस ये जांच भी कर रही है कि क्या मदरसे में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स के दिमाग में संघ के विरुद्ध जहर तो नहीं भरा जा रहा था। पुलिस आरोपितों पर एनएसए लगाने की तैयारी में है।

# ज्ञान के दीपक होते हैं हमारे शिक्षक

रमेश सर्राफ धमोरा



**देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ राधाकृष्णन का जन्म पांच सितम्बर 1888 को तमिलनाडु के तिरुमनी गांव में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। वे बचपन से ही किताबें पढ़ने के शौकीन थे और स्वामी विवेकानंद से काफी प्रभावित थे। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक महान शिक्षक थे। जिन्होंने अपने जीवन के 40 वर्ष अध्यापन पेशे को दिया है। वो विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षकों के योगदान और भूमिका के लिये प्रसिद्ध थे। इसलिये वो पहले व्यक्ति थे जिन्होंने शिक्षकों के बारे में सोचा और हर वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रुप में मनाने का अनुरोध किया। उनका निधन 17 अप्रैल 1975 को चेन्नई में हुआ था। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने 1909 में चेन्नई के प्रेसिडेंसी कॉलेज में अध्यापन पेशे में प्रवेश करने के साथ ही दर्शनशास्त्र शिक्षक के रुप में अपने करियर की शुरुआत की थी।**

कहा जाता है कि गुरु के बिना ज्ञान अधूरा रहता है। यह बात बिल्कुल सत्य है। हमारे जीवन में सबसे पहली गुरु तो मां होती है जो हमें जन्म लेते ही हर बातों का ज्ञान कराती है। मगर विद्यार्थी काल में बालक के जीवन में शिक्षक एक ऐसा गुरु होता है जो उसे शिक्षित तो करता ही है साथ ही उसे अच्छे बुरे का ज्ञान भी कराता है। पहले के समय में तो छात्र गुरुकुल में शिक्षक के पास रहकर वर्षों विद्या अध्ययन करते थे। उस दौरान गुरु अपने शिष्यों को विद्या अध्ययन करवाने के साथ ही स्वावलंबी बनने का पाठ भी पढ़ाते थे। इसीलिए कहा गया है कि गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पाय, बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए। गुरु का स्थान ईश्वर से भी बड़ा माना गया है, क्योंकि गुरु के माध्यम से ही व्यक्ति ईश्वर को भी प्राप्त करता है।

हमारे जीवन को संवारने में शिक्षक एक बड़ी और महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। सफलता प्राप्ति के लिये वो हमें कई प्रकार से मदद करते है। जैसे हमारे ज्ञान, कौशल के स्तर, विश्वास आदि को बढ़ाते है तथा हमारे जीवन को सही आकार में ढ़ालते है। कबीर दास ने शिक्षक के कार्य को इन पंक्तियो में समझाया है:-

गुरु कुम्हार शिष कुंभ है, गढ़ि गढ़ि काढ़ै खोट, अंतर हाथ सहार दै, बाहर बाहै चोट÷ कबीर दास जी कहते है कि शिक्षक एक कुम्हार की तरह है और छात्र पानी के घड़े की तरह। जो उनके द्वारा बनाया जाता है और इसके निर्माण के दौरान वह बाहर से घड़े पर चोट करता है। इसके साथ ही सहारा देने के लिए अपना एक हाथ अंदर भी रखता है।

शिक्षक हमें जीवन में सफलता के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल देते हैं। शिक्षक हमारे व्यक्तित्व को तैयार करते हैं। चरित्र को ढालने और मूल्यों को स्थापित करने में मदद करते हैं। हमें एक अच्छा नागरिक भी मनाने में मदद करते हैं। शिक्षक ही है जो छात्रों को जीवन का नया अर्थ सिखाता है। वे हमें सही रास्ता दिखाते हैं और कुछ भी गलत करने से रोकते हैं। वे बाहर से देख सकते हैं। वे प्रत्येक छात्र की देखभाल करते हैं और उनके विकास की कामना करते हैं। उस छात्र को मत भूलो जो छात्र अपने शिक्षकों का सम्मान नहीं करता है। वह जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ता है। शिक्षक छात्र के व्यक्तित्व को ढालते हैं। वे एकमात्र निःस्वार्थ व्यक्ति हैं जो खुशी-खुशी बच्चों को अपना सारा ज्ञान देते हैं। शिक्षक विद्यार्थियो के जीवन के वास्तविक निर्माता होते हैं जो न सिर्फ हमारे जीवन को आकार देते हैं। बल्कि हमें इस काबिल बनाते हैं कि हम पूरी दुनिया में अंधकार होने के बाद भी प्रकाश की तरह जलते रहें। शिक्षक समाज में प्रकाश स्तम्भ की तरह होता है। जो अपने शिष्यों को सही राह दिखाकर अंधेरे से प्रकाश की और ले जाता है। शिक्षकों के ज्ञान से फैलने वाली रोशनी दूर से ही नजर आने लगती है। इस वजह से हमारा राष्ट्र ढ़ेर सारे प्रकाश स्तम्भों से रोशन हो रहा है। इसलिये देश में शिक्षकों को सम्मान दिया जाता है। शिक्षक और विद्यार्थी के बीच के रिश्तों को सुदृढ़ करने को शिक्षक दिवस एक बड़ा अवसर होता है। पुराने समय में शिक्षकों को चरण स्पर्श कर सम्मान दिया जाता था। परन्तु आज के समय में शिक्षक और छात्र दोनो ही बदल गये है। पहले शिक्षण एक पेशा ना होकर एक उत्साह और एक शौक का कार्य था। पर अब यह मात्र एक आजीविका चलाने का साधन बनकर रह गया है। शिक्षक एक व्यक्ति के जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। शिक्षक एक मार्गदर्शक, गुरु, मित्र होने के साथ ही और कई भूमिकाएं निभाते है। यह विद्यार्थी के उपर निर्भर करता है कि वह अपने शिक्षक को कैसे परिभाषित करता है। संत तुलसी दास के ने इसे नीचे के पंक्तियों में बहुत ही अच्छे तरीके से समझाया है। संत तुलसी दास ने बताया है कि भगवान, गुरु एक व्यक्ति को वैसे ही नजर आयेंगे जैसा कि वह सोचेगा। उदहारण के लिए अर्जुन भगवान श्रीकृष्ण को अपना मित्र मानते थे। वही मीरा बाई भगवान श्रीकृष्ण को अपना प्रेमी। ठीक इसी प्रकार से यह शिक्षक के उपर भी लागू होता है। इसीलिए कहते हैं कि शिक्षक समाज का पथ प्रदर्शक होता है। शिक्षक दिवस को स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय और शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षक और विद्यार्थियों के द्वारा बहुत ही खुशी और उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन विद्यार्थियों से शिक्षकों को ढ़ेर सारी बधाईयां मिलती है। भारत में शिक्षक दिवस शिक्षको के सम्मान में मनाया जाता है। शिक्षक पूरे वर्ष मेहनत करते है और चाहते है कि उनके छात्र विद्यालय और अन्य गतिविधियों में अच्छा प्रदर्शन करें। शिक्षक दिवस पर पूरे देश के विद्यालयों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। दुनिया के एक सौ से अधिक देशों में अलग-अलग समय पर शिक्षक दिवस मनाया जाता है। भारत में भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस पांच सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को 1962 से शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने अपने छात्रों से अपने जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की इच्छा जताई थी। देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ राधाकृष्णन का जन्म पांच सितम्बर 1888 को तमिलनाडु के तिरुमनी गांव में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। वे बचपन से ही किताबें पढ़ने के शौकीन थे और स्वामी विवेकानंद से काफी प्रभावित थे। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक महान शिक्षक थे। जिन्होंने अपने जीवन के 40 वर्ष अध्यापन पेशे को दिया है। वो विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षकों के योगदान और भूमिका के लिये प्रसिद्ध थे। इसलिये वो पहले व्यक्ति थे जिन्होंने शिक्षकों के बारे में सोचा और हर वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रुप में मनाने का अनुरोध किया। उनका निधन 17 अप्रैल 1975 को चेन्नई में हुआ था। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने 1909 में चेन्नई के प्रेसिडेंसी कॉलेज में अध्यापन पेशे में प्रवेश करने के साथ ही दर्शनशास्त्र शिक्षक के रुप में अपने करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने बनारस, चेन्नई, कोलकाता, मैसूर जैसे कई प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों तथा विदेशों में लंदन के ऑक्सफोर्ड जैसे विश्वविद्यालयों में दर्शनशास्त्र पढ़ाया था। अध्यापन पेशे के प्रति अपने समर्पण की वजह से उन्हें 1949 में विश्वविद्यालय छात्रवृत्ति कमीशन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। हर देश में इस दिवस को मनाने की तारीख अलग-अलग है। चीन में 10 सितम्बर तो अमेरिका में छह मई, ऑस्ट्रेलिया में अक्तूबर का अंतिम शुक्रवार, ब्राजील में 15 अक्तूबर और पाकिस्तान में पांच अक्तूबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। इसके अलावा ओमान, सीरिया, मिस्त्र, लीबिया, संयुक्त अरब अमीरात, यमन, सऊदी अरब, अल्जीरिया, मोरक्को और कई इस्लामी देशों में 28 फरवरी को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्तमान समय में शिक्षकों का समाज में सम्मान कम होने लगा है।

विचार

# जनकल्याण में जुटी मोदी सरकार

डॉ. लोकेश कुमार



**18, जून 2024 को सम्मान निधि की 17वीं किश्त जारी की गई। योजना में हर चार महीने में दो हजार रुपये वित्तीय लाभ किसानों के खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) मोड में बैंक अकाउंट में ट्रांसफर किए जाते हैं।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार सामाजिक कल्याण की योजनाओं के माध्यम से जनकल्याण के कार्य में जुटी है। मोदी सरकार गरीब को भोजन, आवास, रसोई गैस, स्वास्थ्य, किसानों को आत्मसम्मान, लघु और सूक्ष्म उद्यमियों को अपना रोजगार चलाने के लिए बैंकों से ऋण उपलब्ध करवा रही है। देश की आजादी के बाद कई दशकों से गरीब का घर अंधेरा में था, आज उसमें खुशियों के चिराग जल रहे हैं। यह सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र को लेकर प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सरकार के उद्देश्य को पूरा करने के लिए समर्पण के साथ रात-दिन एक करके देश के गरीब वंचित लोगों के सहयोग में जुटी हुई है।

इन योजनाओं का लाभ शहरी नहीं बल्कि दूर दराज में बैठे ग्रामीण भी उठा रहे हैं। क्योंकि सरकार बैंकों के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के खाते में पैसा पहुंचा रही है। इस लाभ के बीच में किसी का दखल नहीं है, ना कोई बिचौलिया है। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी कहते थे कि ‘‘ मैं केन्द्र से एक रुपया भेजता हूं, वह आप तक 10 पैसे ही पहुंच पाता है।’’ मोदी सरकार ने इस प्रकार के भ्रष्टाचार पर लगाम लगा दी है। प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जागरूकता अभियान एक ऐसा अभियान है, जिसने अपने सांगठनिक ढांचे को सम्पूर्ण भारत में मजबूत कर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को मिल रहा है। यह योजनाएं गरीब के लिए वरदान साबित हो रही हैं।

**प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना**

यह योजना किसानों के लिए वरदान साबित हुई है। इस योजना का लाभ लेने के लिए व्यक्ति के नाम जमीन होनी चाहिए। इस योजना का मकसद उन किसान परिवारों की आय बढ़ाना है, जिनके पास खेती योग्य जमीन है। उसकी भूमि दो एकड़ से अधिक नहीं होनी चाहिए, दो एकड़ से अधिक भूमि वाला किसान योजना से वंचित रहेगा। यह योजना उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से 24 फरवरी, 2019 से प्रारंभ हुई। अभी हाल ही में 18, जून 2024 को 17 वीं किश्त जारी कर दी गई। इस योजना में हर चार महीने में दो हजार रुपये वित्तीय लाभ किसानों के खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) मोड में बैंक अकाउंट में ट्रांसफर किए जाते हैं। एक वर्ष में कुल छह हजार रुपये किसानों को भेजे जाते हैं।इस योजना का 11 करोड़ से अधिक किसानों को लाभ मिल रहा है। इससे किसानों की क्रय शक्ति में वृद्धि हुई है, भारत का जीडीपी में सुधार आता है।

**प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना**

मोदी सरकार ने महिलाओं को मिट्टी के चूल्हें से आंखें खराब होने से बचाने के लिए 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को निशुल्क एलपीजी सिलेण्डर और चूल्हे वितरित किए गए। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में खाना पकाने के लिए उपयोग में आने वाले जीवाश्म ईंधन की जगह एलपीजी के उपयोग को बढ़ावा देना है। योजना के माध्यम से सरकार महिला सषक्तीकरण को बढ़ावा देना है।उत्तर प्रदेष के बलिया से 1 मई, 2016 को इस योजना का शुभारंभ किया गया। इस योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में जमा हो जाती है। अगस्त में कैबिनेट की मीटिंग में 75 लाख लाभार्थियों को और जोड़ने की मंजूरी दी गई। केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी सिलेंडर पर दी जाने वाली 450 रुपए की सब्सिडी को 31 मार्च, 2025 तक बढ़ा दी है। इस योजना का लाभ बिना किसी धर्म और जाति के साथ भेदभाव के बिना गरीब को लाभ पहुंचाया जा रहा है।

**प्रधानमंत्री आवास योजना**

मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4.21 करोड़ मकान बनाए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस योजना का शुभारंभ 25 जून, 2015 को हुआ। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में निर्णय लिया है कि आवास की जरूरत को पूरा करने के लिए 3 करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी परिवारों को आवास बनाने में मदद की जाएगी। इस योजना के माध्यम से गरीब और बेघर लोगों को आवास की सुविधा प्रदान कराई जाती है। योजना के तहत ग्रामीण लाभार्थियों को अपना खुद का घर बनवाने के लिए सहायता राशि प्रदान की जा रही है। इस योजना से गरीब का घर बनाने का सपना पूरा होता नजर आ रहा है। इससे चार करोड से अधिक परिवारों को सिर पर छत मिली है। उनको भी अपना एक आशियाना बना है।

**प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना**

मोदी सरकार ने खाद्य सुरक्षा कल्याण योजना 26 मार्च, 2020 को भारत में कोविड-19 की महामारी के दौरान प्रारंभ की। इस योजना के माध्यम से 81.35 करोड़ लोगों अर्थात (56.81) आबादी को इसका लाभ मिल रहा है। इसमें एक लाभार्थी पांच किलो गेहूं या पांच किलो चावल, एक किलो दाल निशुल्क खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग की ओर से वितरित किया जा रहा है। लेकिन नोडल मंत्रालय वित्त मंत्रालय है। इस योजना के तहत सभी प्राथमिकता वाले परिवारों और अंत्योदय अन्न योजना के तहत पहचाने जाने वालों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से अनाज उपलब्ध कराकर भारत के सबसे गरीब नागरिकों को भोजन उपलब्ध कराना है। इस योजना का लक्ष्य कोई गरीब भूखा नहीं सोए।

## सर्वसुलभ इंसाफ की उम्मीद को पंख लगे

सर्वोच्च न्यायालय की हीरक जयन्ती के अवसर पर सभी ने शीघ्र न्याय की जरूरत को स्वीकारते हुए कहा कि ‘तारीख पे तारीख’ की संस्कृति से तौबा करने का वक्त आ गया है? न्याय प्रणाली की कमियों को दूर करने के रास्ते उद्घाटित होने ही चाहिए। यह सुखद, अविस्मरणीय एवं ऐतिहासिक अवसर ही है कि देश के सर्वच्च न्यायालय ने 75 साल का गरिमामय सफर पूरा कर लिया है। संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के प्रयासों में सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका को यादगार बनाने के लिये बाकायदा डाक टिकट व सिक्के भी हाल ही में जारी किये गए और विभिन्न आयोजनों में सर्वच्च न्यायालय की भूमिका को अधिक सशक्त बनाने के विषय पर गंभीर मंथन भी हुआ, ऐसे ही आयोजनों में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड ने इस बात पर बल दिया कि समय पर न्याय मिलने से ही न्याय का वास्तविक लक्ष्य पूरा होता है। ‘न्याय में देरी न्याय के सिद्धांत से विमुखता है’ वाली इस बात को सभी महसूस करते हैं लेकिन न्यायिक व्यवस्था के शीर्ष पर आसीन मुख्य न्यायाधीश के साथ-साथ राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री की इस स्वीकारोक्ति के गहरे निहितार्थ हैं। ‘न्याय प्राप्त करना और इसे समय से प्राप्त करना किसी भी राज्य व्यवस्था के व्यक्ति का नैसर्गिक अधिकार होता है।’ सर्वोच्च न्यायालय की हीरक जयन्ती के अवसर पर सभी ने शीघ्र न्याय की जरूरत को स्वीकारते हुए कहा कि ‘तारीख पे तारीख’ की संस्कृति से तौबा करने का वक्त आ गया है? न्याय प्रणाली की कमियों को दूर करने के रास्ते उद्घाटित होने ही चाहिए। यही वजह है कि जिला न्यायपालिका के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जो कुछ कहा, उसे देश की पूरी न्याय व्यवस्था के लिए अलार्म बेल माना जा सकता है। राष्ट्रपति ने याद दिलाया कि जब तक न्यायपालिका देश के आम लोगों को सहजता से इंसाफ तक पहुंचने का रास्ता मुहैया नहीं कराती, तब तक उसका काम पूरा नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिये अदालतों में स्थगन की संस्कृति को बदलने के प्रयास करने की सख्त जरूरत है। उन्होंने स्वीकारा कि अदालतों में बड़ी संख्या में लंबित मामलों का होना हम सभी के लिये बड़ी चुनौती है।

अदालतों से न्याय पाने की प्रक्रिया बड़ी खर्चीली है और इसमें बेहिसाब वक्त लगता है। इन दोनों ही का नतीजा इसी रूप में सामने आता है कि इंसाफ की आस लेकर अदालत पहुंचा व्यक्ति फैसला आने तक टूट चुका होता है। इसीलिये राष्ट्रपति ने ठीक ही कहा कि किसी गंभीर अपराध से जुड़े मामले का फैसला आने में 32 साल लग जाए तो लोगों को ऐसा लगना अस्वाभाविक नहीं कि शायद अदालतें ऐसे मामलों को लेकर संवेदनशील नहीं हैं। राष्ट्रपति ने किसी खास मामले का जिक्र नहीं किया, लेकिन उनका इशारा अजमेर में पॉक्सो अदालत द्वारा इसी 20 अगस्त को सुनाए गए फैसले की तरफ था। एक चर्चित सेक्स स्कैंडल से जुड़े इस मामले में छह लोगों को उम्र कैद की सजा सुनाने में 32 साल लग गए। यह अपनी तरह का कोई इकलौता मामला नहीं है। बेहद गंभीर और वीभत्स अपराध के सैकड़ों ऐसे मामले हैं, जो अदालतों में बरसों से लंबित पड़े हैं। लोग अदालतों में मुकदमों के लंबे खिंचने से इतने त्रस्त हो जाते हैं कि किसी तरह समझौता करके पिंड छुड़ाना चाहते हैं। सर्वोच्च न्यायालय की हीरक जयन्ती पर महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि न्यायपालिका और विशेष रूप से सुप्रीम कोर्ट इसके लिए क्या करने जा रहा है, जिससे लोग न्याय प्रक्रिया से हताश-निराश होकर समझौता करने के लिए बाध्य न हों? प्रश्न यह भी है उन्हें समय पर त्वरित न्याय कब मिल सकेगा? दुर्भाग्य से ये प्रश्न दशकों से अनुत्तरित है। इससे पहले जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में त्वरित न्याय की आवश्यकता पर बल दिया था ताकि महिलाओं में अपनी सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ सके।



## राशिफल

**मेष:-** नए क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव है। समस्याओ के समाधान से उत्साह में बृद्धि होगी। नए सम्बन्धों के सहयोग से आर्थिक कठिनाईयां दूर होंगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**बृषभ:-** भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ति में असमर्थता जैसी पूर्वाग्रह मन में निराशा पैदा करेगी। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**मिथुन:-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कायरे में न गंवायें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहो की प्रतिकूलता से बिमार पड़ सकता है।

**कर्क:-** सब कुछ सामान्यत: ठीक होते हुए भी मन में अरुचितकर लगेगा। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट होगा। पिता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**सिंह:-** किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्ट का वातावरण रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कायरे के प्रति आलस्य न करें।

**कन्या:-** प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव उन प्रतिभाओं के लाभ से वन्चित हो सकता है। कल्पनाओं में जीना छोड़ कर भौतिक जगत के अनुरूप चलने का प्रयास करें।

**तुला:-** योजनाओं के फ्लीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन मौज मस्ती समय ब्यर्थ कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम तिब्र होगा।

**वृश्चिक:-** नये घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन अत्यंत प्रसन्न होगा।

**धनु:-** पुराने गलतियो से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कायरे से परिजनो के दिल में जगह बनावें। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें।

**मकर:-** सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ति में असमर्थता जैसी पूर्वाग्रह मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव पहुंच सकता है।

**कुंभ:-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिया गया निर्णय से पश्चाताप का कारण बन सकता है।

**मीन:-** मन को सकारात्मक दिशा प्रदान करें। भाग्य से प्राप्त अच्छे-बुरे सभी परीस्थितियों के साथ समझौतावादी बनें। अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें।

# जातिगत जनगणना के मुद्दे पर संघ का संतुलित दृष्टिकोण

कृष्णमोहन झा



**लोकसभा चुनाव के बाद तीन महीने बाद संपन्न संघ की इस तीन दिवसीय बैठक में राष्ट्रीय महत्व? के जिन विषयों पर गहन विचार-विमर्श हुआ उनकी सारगर्भित जानकारी बैठक की समाप्ति के पश्चात संघ के राष्ट्रीय प्रचार प्रभारी सुनील आंबेकर ने एक पत्रकार वार्ता में प्रदान की । सुनील आंबेकर ने बताया कि बैठक में कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ रेप और उसके बाद उसकी हत्या की घटना की निंदा करते हुए उसकी जांच और न्याय प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए सरकारी मशीनरी, तंत्र की सक्रियता पर बल दिया गया। संघ की बैठक में कोलकाता कांड जैसी घटनाओं को रोकने के पांच तरह के उपाय किए जाने पर बल दिया गया। इनमें फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर त्वरित न्याय, सामाजिक जागरूकता, बचपन से बच्चों में उत्तम संस्कार, शिक्षा व्यवस्था और आत्म रक्षा का प्रशिक्षण शामिल है।**

कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी दल पिछले कुछ महीनों से जातिगत जनगणना का मुद्दा उछाल कर देश भर में अपने पक्ष में हवा बनाने की जी तोड कोशिश कर रहे हैं। इस मुद्दे पर सत्तारूढ़ राजग की मुखिया भाजपा ने अभी तक अपना कोई स्पष्ट दृष्टिकोण व्यक्त नहीं किया है परन्तु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने गत दिनों केरल के पलक्कड़ शहर में संपन्न अपनी अखिल भारतीय समन्वय बैठक में जो महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं उनका निश्चित रूप से स्वागत किया जाना चाहिये। संघ का मानना है कि हिंदू समाज में जाति एक संवेदनशील मुद्दा है । राष्ट्रीय एकता और अखंडता की दृष्टि के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है इसलिए इसे बहुत गंभीरता से लिया जाना चाहिए।।यदि आवश्यक हो तो सरकार जातिगत जनगणना करा सकती है लेकिन इस मुद्दे का चुनावी इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। जातिगत जनगणना का उद्देश्य केवल पिछड़े समाज का कल्याण होना चाहिए। बैठक में संघ का स्पष्ट मत था कि जातीय विभाजन को रोकने का एक मात्र उपाय हिंदुत्व है।

गौरतलब है कि देश के विभिन्न स्थानों पर संघ की समय समय पर होने वाली बैठकों में अखिल भारतीय समन्वय बैठक को विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है। केरल के पलक्कड़ में संपन्न हुई यह बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही थी क्योंकि कुछ समय पूर्व वायनाड में भूस्खलन से जान-माल का भारी नुकसान हुआ था। बैठक के प्रारंभ में वायनाड हादसे में असमय ही मौत की शिकार हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई।

बैठक में संघ के स्वयंसेवकों ने वायनाड में चल रहे राहत कार्यों में अपनी सहभागिता की जानकारी साझा की । संघ की इस महत्वपूर्ण बैठक के पहले दिन सरसंघचालक मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले मौजूद थे। इनके अलावा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष, विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष और महामंत्री, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री सहित संघ के 32 सहयोगी संगठनों के 320 प्रतिनिधियों ने भी बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

लोकसभा चुनाव के बाद तीन महीने बाद संपन्न संघ की इस तीन दिवसीय बैठक में राष्ट्रीय महत्व? के जिन विषयों पर गहन विचार-विमर्श हुआ उनकी सारगर्भित जानकारी बैठक की समाप्ति के पश्चात संघ के राष्ट्रीय प्रचार प्रभारी सुनील आंबेकर ने एक पत्रकार वार्ता में प्रदान की । सुनील आंबेकर ने बताया कि बैठक में कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ रेप और उसके बाद उसकी हत्या की घटना की निंदा करते हुए उसकी जांच और न्याय प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए सरकारी मशीनरी, तंत्र की सक्रियता पर बल दिया गया। संघ की बैठक में कोलकाता कांड जैसी घटनाओं को रोकने के पांच तरह के उपाय किए जाने पर बल दिया गया। इनमें फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर त्वरित न्याय, सामाजिक जागरूकता, बचपन से बच्चों में उत्तम संस्कार, शिक्षा व्यवस्था और आत्म रक्षा का प्रशिक्षण शामिल है।

बैठक में इस विषय जुड़े विचार-विमर्श में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर परोसी जाने वाली सामग्री की कड़ी निगरानी की जानी चाहिए ताकि वे अश्लीलता न परोस सकें। इसमें दोराय नहीं हो सकती कि कोलकाता कांड जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं को रोकने में संघ द्वारा सुझाए गए उपाय महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। संघ की समन्वय बैठक में बांग्लादेश देश में हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार से बंगला देश सरकार के साथ बातचीत करने का आग्रह किया गया। बैठक में बांग्लादेशा देश की ताजा स्थिति के बारे में विस्तृत रिपोर्ट भी पेश की गई। संघ के राष्ट्रीय प्रचार प्रभारी ने बताया कि बैठक में पंच परिवर्तन संकल्प के रूप में नागरिक कर्तव्य, कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय स्वत्व देशव्यापी परिवर्तन अभियान चलाने का संकल्प लिया गया।

संघ की प्रति वर्ष होने वाली बैठकों में विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानी जाने वाली समन्वय समिति की यह बैठक इस बार चूंकि लोकसभा चुनाव के बाद आयोजित की गई थी इसलिए जब पत्रकारों ने सुनील आंबेकर से संघ और भाजपा के बीच विगत दिनों उभरे कथित मतभेद के बारे में प्रश्न किया तो उन्होंने इसे पारिवारिक मामला बताते हुए कहा कि हम इसे परिवार के अंदर ही सुलझा लेंगे। बैठक में संघ के शताब्दी आयोजन पर भी विचार-विमर्श किया गया।

**(लेखक, राजनीतिक विश्लेषक हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# धीरे-धीरे रेंग रही आठ वर्षों से सोलह गांवों में चकबंदी प्रक्रिया

- छानी गांव के ग्रामीणों ने चकंबदी कराने से किया साफ इंकार, चिकासी गांव में हाईकोर्ट ने किया स्टे
- लंबी प्रक्रिया से चकबंदी से किसानों का उठता जा रहा विश्वास, शासन स्तर पर प्रदेश में कार्रवाई होने पर यहां पर भी देखी जा रही है तेजी

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिले में आठ सालों से सोलह गांवों में चल रही चकबंदी धीरे धीरे रेंग रही है जिससे किसान बेहद परेशान है वही बिभाग स्टाफ न होने का बहाना बनाकर अपना पल्ला झाड़ ले रहा है।

वही छानी गांव के ग्रामीणों ने चकबंदी कराने से साफ मना कर दिया तो चिकासी गांव में हाईकोर्ट ने चकबंदी करने से रोक लगा दी है। इधर सूबे में कार्यवाही होने से यहां पर कुछ तेजी दिखायी दे रही है।जानकारी के मुताबिक चकबंदी की लंबी प्रक्रिया से ग्रामीणों व किसानों में विश्वास उठता जा रहा है। जिले के सोलह गांवों वर्ष 2015 में चकबंदी प्रक्रिया चालू हुयी थी जिसमे अतरैया, उमराहट, नैठीडाडा, रानीगंज, चंदूपूर, देवीगंज, रहेबटा, देवखुरी, मोहम्मदपुर, धौहलखुर्द, इकठोर, परछछ, ममझगवा, छानी, चिकासी, रोरो आदि गांव चंकबंदी प्रक्रिया में लिये गये थे। नौ साल बीतने को है मगर अभी तक दो या तीन गांव ऐसे है जिसमे चकबंदी आखिरी चरण मे है। ग्रामीणों का कहना है कि चकबंदी मे सर्वे चककाटना व वैल्यूशन समेत कई विंदुओ पर जांच होती है जिससे कई कई साल तक यह प्रक्रिया होती है। चबबंदी मे कर्मचारी अपनी मनमानी करते है जिससे रोजाना शिकायते होती है जिससे ज्यादातर ग्रामीण चकंबंदी कराने से साफ मना कर देते है।

सहायक चकबंदी अधिकारी वाहिद खान का कहना है कि प्रक्रियु चल रही है। धीरे धीरे काम हो रहा है। विभाग ने दावा किया है कि परछछ,नैठी में चकबंदी पूरी होने वाली है।चिकासी में हाई कोर्ट ने रोक लगा दी है इसलिये सीओ चकबंदी इस गांव को अपास करने वाले है। अतरैया में दिसम्बर माह में चकबंदी पूरी तरह समाप्त हो जायेगी। बताया जाता है कि पेशी कानूनगो छह में केवल एक है जो पूरा जिले संभाले हुये है। लेखपालो की मात्रा तो पूरी है मगर अन्य कर्मियों की काफी कमी है। विभाग ने दावा किया है कि मार्च तक रानीगंज,इकठौर,अतरैया का चकबंदी का कार्य पूरा हो जायेगा। मगर जिस प्रकार से काम किया जा रहाहै तो किसानों को विश्वास नही हो रहा है कि मार्च तक कोई गांव चकबंदी मुक्त हो पायेगा। किसानों का कहना है कि चंकबंदी से पूरी खेती की व्यवस्था बेकार हो जाती है। हालाकि शासन द्वारा चकबंदी कर्मियों व अधिकारियों पर कार्यवाही करने से यहा पर भी चकबंदी कार्यों में तेजी देखी जा रही है। मगर जिस गति से काम होना चाहिये उस गति से काम रत्ती भर नही हो रहा है।

### सर्वे में केवल दो सदस्य होने से चकबंदी में लगती है देरी

हमीरपुर। चकबंदी करने से पहले लखनऊ से एक सर्वे टीम आती है जो महीनों गांवो में सर्वे करती रहती है। यहां पर सर्वे टीम मे केवल दो सदस्य है जिससे सर्वे में सबसे ज्यादा समय ब्यतीत होता है। सर्वे कई सदस्यों द्वारा होना चाहिये मगर शासन से कोई व्यवस्था न होने के कारण सबसे ज्यादा समय सर्वे में चला जाता है ।कानूनगो पेशी का कहना ह कि जब इन गांवों चंकबंदी समाप्त हो जायेगी तो अन्य गांव चुने जायेगे। चकबंदी ज्यादा से ज्यादा चार या पांच साल में हो जाना चाहिये मगर स्टाफ न होने के कारण मामला लंबा खिंचता रहता है।

# नियुक्ति पत्र पाकर अभ्यर्थियों के खिले चेहरे

- उ.प्र. अधीनस्थ चयन आयोग से चयनित अभ्यर्थियों को महोबा में नियुक्ति पत्र किये गये वितरित

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश अधीनस्थ चयन आयोग, लखनऊ के माध्यम से निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत अधियाचनकर्ता विभाग के चयनित/संस्तुत कुल 1334 अभ्यर्थियों अवर अभियंता, संगणक एवं फोरमैन को लोक भवन स्थित सभागार में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यकम में मुख्यमंत्री जी द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया, कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के विकास से संबंधित लघु फिल्म भी दिखाई गई, लोकभवन लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण तथा संबोधन का सजीव प्रसारण हुआ जिसे एनआईसी कलेक्ट्रेट सभागार में देखा व सुना गया।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत जनपद के चयनित अभ्यर्थियों यथा प्रतिमा, आलोक कुमार को ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में अवर अभियंता तथा रीना सोनी को जिला पंचायत में अवर अभियंता एवं आशीष कुमार को जल कर विभाग में अवर अभियंता के पद हेतु जिला पंचायत अध्यक्ष जे. पी. अनुरागी, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, जिलाधिकारी मृदुल चौधरी एवं नगर पालिका अध्यक्ष डॉ संतोष चौरसिया द्वारा अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया।

## खबरें एक नजर में

### अपर पुलिस अधीक्षक का जनपद से स्थानान्तरण होने पर विदाई समारोह आयोजित



**महोबा, समृद्धि न्यूज।** अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम् का जनपद महोबा से 45वीं बटालियन पीएसी अलीगढ़ स्थानान्तरण होने पर आज पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा जिलाधिकारी महोबा मृदुल चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति में पुलिस लाइन महोबा में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस विदाई समारोह के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक का जनपद से स्थानान्तरण होने पर सभाकक्ष में मौजूद सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके हंसमुख मधुर व्यवहार, कार्यकुशलता, नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए पुष्प माला पहनाकर, प्रतीक चिह्न/मोमेन्टो एवं उपहार भेंट कर मंगलमय उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भावुक विदाई दी गई। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व राम प्रकाश, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मो0 मोइनुल इस्लाम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र सिंह, उपजिलाधिकारी चरखारी प्रदीप कुमार, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद, क्षेत्राधिकारी सदर दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गौंड, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी सहित जनपदीय पुलिस के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष सहित समस्त शाखाओं के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्तिथ रहे।

### डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य कर, एआरटीओ, खनिज अधिकारी लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत करें वसूली : डीएम

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर–करेत्तर, राजस्व कार्यों एवं राजस्व वादों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कर–करेत्तर से संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन के द्वारा निर्धारित करों के लक्ष्यों की पूर्ति करना सुनिश्चित करें। उन्होंने डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य कर, एआरटीओ, खनिज अधिकारी को लक्ष्य के सापेक्ष शत–प्रतिशत वसूली करने तथा रजिस्ट्रेशन बढ़ाने हेतु निर्देशित किया ।उन्होंने नगर पालिका/नगर पंचायतों को निर्देशित करते हुए कहा कि दुकानों का अग्रीमेंट कराकर ही किराये पर दें तथा लक्ष्य के सापेक्ष वसूली करें ।जिलाधिकारी नें विद्युत विभाग को वसूली लक्ष्य के सापेक्ष करने हेतु अभियान चला कर वसूली करने के निर्देश दिए ।इसके अतिरिक्त सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारिओं को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने–अपने विभागों की वसूली शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष शत–प्रतिशत कराएं। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश तथा संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर शिक्षक विधायक बाबूलाल तिवारी ने किया शिक्षकों का सम्मान

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** जिला मुख्यालय के आल्हा चौक स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज महोबा में शिक्षक विधायक बाबूलाल तिवारी ने शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर विद्यालय के समस्त अध्यापकों का सम्मान किया। उपरोक्त अवसर पर विधायक प्रतिनिधि विद्यालय के प्रधानाचार्य माननीय श्री कमलेश सिंह जी ने सर्वप्रथम विद्यालय में आए विद्यालय के अतिथि के रूप में शिक्षक विधायक विधान परिषद सदस्य आदरणीय श्री बाबूलाल तिवारी जी का फूल माला और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया तुरंत आदरणीय विधायक जी ने कहा कि यह अवसर आप सबके सम्मान का है मेरे सम्मान का नहीं, आप सब सम्मानित होंगे तो मैं अपने आप सम्मानित हूंगा आप लोगों की मेहनत निश्चित ही इस नवयुग के भविष्य का निर्माण करती है और आप लोगों की ही मेहनत और स्नेह से सदन में आज बुंदेलखंड का नाम ऊंचा हो रहा है विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने कहा कि हमारे लिए गौरव की बात है कि हमारे बुंदेलखंड का नाम ऊंचा करने के लिए हमारे बीच का कोई चेहरा आज सदन में बुंदेलखंड का नाम ऊंचा कर रहा है उन्होंने पूर्व की एक याद भरी हुई कहानी बताइए कि लगभग सन 1985 के आसपास की बात है कि जब आदरणीय श्री बाबूलाल तिवारी जी ने वहां बुंदेलखंड महाविद्यालय झांसी में छात्र संघ अध्यक्ष का चुनाव लड़ा तब मुझे आभास हुआ कि यह चेहरा निश्चित ही अग्रिम भविष्य का बुंदेलखंड का वह चेहरा होगा जो बुंदेलखंड का और हमारे क्षेत्र का नाम रोशन करेगा और आपने जब विधान परिषद में जाकर यह सिद्ध कर दिया कि जो मेरे मन में बात आ रही थी वह निश्चित ही सत्य थी। छात्रसंघ की सियासत से उच्च सदन तक पहुंचे पहली बार शिक्षक एमएलसी बने डॉ बाबूलाल की जीत पर हमारा विद्यालय परिवार और समूचा बुंदेलखंड खुश है। डॉ. बाबूलाल तिवारी ने अपने सियासी सफर की शुरुआत छात्र राजनीति से की थी। पहली बार उन्होंने 1986 में एवीवीपी के टिकट पर बुंदेलखंड महाविद्यालय के छात्रसंघ अध्यक्ष का चुनाव जीता था। इसके साथ ही उनका सियासी सफर शुरू हुआ। इस बार भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ा तो पहली बार वह उच्च सदन में पहुंचने में कामयाब हुए हैं। हमें ऐसे नेता को पाकर गर्व है निश्चित ही हम स्वाभिमान से कह सकते हैं कि हमें ऐसे नायक बार–बार नहीं मिलते।

# आरबीपीएस की छात्रा अथर्विका बनेंगी डाक्टर, मेडीकल कालेज सागर में हुआ चयन

**कुलपहाड (महोबा), समृद्धि न्यूज।**

नगर के रामरतन भुवनेश कुमार पब्लिक स्कूल की छात्रा अथर्विका पाराशर का मेडीकल कालेज सागर में चयन हो गया है।

अथर्विका पाराशर एक मेधावी छात्रा है। उसने केन्द्रीय विद्यालय भुवनेश्वर से दसवीं में 93 फीसदी व आरबीपीएस स्कूल कुलपहाड से 12 वीं में 90 फीसदी अंक हासिल किए थे। अथर्विका के पिता रवीन्द्र सुल्क्षे निजी कंपनी में काम करते हैं जबकि उसकी मां प्रिया सुल्क्षे केन्द्रीय विद्यालय में शिक्षिका हैं। अथर्विका ने नीट में 720 में 656 अंक हासिल किए थे। उसकी स्टेट रैंक 426 है जिसके आधार पर अथर्विका को



पहले राउंड की काउंसलिंग में बुंदेलखंड मेडीकल कालेज सागर में उसका चयन हुआ है। आरबीपीएस विद्यालय के प्रिंसिपल अमित अग्रवाल ने अथर्विका के चयन पर उसे बधाई देते हुए कहा है कि विद्यालय के छात्रों की मेहनत को सही मंजिलें मिल रही हैं।

# डीएम की में अध्यक्षता में कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में जिलाधिकारी नें जनपदीय पुलिस के राजपत्रित अधिकारियों, थाना/शाखा प्रभारियों के साथ अभियोजन अधिकारियों से अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी के सम्बन्ध में विभिन्न निर्देशों की समीक्षा की तथा महिला व बच्चों से जुड़ी शिकायतों पर अत्यंत गंभीरता बरतने व अपहृताओं की बरामदगी जल्द करने के लिए निर्देश दिये, इसके साथ ही जनपद में घटित घटनाओं एवं लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया तथा शातिर अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट एवं गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के अंतर्गत संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने जनशिकायतों की त्वरित व निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने, अवैध शराब/जुआ के विरूद्ध निरंतर अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने, पीआरवी वाहनों की रैंडम चेकिंग कर उनकी सतर्कता का निरीक्षण करने आदि के संबंध में निर्देश दिए।उन्होंने आईजीआरएस से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने एवं आईजीआरएस के आवेदकों से स्वयं वार्ता करके फीडबैक लेने के निर्देश दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व राम प्रकाश, उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र सिंह, उपजिलाधिकारी चरखारी प्रदीप कुमार, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद, क्षेत्राधिकारी सदर दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी चरखारी, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी सहित जनपदीय पुलिस के समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष, अभियोजन के अधिकारी तथा समस्त शाखाओं के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्तिथ रहे।

### रिक्शा पलटने से दो छात्र घायल, अस्पताल में भर्ती

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** हमीरपुर रोड स्थित एक पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा सड़क किनारे पलट गया। इस हादसे में दो छात्र घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। कोतवाली के जखेड़ी गांव निवासी कक्षा छठवीं के छात्र संजय ने बताया कि अंबेडकर चौराहा स्थित ज्ञानदीप शिक्षा सदन में पढ़ते हैं। बुधवार को स्कूल की छुट्टी होने के बाद गांव का प्रमोद अपने ई रिक्शा पर आधा दर्जन से अधिक छात्रों को घर ले जा रहा था। तभी हमीरपुर रोड स्थित एक पेट्रोल पंप के पास से तेज रफ्तार बाइक सवार ने ई–रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे ई–रिक्शा का संतुलन होकर सड़क किनारे पलट गया ।छात्रों की चीख पुकार मच गई। घटना में कक्षा छठवीं छात्र निषभ और संजय चुटहिल हो गए। जिन्हें सरकारी अस्पताल लाया गया। निषभ के पैर में गहरी चोट आ गई है।

### सड़क हादसे में बहन की मौत भाई गंभीर रूप से घायल

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम टेढ़ा में बुधवार को अनियत्रित बाइक पेड़ से टकरा जाने से बाइक में सवार भाई बहन में बहन की मौके पर ही मौत हो गई जबकि भाई गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया भाई अपनी बहन को ससुराल छोड़ने फतेहपुर जा रहा थाए मौदहा कोतवाली क्षेत्र के परछट गांव निवासी संदीप सिंह अपनी बहन विमला(32) पत्नी दिनेश सिंह को उसकी ससुराल फतेहपुर जनपद के इटौली गांव छोड़ने के लिए जा रहा था तभी टेढ़ा गांव के पास नारहे बाबा के निकट बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई तो विमला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि संदीप गंभीर रूप से घायल हो गया आनन फानन में एंबुलेंस की सहायता से दोनो को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर पहुंचाया गया जहां विमला को मृत घोषित कर दिया गया वहीं प्राथमिक उपचार के बाद संदीप सिंह को हमीरपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# पनवाड़ी पुलिस ने अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ दो अभियुक्तों को पकड़ा

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अवैध शस्त्र के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन से सम्बन्धित अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज क्षेत्राधिकारी कुलपाहड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी मनीष पाण्डेय द्वारा संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया गया। उप निरीक्षक कामता प्रसाद मिश्रा के नेतृत्व मे गठित प्रथम पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त अमरेन्द्र लोधी उर्फ बाबा लोधी पुत्र चन्दन सिह लोधी उम्र 27 वर्ष निवासी मो0 पावरहाऊस कस्बा व थाना पनवाडी जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुए कस्बा पनवाडी के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में उप निरीक्षक संजय सिंह चौकी प्रभारी नगाराघाट के नेतृत्व में गठित द्वितीय पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त रविन्द्र राजपूत पुत्र स्व0 राम श्याम राजपूत उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम नगाराघाट थाना पनवाडी जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुए ग्राम बराना के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर क्रमशः मु0अ0सं0 213/24 व मु0अ0सं0 214/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### भैंस बेचने जा रहे पशु पालक की हाईड्रा से कुचलकर मौत

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को हाईवे मे भैंस बेचने पशु बाजार जा रहे पशु पालक को पीछे से आ रहे हाईड्रा ने कुचल दिया तो उसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गईए जबकि भैंस घायल हो गई और भैंस को लेकर आगे चल रहा दूसरा युवक बाल बाल बच गयाए हाईड्रा छोड़कर ड्राइवर के भाग खड़ा हुआ है। पुलिस के अनुसार सुमेरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सौंखर गांव निवासी गुलाब कुशवाहा (27) बुधवार को अपनी भैंस बेचने के लिए पिता और चाचा श्यामबाबू कुशवाहा के साथ हाई वे के रास्ते सुमेरपुर के पशु बाजार की ओर जा रहा था भैंस को गांव का ही एक लड़का पकड़े हुए आगे चल रहा था पीछे से गुलाब चल रहा था तभी पेट्रोल पंप के समीप पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित हाईड्रा ने गुलाब को रौंद दिया तो उसकी मौके पर ही मौत हो गई और भैंस घायल हो गई जबकि आगे चल रहा युवक बाल बाल बच गया, हादसे को अंजाम देने के बाद हाईड्रा को चालू हालत में मौके पर छोड़कर ड्राइवर फरार हो गया तो हाई वे लंबा जाम लग गया, मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और यातायात सामान्य कराते हुए हाईड्रा चालक को खोजबीन शुरू कर दी है।

# क्षेत्रीय अध्यक्ष ने की बैठक, सभी को भाजपा सदस्य बनाने का लक्ष्य




**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री प्रकाश पाल महोबा पहुंचे उन्होंने वहां पर भारतीय जनता पार्टी के सभी व्यक्ति एवं पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर सभी को भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया, उन्होंने बताया कि हमारे सांसद 20000, विधायक 10000 जिला पंचायत अध्यक्ष 15000, सभासद 200, प्रत्येक बूथ में बूथ अध्यक्ष 200 भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बनाएंगे, उन्होंने कहा कि आप सबको पता है पिछली बार भारतीय जनता पार्टी ने 11 करोड़ सदस्य बना कर भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी थी निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी अपना पिछला रिकॉर्ड तोड़कर एक नया आयाम स्थापित करेगी अपनी विधानसभा से 100 लोगों को सदस्य बनना होगा वही सक्रिय सदस्य बन पाएगा ।

# कदम समझदारी का, वादा जिम्मेदारी का, विषय पर जागरूकता अभियान आयोजित

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

आशा ग्रामोत्थान संस्थान ने आज राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा में ÷4 की बात - कदम समझदारी का, वादा जिम्मेदारी का÷ विषय पर एक सघन जागरूकता अभियान आयोजित किया।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में एचआईवी (HIV) के प्रति जागरूकता फैलाना था। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस गंभीर और लाइलाज बीमारी से बचने के लिए कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिनके तहत लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में संस्था भी लगातार प्रयासरत है और विभिन्न कैंपों के माध्यम से बचाव के चार प्रमुख उपायों के बारे में जानकारी दे रही है।

इस कार्यक्रम में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रिंसिपल सरगम जी, दया वर्मा, संस्था की काउंसलर परवीन, ओआरडब्ल्यू अंजना और सोनम सहित कुल 200 छात्राएं उपस्थित रहीं। सभी छात्राओं को एचआईवी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और उनसे अनुरोध किया गया कि वे इस महत्वपूर्ण जानकारी को अन्य लोगों तक भी पहुंचाएं, ताकि इस बीमारी से बचाव संभव हो सके।

# पूर्व हाकी चौंपियन खिलाड़ी का हार्टअटैक से निधन, शोक की लहर

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के विख्यात पुरुष एवं हाकी के राष्ट्रीय चौम्पियन खिलाड़ी का बुधवार की सुबह हार्ट अटैक से कानपुर स्थित अस्पताल में निधन हो गयाए उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे नगर सहित क्षेत्र के लोगों व हाकी प्रेमियों में शोक की लहर दौड़ गई।

कस्बे के मोहल्ला बांघा निवासी हाकी के पूर्व राष्ट्रीय चौम्पियन खिलाड़ी रहे इशरत कमाल का बुधवार को सुबह कानपुर के रेजेंसी अस्पताल में हार्टअटैक के कारण निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनते ही नगर व क्षेत्रवासियों



सहित हाकी प्रेमियों में शोक की लहर दौड़ गई और उनके घर सांत्वना देने के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जिनको बुधवार की शाम 5 बजे नम आंखों से सुपुद.ए.खाक किया गया। इस दौरान उनके जनाजे ;शव यात्राद्ध में हजारों की संख्या में लोगों की भीड उपस्थित रही। दिवंगत के बड़े भाई अशरफ कमाल ;बाबू जीद्ध ने बताया की इशरत कमाल ने सन् 1976 में रहमानिया इंटर कालेज से इंटरमीडिएट उत्तीर्ण कीए जिसके बाद हाकी खेलते हुए सन् 1977 में यूपी पुलिस हाकी टीम में चयन हो गयाए जिसमें लगातार दो वर्षों तक हाकी खेलते हुए टीम को चौम्पियन बनाया। जिसके तुरंत बाद कानपुर स्थित स्माल आर्म्स फैक्ट्री ;गन फैक्ट्रीद्ध में चयन हो गयाए जहां आर्म्स फैक्ट्री की ओर से आल इंडिया तक खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया। वहीं इसी दौरान ओपन यूपी में चयन हुआ जहां अपने हाकी खेल के जरिए टीम को चौम्पियन बनाया। दिवंगत इरशत कमाल ने हाकी में कई बड़े.बड़े खिताब अपने नाम किए हैं। अंत में सन् 2021.22 में स्माल आर्म्स फैक्ट्री से सेवानिवृत्त हो गए। दिवंगत इरशत कमाल साहब अपने सरल स्वभाव एवं मिलनसार छवि से पहचाने जाते थे। इनके दो पुत्रो में बड़े पुत्र का पहले ही देहांत हो चुका है जबकि छोटे पुत्र इक़्तेदार इशरत हाकी खिलाड़ी हैं जो कस्टम डिपार्टमेंट में कार्यरत हैं एवं छोटे भाई मुशर्रफ कमाल जो रहमानिया इंटर कालेज में क्रीड़ा अध्यापक के पद पर तैनात हैं।

# पंजीकृत चिकित्सकों को ही इलाज करने का अधिकार : नरेंद्र भूषण निगम

- धूमधाम से मनायी गयी काउन्ट सीजर मैटी की पुण्य तिथि

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

इलेक्ट्रो होम्योपैथिक के आविष्कारक डॉक्टर काउंट सीजर मैटी की 128 वीं पुण्यतिथि धर्मार्थ चिकित्सालय पटकाना में बुधवार को धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुये इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के बुंदेलखंड प्रभारी डॉक्टर नरेंद्र भूषण निगम ने कहा कि पंजीकृत चिकित्सकों को ही चिकित्सा करने का अधिकार है। क्योंकि चिकित्सा शिक्षा एवं आयुष के सभी विभागों को पत्र लिखकर यह सूचित किया गया है कि इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सकों को शासन के निर्देशानुसार अधिकार पूर्वक प्रेक्टिस करने के लिए उत्तर प्रदेश शासन चिकित्सा विभाग 6 ने 4 जनवरी 2012 को जो शासनादेश जारी किया है। डॉक्टर मानसी ने कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी के लिए भारत सरकार द्वारा गठित इंटर डिपार्टमेंट कमेटी कार्य कर रही है। जिससे इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति में एक नई उपलब्धि दर्ज होगी। इसी कार्यक्रम में आए मरीज जो कि स्पाइन एवं गठिया संबंधित रोग रोग से ग्रस्त थे, उन्होंने बताया कि जब से हमने इलेक्ट्रो होम्योपैथिक औषधीय का नियमित सेवन किया है उसके उपरांत हमें आश्चर्यजनक परिणाम प्राप्त हुए हैं। डॉ गणेश सिंह जिला प्रभारी इलेक्ट्रो होम्योपैथिक कार्यालय हमीरपुर ने कहा कि जिन इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सको ने अभी तक अपना जिला पंजीयन नहीं कराया वो तुरंत करा लें व क्लीनिक में अपना बोर्ड लगाकर इलेक्ट्रो होम्योपैथिक क्लीनिक का उल्लेख करें।

ईएच डॉक्टर देवानंद, डॉ मेहर मधुर निगम,डॉ सुनीता सागर, डॉ संतोष आर्य, ईएच डॉ विपाशा, ईएच डॉ शफी बक्स, ईएच डॉक्टर कंचन गुप्ता, डॉ चंद्र भूषण, अंश निगम, डॉ प्रियंका, विनोद शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# उपभोक्ताओं को गुमराह करने पर पर कंप्यूटर आपरेटर बर्खास्त

- संविदा में रहकर करता था विभागीय ठेकेदारी,एक्शियन मीटर के खंड की जांच हुई तो आयेगे चौकाने वाले परिणाम,टीजीटू कर्मियों को कल तक किया जायेगा रिलीव

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

विद्युत मीटरों में हेराफेरी करने व उपभोक्ताओं को गुमराह करने के आरोप में विद्युत परीक्षण खंड में नियुक्त कंप्यूटर आपरेटर की सेवा समाप्त कर दी गयी है। मगर आज बर्खास्त कर्मी दिन भर डिवीजन में बैठ कर काम करता रहा जो दिन भर विभाग में चर्चा का विषय बना रहा। आरोप है कि कंप्यूटर आपरेटर संविदा में नौकरी करने के साथ साथ विभागीय ठेकेदारी भी करते थे। जिसके चलते कड़ी कार्यवाही की गयी है।

जानकारी के मुताबिक विद्युत परीक्षण खंड हमीरपुर में कई सालों से कंप्यूटर आपरेटर पद पर आमिर खान काम कर रहे थे,विभाग के अधिशासी अभियंता डीएन प्रसाद ने बताया कि आमिर खान के खिलाफ ढेर सारी शिकायते थी जांच में साबित हो गया है कि आमिर खान विद्युत मीटरों में हेराफेरी करने के साथ साथ उपभोक्ताओं को गुमराह करने का प्रयास किया है इनके खिलाफ भ्रष्टाचार के कई सबूत मिले है।

आमिर खान रुद्रा इंटरप्राइजेज एनजीओ के माध्यम से संविदा में कार्य में लगाये गये थे एनजीओ ने भी इनको बर्खास्त कर चीफ इंजीनियर बांदा को सूचित कर दिया है। एक्शियन ने बताया कि आमिर विभाग में काम करने के साथ साथ ठेकेदारी भी बिभाग में करते थे जो गैर कानूनी है।

जांच में लाखो रुपये के फर्जी भुगतान करने का मामला भी पकड़ा गया था। इसलिये इनको बिभाग से सेवा समाप्त कर दी गयी है। बताया जाता है कि एक माह पहले टीजी टू पद में कार्यरत दो कर्मियों रामविलाश व उपेंद्र नाथ का तवादला अधीक्षण अभियंता ने कर दिया मगर दोनो कर्मियों को अभी तक काम से मुक्त नही किया गया है। जो चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जाता है कि यदि एक्शियन मीटर के डिवीजन की जांच करा ली जाये तो चौकाने वाले तथ्य सामने आयेगे।

विद्युत मीटर में सबसे ज्यादा डिवीजन में गड़वडियां पायी जा रही है मीटर को लेकर कई मर्तवा शिकायते सीएम पोर्टल में भी की गयी है मगर एक्शियन राकेश सिंह की लचर कार्यप्रणाली से विभाग के सारे नियम कानून तार तार होते जा रहे है। जिसका खामियाजा उपभोक्ताओं को भोगना पड़ रहा है।

अधीक्षण अभियंता जीसी यादव ने बताया कि दोनो कर्मियों को रिलीव करने के लिये कल ही एक्शिन को बुलाकर कहा है एकाध दिन में हरहाल में रिलीव कर दिया जायेगा। उनका कहना है कि दोनो कर्मियों को बेतन रोक दिया गया है।


### नोटिस

न्यायालय श्रीमान सिविल जज सी डी महोदय कोर्ट नंबर 10 रायबरेली मूल वाद संख्या 207 / 2020 तारीख पेशी 6/9 /2024 शिवप्रसाद वर्मा व शिव कैलाश पुत्रगण स्वर्गीय बैजनाथ मोहित पुत्र स्वर्गीय शिवचरण निवासी वार्ड नंबर 8 प्रकाश नगर टाउन एरिया परगना सेमरौता तहसील महाराजगंज जिला रायबरेली वादी गण बनाम शिव प्रकाश सोनी उर्फ मनीष सोनी पुत्र केशव राम सोनी निवासी वार्ड नंबर 10 जाकिर हुसैन नगर नगर पंचायत महाराजगंज परगना सेमरौता तहसील महाराजगंज जिला रायबरेली श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी बाबूलाल निवासी ग्राम मकान नंबर 323 रामपुर भवानीपुर दरियाबाद थाना सब्दरगंज तहसील सिरौली गौसपुर जिला बाराबंकी उत्तर प्रदेश अभय कसेरा पुत्र राज कपूर निवासी वार्ड नंबर 8 आनंद नगर नगर पंचायत महाराजगंज परगना सेमरौता तहसील महाराजगंज जिला रायबरेली अखिलेश सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी ग्राम गढ़ी मजरे अतरेहटा परगना सेमरौता तहसील महाराजगंज जिला रायबरेली प्रतिवादी गण प्रश्नोत्तर अनु 224 / 225 ज0 रु0 सी0 न्यायालय में स्वयं उपस्थिति अंकित कराकर अवगत उपरोक्त वाद में अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर बयान दावा आपत्ति दाखिल करें।

अन्यथा आपके विरुद्ध एक पेशी कार्यविधि न्यायालय द्वारा अग्रसारित की जा सकती है।

# ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वाहन करें अभियंताः डीएम

**लोकसभागार में कार्यक्रम आयोजित कर अवर अभियंताओं को दिया गया नियुक्ति पत्र**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा आयोजित विज्ञापन संख्या-04-परीक्षा/2018 में सम्मिलित अवर अभियंता (सिविल) सामान्य चयन परीक्षा-2018 के आधार पर ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, जनपद बाराबंकी में चयनित अभ्यर्थियों को विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत एवं जिलाधिकारी, सत्येन्द्र कुमार की उपस्थिति में उनके कर कमलों द्वारा चयनित अभ्यर्थियों सर्वश्री अनिल कुमार सोनी, सत्यम कौशिक, सचिन वर्मा, दिनेश पटेल, दुर्गेश कुमार वर्मा, रवि कुमार यादव, राजीव कुमार पाल, एवं कु0 किरन चौहान, को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है। नियुक्ति पत्र वितरण से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा लखनऊ में अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र विवरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। चयनित अभ्यर्थियों को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ पदेन दायित्वों का निर्वाहन करने के साथ उन्हें आगामी भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गयी। जिलाधिकारी श्री सत्येन्द्र कुमार ने अभ्यर्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा की जिस प्रकार से प्रदेश सरकार द्वारा पूरी निष्पक्षता के साथ आप लोगों का चयन किया गया है ठीक उसी प्रकार पूरी ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वाहन करते हुए जनता की सेवा करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी, अरूण कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी, अनुराग सिंह, विभागीय अधिकारी राघवेन्द्र कुमार मिश्रा, मनीष त्रिपाठी, भीष्म यादव, केके वर्मा, केपी सिंह, प्रमोद कुमार, आशुतोष पाल, सचिन यादव, राजेश यादव, अनिल कुमार वर्मा एवं विनीत श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहें।

# दूसरे दिन भी फैली रही जंगली जानवर की दहशत

**जैदपुर, बाराबंकी समृद्धि न्यूज।** जिले के हरख वन रेंज अंतर्गत गोछौरा गांव मे आज दूसरे दिन भी जंगली जानवर के दहशत गांव के लोगों में फैली हुई है।वन विभाग की टीम के साथ गांव के लोग लाठी डंडा लेकर लगातार जंगली जानवर की खोजबीन में लगे हुए है।वही एहतियात के तौर पर वन विभाग के टीम द्वारा लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है।बताते चले कि बीते दिन एक बच्ची पर किसी जंगली जानवर ने हमला करके घायल कर दिया था।जिसके बाद गांव के लोगो मे दहशत का माहौल व्याप्त है।वही आज भी ग्रामीणो के साथ वन विभाग की टीम द्वारा क्षेत्र मे कांबिंग की गई है।

# बड़ी संख्या में प्रदर्शन में शामिल होंगे शिक्षामित्र

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



पूर्व माध्यमिक विद्यालय हैदरगढ़ में शिक्षा मित्र संगठन की आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें 5 सितम्बर को बड़ी संख्या में लखनऊ के धरना प्रदर्शन में शामिल होने के लिए साथियों से अपील की ।

राकेश सिंह ने कहा कि गुरुवार सुबह 8बजे लखनऊ पहुँचकर 24 घंटे तक चलने वाले धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शामिल हो। यदि धरना प्रदर्शन के बाद भी शिक्षामित्र की जायज मांग न मानी गयी तो सभी शिक्षा मित्र पैदल निदेशालय पहुंचेंगे जहां पर धरना प्रदर्शन अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदल जायेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षामित्र की जायज मांगों पर यदि विचार नहीं किया गया तो आन्दोलन मंडल वार किया जायेगा व मुख्यमंत्री द्वारा जब तक शासनादेश नहीं हो जाता तब वही रहेंगे। प्रमुख मांगों में स्नातक प्रशिक्षित शिक्षामित्र को समान कार्य समान वेतन व समायोजन न होने तक सम्मान जनक मानदेय 12माह अन्य राज्यों की भांति। टीईटी उत्तीर्ण शिक्षा मित्र का अनुभव के आधार पर सहायक अध्यापक पद पर समायोजन। सभी मृतक आश्रित को योग्यता के आधार पर नियुक्ति। अन्त में आये सभी शिक्षा मित्र का आभार व्यक्त कर अपनी मांगों के लिए लखनऊ कूच का आह्वान धर्मेन्द्र मिश्रा ने किया। मुख्य रूप से प्रदीप श्रीवास्तव, रामरूप, सन्त शरण सिंह,राम प्रताप तिवारी, संदीप सिंह राघवेन्द्र सिंह,अमर पाल, राधेश्याम द्विवेदी, अंकिता तिवारी,सुधा तिवारी, विमलेश सिंह, लक्ष्मी सिंह,नीलम मिश्रा, प्रियंका सिंह रेखा गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

- युवक की शिनाख्त के बाद परिजनों को सूचित कर शव को पीएम के लिए भेजा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



पिकप वाहन की जोरदार टक्कर से बाईक सवार युवक की कुचलकर घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कर परिजनों को सूचित कर शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक सुबेहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत जयचंदा पुर मजरे गोसियामऊ गांव निवासी देवीप्रसाद का 18 वर्षीय पुत्र अंकित उर्फ पंचम बुधवार की सुबह 11 बजे मोटरसाइकल से अपनी बहन के घर दुर्जन पुरवा चौकी मजरे इस्लामपुर जा रहा था इसी बीच सुबेहा थाना क्षेत्र के चंद्रचूड़ सिंह इंटर कॉलेज सराय चंदेल के समीप पहुंचा ही था तभी गल्ला लादकर सुबेहा की तरफ जा रही पिकप ने मोटरसाइकल में टक्कर मारकर उसे रौंदते हुए निकल गई । इस दुर्घटना में पहिया के नीचे युवक का सिर आ जाने से कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी संजीव कुमार यादव पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए। युवक की शिनाख्त के बाद परिजनों को सूचित कर शव को पंचनामा के बाद पीएम के लिए भेज दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया उनका रो रोकर बुरा हाल है । थाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया की शव को पी एम के लिए भेज दिया गया है। पिकप को कस्टडी में लेकर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।



# जिला अस्पताल का हुआ एक्सटर्नल एसेसमेंट

**बाराबंकी।** जिला चिकित्सालय पुरुष बाराबंकी का तीन सदस्यीय कायाकल्प टीम डॉ आरिफ बेग, डॉ सुभाष चंद्र, सुश्री पूजा गौतम के द्वारा एक्सटर्नल असेसमेंट किया गया है। टीम द्वारा एरिया ऑफ़ कंसर्न, हॉस्पिटल अस्पताल में सभी चीजों का रखरखाव, सैनिटेशन, हाइजीन, सपोर्ट सर्विसेज, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, इनफेक्शन कंट्रोल एंड प्रीवेंशन, हाइजीन प्रमोशन, बियोंड हॉस्पिटल बाउंड्री, इको फ्रेंडली फैसिलिटी,डॉक्यूमेंटेशन एवं मरीज को दी जाने वाली चिकित्सा सुविधाएं, कायाकल्प के तहत चिकित्सालय में हुए आमूल परिवर्तन अन्य भविष्य की योजनाएं और विकास कार्यक्रम कायाकल्प टीम के द्वारा चिकित्सालय में दिए जारी चिकित्सा सुविधा एवं किए गए कार्यों को बहुत ही सराहा गया है और प्रशंसा की गई है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ बृजेश ने कहा कि जिला चिकित्सालय (पुरूष) भारत सरकार व उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा चिकित्सा सुविधाओं को जनमानस को बेहतर से बेहतर उपलब्ध कराने के लिए हेतु तत्पर है।

# युवक को मारपीट कर विपक्षी ने किया घायल

**जैदपुर, बाराबंकी।** आपसी कहासुनी को लेकर एक युवक से विपक्षी ने मारपीट की।मारपीट में घायल व्यक्ति को उपचार हेतु जैदपुर अस्पताल लाया गया।विवाद की जानकारी होने पर जैदपुर पुलिस द्वारा जांच पड़ताल जारी है।मामला जैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अहमदपुर गांव का है।जहां पर मामूली कहासुनी के बाद दो लोगो के बीच जमकर मारपीट हो गई।जिसमे मुलायम रावत पुत्र जलमदिन के सर पर गंभीर चोटे आई है।वही मारपीट के उपरांत घायल मुलायम रावत इसकी शिकायत लेकर अहमदपुर चौकी पहुंचे।जहां पर पुलिस द्वारा उसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैदपुर ले जाया गया।जहां पर उसका मेडिकल परीक्षण किया गया।इस दौरान मेडिकल परीक्षण करने आए घायल मुलायम रावत के भाई ने बताया कि विपक्षी द्वारा कहासुनी के बाद उसके भाई को काफी मारा पीटा गया है।

# ब्राइट कैरियर एकेडमी का बीईओ ने किया निरीक्षण



**जैदपुर बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

नगर पंचायत जैदपुर के काशीराम कॉलोनी के निकट बनी मार्केट मे न्यू ब्राइट कैरियर एकाडमी का संचालन किया जा रहा था।जिसका खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया।निरीक्षण करने के उपरांत तत्काल विद्यालय मे संचालित कक्षाओ को बंद करने का निर्देश दिया गया।इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस विद्यालय की मान्यता गुलरिहा गांव स्थित न्यू ब्राइट एकाडमी के रूप मे कक्षा 5 तक ही दी गई थी।जिस पर स्कूल प्रबंधन द्वारा मनमानी तरीके से काशीराम कॉलोनी के निकट इंटरमीडिएट तक की कक्षाएं संचालित की जा रही हैं।

जिसे तत्काल प्रभाव से बंद करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहाकि इस संबंध में आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### पहले पी शराब जब नशा हुआ तो महिला से की मारपीट

**जालौन, उरई।** अलग अलग मामलों में शराब के नशे में महिला के साथ गाली, गलौज व मारपीट एवं एक व्यक्ति के साथ मारपीट की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सहावनाका निवासी पूजा देवी ने पुलिस को बताया कि उनके मोहल्ले के लिए सोमेंद्र उसके परिवार से रंजिश मानते हैं। जिसके चलते अक्सर विवाद करते रहते हैं। पीड़िता ने आरोप लगाया कि बुधवार की सुबह वह शराब के नशे में घर के बाहर खड़े होकर गाली, गलौज कर रहा था। मना करने पर उसने मारपीट कर दी। उधर, कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पमां निवासी अरविंद ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के ही गोल्डी अक्सर उसके साथ विवाद करते हैं। मंगलवार की शाम वह गांव में जा रहा था। तभी गोल्डी ने जबरन उसे रास्ते में रोककर गाली, गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने आरापियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

### लेनदेन के विवाद में दुकानदार को पीटा

**जालौन, उरई।** दुकान पर लेन देन को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति ने दुकानदार के साथ गाली, गलौज करते हुए मारपीट कर दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के देवनगर चौराहा पर राजाबाबू की मिठाई की दुकान है। मंगलवार की रात उनकी दुकान पर कोतवाली क्षेत्र निवासी सालिम उनकी दुकान पर गया था। जहां वह लेन देन को लेकर राजा बाबू के साथ विवाद करने लगा। विवाद करते हुए उसने गाली, गलौज शुरू कर दी। मना करने पर मारपीट भी करने लगा। वहां मौजूद लोगों ने समझाने का प्रयास किया न मानने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने झगड़ा कर रहे सालिम के खिलाफ कार्रवाई की है।

### चेकिंग के दौरान बिजली चोरी करते पकड़े गए 25 लोग



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल इटावा मनोज गौड़ एवं अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड प्रथम इटावा के निर्देशानुसार विद्युत वितरण खण्ड प्रथम इटावा के अन्तर्गत उपखण्ड अधिकारी पीयूष कुमार मौर्य एवं अवर अभियन्ता शशिव कुमार गोंड के नेतृत्व में फीडर कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज से पोषित क्षेत्र आलमपुरा, कोतवाली के पीछे कम खपत वाले उपभोक्ताओं के परिसर पर जाँच की गई। चेकिंग के दौरान 4 उपभोक्ता अपने परिसर पर मीटर टैम्पर्ड कर विद्युत चोरी करते पाये गये मौके पर उनकी वीडियोग्राफी कराते हुये धारा-135 डी के अन्तर्गत कार्यवाही की गई। तत्क्रम में उपखण्ड अधिकारी द्वितीय द्वारा गुरुतेग बहादुर फीडर से पोषित क्षेत्र मडैया ख्यालीराम एंव मेवाती टोला तथा बरहीपुरा में अवर अभियंता राज कमल के साथ कम खपत वाले उपभोक्ताओं के परिसर पर जाँच की गई। जिसमें चैकिंग के दौरान 13 उपभोक्ता अपने परिसर पर अतिरिक्त केबल खींचकर बाईपास मीटर टैम्पर्ड कर विद्युत चोरी करते पाये गये। तत्क्रम उपखण्ड अधिकारी तृतीय द्वारा फ्रेण्डस कॉलोनी प्रथम फीडर से संबंधित क्षेत्र बंगाली कॉलोनी में कम खपत वाले उपभोक्ताओं के परिसर पर जाँच की गई। जिसमें चैकिंग के दौरान 8 उपभोक्ता अपने परिसर पर अतिरिक्त केबल खींचकर बाईपास, मीटर टैम्पर्ड कर विद्युत चोरी करते। उपरोक्त सभी की मौके पर वीडियोग्राफी कराकर तथा उन पर धारा-135 व 135 डी के अन्तर्गत कार्यवाही की गयी।

# छात्रों ने बनाया स्मार्ट आर्टिफिशल इंटेलीजेंस आधारित बोर्ड

**सहजनवां गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**




आईटीएम के बीसीए के पांच छात्र आफरीन खातून, राजनंदनी सिंह, उम्मे हबीबा, परमेश सिंह और चंद्रेश कुमार ने एक ऐसी तकनीक का ईजाद किया हैं जिसके माध्यम सें क्लास मे लगे बोर्ड पर पढ़ा रहे शिक्षक का वॉयस वीडियो डेटा के माध्यम सें शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों के पास संरक्षित किया जा सकता हैं और उसके आधार पर छात्रों के विकास के लिए सरकार के द्वारा समय -समय पर जरुरी और आवश्यक सुधार किया जा सकता हैं। राजनंदनी, ने बताया इस उपकरण की मदद सें प्रदेश के बड़े शिक्षा अधिकारी स्कूलो मे मौजूद व्यवस्थाओं और वहा के क्रिया -कलापों की निगरानी भी कर सकते हैं सरकारी प्राइमरी स्कूल के क्लास रूम की पढ़ाई मे नवाचार के माध्यम से पढ़ाने वाले शिक्षकों के व्याख्यान को लेक्कर वॉइव सेंसर के माध्यम सें अन्य विद्यालयों के छात्र भी सुन सकतें हैं और रिकॉर्ड भी कर सकतें हैं। आफरीन, ने बताया ये डिवाइस प्रदेश के सभी जिले के प्राइमरी स्कूल के नाम व उन स्कूलों मे तैनात शिक्षको की जानकारी भी रखता है। संस्थान के निदेशक डॉ एन के सिंह ने बताया शिक्षक दिवस पर हमारे संस्थान के छात्रों ने सरकारी प्राइमरी स्कूलों के लिये एक स्मार्ट ब्लेक बोर्ड बनाया हैं जिससे क्लास रूम में शिक्षकों के द्वारा नए - नए तरीके से पढ़ाये जा रहे विषयो को दूसरे स्कूलों के बच्चे भी देख और सुन सकते हैं इस प्रकिया से नई तकनीकी और ज्ञान का आदान प्रदान एक दूसरे विद्यालयों के बीच आसानी से हो सकता हैं जो निश्चित रूप से छात्रों के विकास के लिए लाभकारी साबित होगा।

इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल सहित संस्थान के सभी शिक्षकों ने छात्रों को बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त किया।

# आटो अनियंत्रित होकर पलटा, सात घायल

- छह सवारियों की हालत गंभीर, उच्च संस्थान किया रेफर

**जालौन, उरई समृद्धि न्यूज।**

सामने से आ रही बाइक को बचाने के चक्कर में बंगरा रोड पर तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। टक्कर लगने के कारण ऑटो में सवार सात लोग घायल हो गए। जिनमें छह लोगों की स्थिति गंभीर होने पर उन्हें उच्च संस्थान रेफर किया गया।



दुर्घटना में घायल सवारियां।

मध्यप्रदेश के जनपद भिंड के मछंड निवासी सात लोग मंगलवार की सुबह ट्रेन से गाजीपुर से घर के लिए आए थे। सुबह उरई रेलवे स्टेशन पर उतरकर उन्होंने घर जल्दी पहुंचने के लिए एक ऑटो बुक कर लिया और सभी लोग ऑटो में सवार होकर मछंड के लिए चल दिए। जालौन से निकलकर उनका ऑटो बंगरा रोड पर सुढ़ार सालाबाद के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक को देखकर ऑटो चालक ने उसे बचाने का प्रयास किया। बाइक को बचाने के चक्कर में ऑटो चालक ऑटो से नियंत्रण खो बैठा और ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया।

हादसे में जहां ऑटो क्षतिग्रस्त हो गया। तो वहीं ऑटो में सवार जगदीश (45) पुत्र गंगादीन, बड़े भाई लालजी (48), भाभी सुनीता (46) पत्नी लालजी, सोनम (20) पत्नी भानु प्रताप, छोटू (16) पुत्र जगदीश, भानू (22) पुत्र लालजी निवासीगण ग्राम मछंड जनपद भिण्ड मध्य प्रदेश व ऑटो चालक कमलेश (36) पुत्र पन्नालाल निवासी बघौरा उरई घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी राजकुमार पांडेय टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और एंबुलेंस की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें उच्च संस्थान रेफर किया गया है।

# युवक ने लगायी यमुना में मौत की छलांग

- प्राइवेट गोताखोर नदी में उतरे लेकिन नहीं मिली सफलता

**कुठौंद जालौन, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को लोगों को अचंभित करने वाले घटनाक्रम में ग्राम भदेख निवासी 40 वर्षीय ग्रामीण ने शेरगढ़ घाट पर बने यमुना पुल से नदी में मौत की छलांग लगा दी।

जैसे ही उक्त नजारा मौके पर उपस्थित लोगों ने देखा तो वह सकते में आ गये और फिर आनन फानन में कुठौंद थाना पुलिस को सूचना दी जिससे मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने प्राइवेट गोताखोरों को नदी में छलांग लगाने वाले की खोजबीन के उतारा लेकिन समाचार लिखे जाने पर गोताखोरों को सफलता नहीं मिल पायी थी।



अजय की फाइल फोटो

मिली जानकारी के अनुसार कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम भदेख निवासी अजय पुत्र कंधई उम्र लगभग 40 वर्ष दिन में लगभग 2 बजे शेरगढ़ घाट पर बने पुल पर पहुंचा था इसके बाद उसने अचानक यमुना नदी छलांग लगा दी जैसे ही उक्त नजारा लोगों ने देखा तो वह सकते में आ गये और फिर घटना की सूचना तत्काल शंकरपुर पुलिस चौकी प्रभारी पीयूष कुमार उप निरीक्षक, एसएचओ कृष्ण पाल सरोज को दी तो वह तत्काल यमुना नदी के पुल पर पहुंचकर नदी में मौत की छलांग लगाने वाले अजय की खोजबीन के लिये प्राइवेट गोताखोरों को नदी में उतारा लेकिन समाचार लिखे जाने तक गोताखोरों को सफलता नहीं मिल पायी थी। मृतक अजय कुमार अपने पीछे पत्नी मीना कुमारी तीन पुत्र एक पुत्री पुत्र का नाम शिबू उम्र लगभग 12 वर्ष, मंगली उम्र 10 वर्ष, छोटू उम्र 8 वर्ष पुत्री शिवानी कुमारी उम्र लगभग 6 वर्ष है।

### बेटे व उसके साथी ने मिलकर बिना बताए घर के गहने बेचे

**जालौन, उरई।** बेटे व उसके साथी ने मिलकर बिना बताए घर के गहने बेंच दिए। पूंछतांछ करने पर गाली, गलौज कर मारपीट की धमकी दे डाली। पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बेटे व उसके साथी के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के कुंवरपुरा निवासी राजकुमार ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा रवि कुमार गलत संगत में पड़ गया है। उसके खर्चे भी बढ़ गए हैं। अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए उसने अपने साथी एलान सिंह के साथ मिलकर घर के गहने बिना बताए ही किसी को बेच दिए। जब उन्होंने उससे पूछतांछ की तो वह गाली, गलौज करने लगा और मारपीट की धमकी दे डाली। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बेटे व उसके साथी के खिलाफ कार्रवाई की है।

# विद्युत पोल में उतरे करेंट से चिपककर महिला की मौत

**जालौन, उरई समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली क्षेत्र के ग्राम इकहरा में करंट लगने से महिला की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर विधिक कार्रवाई पूरी की।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम इकहरा निवासी बबली देवी (35) पत्नी मोहन सिंह कुशवाहा बुधवार की दोपहर जानवरों को भूसा खिलाने गई थी। जानवरों की लिड़ोरी के पास ही बिजली का पोल लगा था। बरसात के चलते उसमें करंट आ रहा था। पोल के संपर्क में आने के बाद महिला वहीं जमीन पर गिर गई और उसकी मौत हो गयी। दोपहर बाद जब पति घर पर खाना खाने आया तो पत्नी को जमीन पर गिरा देख वह हतप्रभ रह गया। आनन फानन में उसे पहले प्राइवेट चिकित्सालय में ले जाया गया लेकिन जब चिकित्सक ने मना कर दिया तो उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आया जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया और इसकी जानकारी पुलिस को दे दी। घटना की सूचना मिलने पर छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी राजकुमार पांडेय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और विधिक कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# तमंचा कारतूस सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



इटावा। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना जसवंतनगर पुलिस ने दो आरोपियों रोहित तोमर पुत्र सत्यप्रकाश सिंह तोमर निवासी ग्राम नगला उदयसिंह थाना जसवंतनगर, अंकुश तोमर पुत्र लल्लन तोमर निवासी ग्राम नगला उदयसिंह थाना जसवंतनगर को तमंचा कारतूस सहित गिरफ्तार किया।थाना जसवंतनगर पुलिस द्वारा कचौरा बाईपास पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी । इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर 2 व्यक्तयों को ग्राम सिरहौल की ओर जाने वाले रास्ते पर नहर पुलिया तिराहे से गिरफ्तार किया गया। पकडे गये व्यक्तियों से नाम पता पूछते हुये उनकी तलाशी ली गयी तो रोहित तोमर के कब्जे से 1 तमंचा व 1 जिंदा व 1 खोखा कारतूस 12 बोर बरामद किया गया तथा अंकुश तोमर के कब्जे से 2 जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

इस सफलता में रामसहाय सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना जसवंतनगर, उ.नि. रामदास, हे.का. सूरज कुमार, का. तरुण कुमार, का. सत्यवीर सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रभु श्रीराम की धरती पर कार्य करना हमारा सौभाग्यः रोली

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

अयोध्या प्रभु श्रीराम की धरती है और यहां कार्य करने का अवसर मेरा सौभाग्य है और आप सभी का भी सौभाग्य है, इसलिए हम सब मिलकर विश्वास और सहयोग से आगे बढ़ रहे हैं।यदि किसी भी मुद्दे पर आप में से किसी को भी कोई समस्या हो तो मुझे अवश्य बतायें,आपका सदैव स्वागत है।बुधवार को यह बातें जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रोली सिंह ने जिला पंचायत कार्यालय के अटल बिहारी बाजपेई सभागार में आयोजित जिला पंचायत की बैठक में अपने अध्यक्षीय संबोधन में कही।जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिले के जनप्रतिनिधियों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित



रहे।बैठक की शुरुआत अपर मुख्य अधिकारी द्वारा कार्यवाही संचालन के साथ हुई जिसमें एजेण्डा के प्रथम बिन्दु पर गत कार्यवाहियों पर विमर्श के साथ सर्वसम्मति से पुष्टि की गई। इस चर्चा में पंचम राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत की 118 परियोजनाऐं, 15वां वित्त (अनटाईड) योजनान्तर्गत 93 परियोजनाऐं तथा 15वां वित्त (टाईड) योजनान्तर्गत 111 परियोजनाओं समेत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए लगभग 40 करोड़ रूपये की कुल 322 विकास कार्यों की कार्ययोजना को स्वीकृति दी गई। तत्पश्चात विभिन्न विभागों से जुड़े प्रकरणों पर सदन में उपस्थित सदस्यों उदित सर्राफ,सुनील राजपूत,इन्द्रभान सिंह, चन्द्रभान सिंह,अशोक मिश्रा, अतुल यादव,बलराम यादव, हरिश्चन्द्र निषाद, प्रतिमा यादव, प्रेमा देवी, विनीता रावत,राजपति वर्मा तथा बब्लू पासी आदि द्वारा विभिन्न विभागीय अधिकारियों को प्रश्नगत किया गया।चर्चा के मध्य सदन द्वारा एक मत से अनुपस्थित अधिकारियों पर रोष व्यक्त किया गया।

विभिन्न विभागों से सम्बन्धित सदस्यों के प्रश्नों का विभागीय अधिकारियों द्वारा मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज की उपस्थिति में गंभीरता से जवाब दिया गया और सभी मामलों में यथोचित कार्यवाही का उनके द्वारा आश्वासन भी दिया गया।सभी सदस्यों से पूर्ण सहयोग की अपेक्षा रखते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा के पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सिंह द्वारा सदन में जिलास्तरीय अधिकारियों की अनुपस्थिति पर खेद व्यक्त किया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बबना विकास खण्ड नवाबगंज, फर्रुखाबाद।**

पत्रांकः ग्रा0पं0/ 15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 04/09/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बबना द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 05/09/2024 से 12/09/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 12/09/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | ज्ञानचन्द्र के घर से सर्वेश श्रीवास्तव के घर तक सीसी निर्माण कार्य | 259000 | 4129 | 500 |
| 2- | गढ़िया में मुख्य मार्ग सीसी रोड से नरवीर के घर तक सीसी निर्माण कार्य | 158000 | 2456 | 500 |
| 3- | रामलड़ैते के घर से मस्जिद तक सीसी निर्माण कार्य | 375000 | 6008 | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (सीता देवी) ग्रा0पं0 बबना, नवाबगंज सचिव ( प्रमोद शुक्ला)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत बीघामऊ विकास खण्ड मोहम्मदाबाद, फर्रु0**

पत्रांकः 01/ग्रा0पं0/ 15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 04/09/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बीघामऊ द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 05/09/2024 से 12/09/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 12/09/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | दीवारी लाल के घर से विवेक के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 3.47 लाख | 6940 | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (सुमन यादव) ग्रा0पं0 बीघामऊ, मोहम्मदाबाद सचिव (संदेश कुमार)**

# बदमाशों ने दो घरों में धावा बोलकर लाखों की नगदी व संपत्ति लूटी

- लूटपाट से पहले दोनो परिवारों के परिजनों को बना लिया बंधक
- मौके पर आईजी, एसपी, एएसपी सहित कई थानों की पुलिस पहुंची



मेडिकल कॉलेज में भर्ती घायल संतोष



फंतुआपुर गांव में संतोष के घर में बिखरा पड़ा सामान



**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

ठठिया थाना क्षेत्र के फंतुआपुर व बस्ता गांव में मंगलवार की मध्य रात्रि करीब आधा दर्जन बदमाशों के एक गिरोह ने दो घरों में धावा बोलकर परिजनों को बंधक बना लिया। फंतुआपुर में परिजनों के विरोध करने पर बदमाशों ने दंपति को चाकूओं से प्रहार कर घायल कर दिया। बाद में बदमाश सेफ का ताला तोड़कर लाखों की नगदी व आभूषण लूट ले गए। मामले की जानकारी मिलते ही आईजी कानपुर जोन, पुलिस अधीक्षक कन्नौज, एएसपी कन्नौज सहित कई थानों की पुलिस के अलावा सर्विलांस टीम, फारेसिंक टीम व डॉग स्क्वाड टीम मौके पर पहुंची। मामले की जांच पड़ताल शुरू हुई। एसपी ने दावा किया कि कई टीमें खुलासे के लिए लगाई गई है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। मंगलवार की मध्य रात्रि को आधा दर्जन बदमाशों के गिरोह ने सबसे पहले फंतुआपुर गांव के किसान संतोष के घर पर धावा बोला। यहां संतोष व उसकी पत्नी अर्चना को बंधक बना लिया।

बदमाशों ने दोनो से सेफ की चाबी मांगी। इसपर अर्चना ने विरोध किया, तो बदमाशों ने इसपर चाकूओं से हमला बोल दिया। उसे बचाने उसका पति संतोष आगे आया, तो उसपर भी चाकूओं से हमला बोलकर घायल कर दिया। बाद में सेफ खोलकर उसमें रखी लाखों की नगदी व सोने-चांदी के आभूषण लूट ले गए। इसके बाद बदमाशों का गिरोह निकटवर्ती गांव बस्ता में पहुंचा। यहां पर किसान लतीफ के घर पर धावा बोलकर उनके भी परिजनों बधंक बना लिया। लतीफ के घर से भी बदमाशों लाखों का माल लूट ले गए। घायल दंपति को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार चल रहा है। उधर घटना की जानकारी मिलते ही कानपुर जोन आईजी जोगेन्द्र सिंह, एसपी अमित कुमार आनन्द, एएसपी अजय कुमार सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। सर्विलांस टीम व फारेसिंक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। डॉग स्क्वाड टीम ने भी काफी प्रयास किए। पूरे प्रकरण को लेकर एसपी अमित कुमार आनन्द ने मीडिया को बताया कि मामले के खुलासे के लिए कई टीमें लगाई गई है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। उधर इस प्रकरण में ठठिया थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## महिला के साथ मारपीट व मुण्डन करने वाले नामजद को किया गिरफ्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज।** श्रीमती गंगा देवी पत्नी मछलानाथ निवासिनी ग्राम जोगिन डेरा थाना विशुनगढ ने अभियुक्त बच्चूनाथ द्वारा वादिनी के घर मे घुस कर बुरी नियत से पकड़ना तथा छेड़खानी करना गाली गलौज करने व अन्य अभियुक्तगण द्वारा एक राय होकर वादिनी को पकड़कर जबरदस्ती वादिनी का मुंडा कर देने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना विशुनगढ़ पर 1.बच्चूनाथ पुत्र गुड्डूनाथ 2. गुड्डूनाथ पुत्र भोलानाथ 3. गुड्डी पत्नी भोलानाथ समस्त निवासीगण ग्राम जोगिनडेरा थाना विशुनगढ जनपद कन्नौज को गिरफ्तार कर जेल भेजा व प्रकाश में आये अन्य 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# शिक्षक दिवस आज, छात्र अपने गुरुओं को देंगे सम्मान

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

- शिक्षक देश के भविष्य का करते है, निर्माण
- शिक्षक हमें जीवन जीने की सिखाते है, कला



हर साल भारत डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को उनके योगदान और उपलब्धियों के प्रति श्रद्धांजलि के रूप में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप में मनाता है। जिंदगी में शिक्षक का बड़ा महत्व होता है। ऐसा जरूरी नहीं है कि शिक्षक सिर्फ पढ़ाई में ही बच्चों की मदद करते हैं। बल्कि वे जिंदगी में आगे बढ़ाने और सही दिशा में बढ़ने की राह भी दिखाते हैं। दुनिया के कई देशों में शिक्षकों को विशेष सम्मान देने के लिए हर वर्ष शिक्षक दिवस का आयोजन किया जाता है। हालांकि हर देश में इसकी तारीख अलग-अलग है। जैसे भारत में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। जबकि चीन में 10 सितंबर को, रूस में 5 अक्टूबर को और अमेरिका में 6 मई को यह शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। शिक्षकों को ही दुनिया को बदलने बाला माना जाता है।

क्योंकि वही आने वाले भविष्य को शिक्षा जानकारी सहित संस्कार तक देते हैं। जानकारों का मानना है। कि यदि शिक्षक ही गलत जानकारी देता है। तो आने वाली पीढ़ी गलत दिशा में भटक जाएगी। ऐसे में वही है, जो देश के भविष्य का निर्माण करते हैं। महान व्यक्तित्व डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के अवसर पर हर साल शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। वह अध्यापन पेशे के प्रति अत्यधिक समर्पित थे। दरअसल डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर 1888 को हुआ। जिस कारण एक बार कुछ विद्यार्थियों द्वारा 5 सितंबर को उनके जन्मदिन मनाने के लिए उनसे आग्रह किया गया। इस पर उन्होंने कहा कि मेरा जन्मदिन मनाने के बजाय आप सभी को शिक्षकों के उनके महान कार्य के कारण सम्मान देने के लिए हम इस दिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाना चाहिए।

क्योंकि शिक्षक हमें फिर पढ़ाते ही नहीं है। बल्कि वो हमारे व्यक्तित्व विश्वास और कौशल स्तर को भी सुधारते हैं। वो हमें इस काबिल बनते हैं। कि हम किसी भी कठिनाई और परेशानियों का सामना कर सकें। शिक्षकों को सम्मान दिलाने का सारा श्रेय डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन को जाता है। उन्होंने अपने जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की सलाह दी। 1962 से हर वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है।

# मृदा स्वास्थ्य व उर्वरता के लिए हरी खाद का करें प्रयोग: डॉ अरविंद

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



जानकारी देते वैज्ञानिक डॉ अरविंद कुमार

कृषि विज्ञान केंद्र कन्नौज के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अरविंद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मृदा उर्वरता एवं उत्पादकता बढ़ाने में हरी खाद का प्रयोग अति प्राचीन काल से चला आ रहा है। सघन कृषि पद्धति के विकास तथा नकदी फसलों के अन्तर्गत क्षेत्रफल बढ़ने के कारण हरी खाद के प्रयोग में निश्चय ही कमी आई।

लेकिन बढ़ते ऊर्जा संकट, उर्वरकों के मूल्यों में वृद्धि तथा गोबर की खाद जैसे अन्य कार्बनिक स्रोतों की सीमित आपूर्ति से आज हरी खाद का महत्व और भी बढ़ गया है। दलहनी एवं गैर दलहनी फसलों को उनके वानस्पतिक वृद्धि काल में उपयुक्त समय पर मृदा उर्वरता एवं उत्पादकता बढ़ाने के लिए जुताई करके मिट्टी में अपघटन के लिए दबाना ही हरी खाद देना है। भारतीय कृषि में दलहनी फसलों का महत्व सदैव रहा है। ये फसलें अपने जड़ ग्रन्थियों में उपस्थित सहजीवी जीवाणु द्वारा वातावरण में नाइट्रोजन का दोहन कर मिट्टी में स्थिर करती है। आश्रित पौधे के उपयोग के बाद जो नाइट्रोजन मिट्टी में शेष रह जाती है उसे आगामी फसल द्वारा उपयोग में लायी जाती है। इसके अतिरिक्त दलहनी फसलें अपने विशेष गुणों जैसे भूमि की उपजाऊ शक्ति बढ़ाने, प्रोटीन की प्रचुर मात्रा के कारण पोषकीय चारा उपलब्ध कराने तथा मृदा क्षरण के अवरोधक के रूप में विशेष स्थान रखती है। ढेंचा यह एक दलहनी फसल है। यह सभी प्रकार की जलवायु तथा मृदा दशाओं में सफलतापूर्वक उग जाती है। जलमग्न दशाओं में भी यह 1.5 से 1.8 मीटर की ऊँचाई कम समय में ही पा लेती है। यह फसल एक सप्ताह तक 60 सेमी. तक पानी भरा रहना भी सहन कर लेती है। इन दशाओं में कैंचा के तने से पार्श्व जड़ें निकल आती है जो उसे तेज हवा चलने पर भी गिरने नहीं देती।

अंकुरण होने के बाद यह सूखे को सहन करने की भी क्षमता रखती है। इसे क्षारीय तथा लवणीय मृदाओं में भी उगाया जा सकता है। हरी खाद के लिए प्रति हे. 60 किग्रा. ढँचे के बीज की आवश्यकता होती है। ऊसर में ढँचे से 45 दिन में 20-25 टन हरा पदार्थ तथा 85-105 किग्रा. नाइट्रोजन मृदा को प्राप्त होता है। धान की रोपाई के पूर्व दैचा की पलटाई से खरपतवार नष्ट हो जाते है। नरेन्द्र दैचा-1 उपयुक्त प्रजाति है।

## राजकीय अनु. जाति छात्रावासों में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** जिला समाज कल्याण अधिकारी रविन्द्र कुमार शशि ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा जनपद में संचालित राजकीय अनु. जाति छात्रावासों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ है। प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र शासनादेश के अनुरूप छात्र जनपद में नियमित रूप से महाविद्यालय, विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहा हो तथा समाज कल्याण विभाग तथा कल्याण सेक्टर के अन्य विभाग द्वारा वितरित की जाने वाली छात्रवृत्ति योजना में छात्रवृत्ति प्राप्त करने की पात्रता रखता हो। दिव्यांग कोटे से सम्बन्धित छात्रों, उच्च कक्षा में अध्ययनरत् छात्रों, विद्यालय से स्थायी निवास से अधिक दूरी जैसे बिन्दुओं को वरीयता दी जायेगी। शासनादेश के अनुसार छात्रावास में उपलब्ध सीटों का 70 प्रतिशत अनु. जाति/जनजाति तथा 30 प्रतिशत पिछड़े/सामान्य वर्ग के छात्रों के लिए आरक्षित होगा। संचालित छात्रावासों राजकीय अनु. जाति छात्रावास सदर, आगरा रोड, सराय दयानत, नगला खादर, मोढी भरथना एवं गंगापुरा बसरेहर इटावा में प्रवेश हेतु आवेदन फार्म राजकीय अनु. जाति छात्रावास सरैयाचुंगी के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में समय 10 बजे से 5 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

## खबरें एक नजर में

### शिक्षक दिवस पर समाजवादी का कार्यक्रम आज

**तेराजाकेट/ समधन, समृद्धि न्यूज़।** समाजवादी शिक्षकसभा कन्नौज के जिलाध्यक्ष अमित कुमार यादव ने बताया कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कन्नौज सांसद अखिलेश यादव के निर्देश पर शिक्षकसभा कन्नौज आज़ गुरूवार को कन्नौज स्थित पार्टी कार्यालय पर दोपहर दो बजे शिक्षक दिवस मनायेगा। उन्होंने बताया कि शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान शिक्षकों को सम्मानित भी किया जायेगा। उन्होंने संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से कार्यक्रम में मौजूद रहने की अपील की है।

### शिक्षक दिवस पर आज होगा गोष्ठी का आयोजन: अमित यादव

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कन्नौज सांसद अखिलेश यादव के निर्देश पर शिक्षकसभा कन्नौज 05 सितम्बर को कन्नौज स्थित पार्टी कार्यालय पर दोपहर दो बजे शिक्षक दिवस मनायेगा। उन्होंने बताया कि शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान शिक्षकों को सम्मानित किया जायेगा। यह जानकारी समाजवादी शिक्षकसभा जिलाध्यक्ष अमित कुमार यादव ने दी। उन्होंने संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से कार्यक्रम में मौजूद रहने की अपील की है।

### ब्लॉक समाधान दिवस में आई दो महिला फरियादी

**मसौली बाराबंकी।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/खण्ड विकास अधिकारी काव्या सी की अध्यक्षता में आयोजित ब्लाक समाधान दिवस मे दो महिलाए शिकायत लेकर आयी जिसमे एक ने अपनी मृतक पंचायत सहायक पुत्री के बकाये मानदेय के भुगतान एव एक ने आवास की मांग की। बुधवार को ब्लाक मुख्यालय पर आईएएस ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/खण्ड विकास अधिकारी काव्या सी की अध्यक्षता मे आयोजित ब्लाक समाधान दिवस मे ग्राम पंचायत मसौली निवासी प्रेमी पत्नी स्व शंकर ने प्रधानमंत्री आवास के लिए प्रार्थना पत्र दिया तो वहीं गुरेला निवासी विजय लक्ष्मी पत्नी राजिराम ने अपनी पुत्री अन्नू वर्मा जो ग्राम पंचायत गुरेला में पंचायत सहायक के पद पर तैनात थी जिसकी मृत्यु हो गई है जिसका 7 माह के मानदेय दिलाने की मांग की। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने दोनो फरियादियों को फरियाद सुनते हुए सम्बंधित सचिव को आदेशित करते हुए निस्तारण का आदेश दिया।

### अकीदत के साथ मनाया गया चेहल्लुम

**मसौली बाराबंकी।** हजरत इमाम हुसैन एव कर्बला के शहीदो की याद में प्रतिवर्ष सफर महीने के आखिर बुध को ग्राम रामपुर कटरा में चेहल्लुम पूरी अकीदत के साथ मनाया गया। मंगलवार की देर रात्रि चौको एव पिंडालो में रखी गयी ताजियों की जियारत के लिए रात्रि भर जायरीन चलते रहे। तथा भोर में निकाला गया ताजियों का जुलुस देर शाम कर्बला पहुँचा जहाँ पर नम आँखों के साथ ताजियों को दफन किया गया। पैग़म्बरे इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लाह वालेवसल्लम के नवासे हजरत इमाम हुसैन (रजि0) एव उनके 72 साथियों की शहादत की याद में ग्राम रामपुर कटरा मे मगलवार की शाम को चौको एव भव्य पिंडालो में ताजिये रखे गये और बुधवार की भोर सादगी एव अक़ीदत के साथ ताजियों का जुलुस निकाला गया।

# जेल में बंदियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए किया प्रेरित

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**





कार्यक्रम में बंदियो को संबोधित करते आगन्तुक

निरूद्ध शिक्षा ग्रहण कर रहे बंदियों एवं बंदी शिक्षकों सहित कुल 125 बंदियों को मानव उत्थान सेवा समिति/हंश आश्रम छिबरामऊ द्वारा जेल अधीक्षक मो. अकरम खॉ के नेतृत्व में अनौगी स्थित जिला कारागार में बंदी साक्षरता किटो के साथ बिस्कुल आदि तथा कोमल फाउण्डेशन फिरोजाबाद द्वारा डाबर कम्पनी लिमिटेड के सहयोग से महिला बंदियों को डाबर का टूथ पेस्ट, हेयर आयॅल, ब्रश, शैम्पू आदि का वितरण किया गया। सभी आगन्तुकों द्वारा बंदियों के बहुमुखी कल्याण, नैतिक एवं चारित्रिक उत्थान, बंदियों को समाज की मुख्य धारा से जोडने तथा बंदियो के जीवन में उन्नति हेतु विनम्रता एवं सहनशीलता अपनाये जाने, उनको शिक्षित किये जाने आदि पर विचार-विमर्श कर प्रेरित किया गया। इस मौके पर अश्वनी कुमार राजौरिया, महात्मा सुमित्रा, मो. सलीम, मनोज, विकास, उपकारापाल रामबहाल दुवे एवं प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार सहित आदि रहे।

## शिव विवाह उत्सव की तैयारियां जोरों पर

**मसौली बाराबंकी।** ग्राम चिलौकी एव सफदरगंज में आगामी 6 सितंबर को होने वाले शिव पार्वती विवाह उत्सव की तैयारियां जोर शोर से चल रही है सफदरगंज स्थित शिवाला एव ग्राम चिलौकी स्थित मंदिर का रँगरोगन किया जा रहा है। बताते चले कि ग्राम पंचायत चिलौकी एव सफदरगंज में शिव पार्वती विवाह उत्सव प्रतिवर्ष धूमधाम मनाया जाता है आगामी 5 सितंबर को ग्राम पंचायत चिलौकी मंदिर से ग्राम प्रधान सोमनाथ राजपूत सहित भारी संख्या में ग्रामीण तिलक लेकर सफदरगंज शिवाला मंदिर पहुंचेंगे जहाँ पर ग्राम प्रधान सफदरगंज अजय कुमार वर्मा सहित समस्त ग्रामीण स्वागत व तिलक की रस्म अदा की जाएगी। 6 सितंबर को सफदरगंज शिवाला से हाथी घोड़ा एव बैंडबाजे के साथ शिव बारात निकाली जाएगी जिसमें हजारों की संख्या में लोग भाग लेंगे तथा चिलौकी मंदिर में विवाह के उपरांत भण्डारे का आयोजन किया जायेगा।



## नशे में वाहन चलाने पर टीएसआई अरशद ने ऑटो किया सीज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** यातायात निदेशालय उत्तर प्रदेश के आदेश के क्रम में नशे की हालत में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों का टीएसआई अरशद अली द्वारा ब्रीथ एनालाइजर से चेक करने पर आटो संख्या क्क86ज्ञ 6947 का चालक नशे की हालत में पाया गया।उक्त वाहन को टीएसआई द्वारा सीज कर कोतवाली छिबरामऊ में दाखिल किया गया वहीं दूसरे ऑटो की फिटनेस समाप्त होने के कारण उसे भी सीज किया गया।टीएसआई ने बताया गया कि यातायात निदेशालय के आदेश अनुसार नशे में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। टीएसआई द्वारा आम जन को बताया गया कि कोई भी तेज गति में वाहन ना चलाएं, रॉन्ग साइड ना चले,वाहन को उचित स्थान पर ही खड़ा करें। इस अभियान में आरक्षी मनोज कुमार,पीआरडी विकास कुमार होमगार्ड ओम शरण आदि उपस्थित रहे।

# बाग में फंदे पर लटका मिला लापता छात्रा का शव

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

मां की डांट से नाराज छात्र का शव गांव के बाहर बैग में फंदे पर लटका मिला घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। पुलिस नींबू के पर पहुंच कर शव को लिया कब्जे में। सिमर बहू कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रतनपुर निवासी साहब सिंह का 17 वर्षीय पुत्र सुंदरम कक्षा 11 का छात्र था। शनिवार को सुंदरम की मां ने किसी बात को लेकर डांट फटकार लगा दी थी इसी से नाराज होकर सुंदरम शनिवार की शाम करीब 6:30 बजे परिजनों को बिना कुछ बताएं घर से निकल गया देर रात तब वापस न लौटने पापा जुनून उसकी तलाश शुरू की लेकिन उसका कुछ नहीं पता लगा सका उसके बाद पिता की तहरी पर पुलिस ने गुमशुदा की दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। गांव के बच्चे मोर पंख की तलाश में गांव के बाहर चारागाह की जमीन पर बाग में गए थे। यहां बच्चों ने एक सबको पेड़ से लटका देखा इसकी सूचना पुलिस ने शव की शिनाख्त सुंदरम के रूप में की।

शव कई दिनों पुराना होली के कारण शव से बदबू आने लगी थी पुलिस ने शव को शीघ्र पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। परिजनों ने बताया कि सुंदरम तीन भाई बहनों में सबसे बड़ा था पिता कई माह से बीमार थे प्रभारी निरीक्षक सचिन सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का स्थापना दिवस आयोजित

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**







जीटी रोड स्थित एक निजी गेस्टहाउस मे अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का स्थापना दिवस आयोजित किया गया।व्यापरियो व पदाधिकारीयो को सम्मानित कर भव्य रूप प्रदान करा गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनिल गुप्ता ने कहा कि तीन सितंबर को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का स्थापना दिवस का अयोजन किया जाता है।इस दिवस को हम व्यापारिक दिवस के रूप मे हर वर्ष बनाते है।इस मौके पर व्यापारियो को सम्मानित भी करते है।अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलामंत्री व पूर्व चेयरमैन राजीव दुबे ने कहा कि व्यापारिक दिवस के मौके पर हम लोग इस मौके पर मांग करते है कि मजदूर व बाल दिवस की तरह इसे भी बनाया जाये और राष्ट्रीय व्यापारी दिवस धोषित हो। पंजीकृत व्यापारी को चुनकर विधान परिषद भेजने का अधिकार प्राप्त हो।देश मे व प्रदेश मे व्यापारी पेशन योजना शीघ्र लागू हो। मंहगाई पर अंकूश के लिए डीजल,पैट्रोल, गैस,जीएसटी मे जोडा जाये किसानो की तरह व्यापारियो को भी सुविधाए दी जाये।क्योकि व्यापारी ही देश की रीढ है।

महिला मोंचा की प्रदेश अध्यक्ष शोभा दुबे ने कहा कि अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल मे महिलाए भी किसी से पीछे नही है।और ये ही एक ऐसा संगठन है जो आधी अबादी को पहचाना और संगठन मे अलग मोंचा बनाकर महिलाओ को भागीदारी दी इसके लिए सन्दीप बंसल बधाई के पात्र है। इस दौरान गणेश चतुर्वेदी, नरेश वर्मा, राजेश सक्सेना,कुलदीप वर्मा, मनोज गुप्ता,नवनीत वर्मा,सौरिख चेयरमैन राहुल गुप्ता,दिलीप गुप्ता,शालिनी चौहान, प्रभा पाण्डेय, सहित सैकड़ो व्यापारिकगण मौजूद रहे।

## विभिन्न विभागों के चयनित अभ्यर्थियो को नियुक्त पत्र मिले

**इटावा।** लाइव टेलीकास्ट मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ के माध्यम से विभिन्न विभागों के चयनित 1335 नव चयनित अभ्यर्थियो के नियुक्त पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में सदर विधायक सरिता भदौरिया की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में 3 नव चयनित अभ्यर्थियो को नियुक्त पत्र दिए गए। जिसमें 2 अधिशाषी अभियन्ता ग्रामीण तथा 1 इटावा प्रखंड निचली गंगा नहर को नियुक्ति पत्र दिये गये। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदौरिया ने सभी नवनिर्मित अभर्थियों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# हिंदू जन आक्रोश यात्रा में उमड़ी सनातनियों की भीड़

- पूर्व सांसद की अगुवाई में भाजपाइयों ने नारेबाजी कर जताया आक्रोश

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में सत्ता पलट के बाद हिंदुओं के साथ की जा रही बर्बरता व अत्याचार सहित हिंदुओं के धार्मिक मंदिरों में तोड़फोड़ व घुसपैठ को लेकर जहां एक ओर पूरे देश के हिंदूवादी संगठनों व संतो में आक्रोश है।

वही दूसरी ओर पूर्व भाजपा सांसद की अगुवाई में सैकड़ो कार्यकर्ताओं व हिंदूवादी संगठन के नेताओं ने हिंदू जन आक्रोश यात्रा निकालकर बांग्लादेश मुर्दाबाद के नारे लगाए।



जन आक्रोश यात्रा निकालते पूर्व सांसद व जिलाध्यक्ष।

बुधवार को भाजपा के पूर्व सांसद सुब्रत पाठक के नेतृत्व में नगर के बाईपास रोड स्थित गायत्री पैलेस में आयोजित नुक्कड़ नाटक में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार एवं व्यभिचार पर आक्रोश व्यक्त करने के उपरांत हिंदू जन आक्रोश यात्रा प्रारंभ होकर राम मंदिर गेट, सिद्धार्थ हॉस्पिटल, कमला सरन इंटर कॉलेज, ग्राम लाडपुर व नंगापुरवा आदि स्थानों पर नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया।

जिसमें बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अमानवीय जुल्मों के प्रति आक्रोश व्यक्त कर एक जुटता का आवाहन किया गया। जिसके बाद हिंदू जन आक्रोश यात्रा का वापस तिराहा पर आकर समापन हुआ। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी, क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी, विहिप नेता नीरज मिश्रा, व्यापारी नेता सागर अग्रवाल लकी, भाजपा पिछड़ा मोर्चा क्षेत्रीय महामंत्री विनय वर्मा, भाजपा नेता संजीव गुप्ता उर्फ संजू, भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुमित सक्सेना, पूर्व चेयरमैन दिनेश यादव, भाजपा नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र कौशल, भाजयुमो नगर अध्यक्ष मानव गुप्ता, संजीव गुप्ता टीटू, अनुराग गुप्ता, दीपू शर्मा, भूरा कठेरिया, अभय चतुर्वेदी, सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नवीन पाठ्य पुस्तक के प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ



- प्रथम दिवस के प्रशिक्षण में विद्यालयों को निपुण बनाने पर दिया जोर

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

कस्वा में ब्लॉक संसाधन केंद्र पर नवीन पाठ पुस्तक पर आधारित शिक्षकों के चार दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। बुधवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र पर नवीन पाठय पुस्तक पर आधारित शिक्षकों को चार दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रथम दिवस में एआरपी सत्यपाल सिंह ने प्रशिक्षण का उद्देश्य वी परिचय के साथ-साथ एकेडमिक वर्ष 2024-25 में पाठ पुस्तक कार्य पुस्तिका व अन्य शिक्षक अधिक गम सामग्रियों के उपयोग के विषय में चर्चा की।

एआरपी जितेंद्र प्रताप सिंह व जसकरण सिंह मास्टर ट्रेनर के द्वारा एनसीईआरटी आधारित नवीन पाठ पुस्तकों के विषय में प्रकाश डाला बताया कि पठान अभ्यास व प्रभाव पूर्ण पठान अभ्यास को समझना और अकादमी वर्ष 2024- 25 की शिक्षक संदर्शीका की समग्र समझ पर शिक्षकों के साथ पर चर्चा की गई एवं बच्चों को निपुण बनाने व टीएम की गतिविधि शिक्षक के उपयोग एवं नियमित उपस्थिति बढ़ाने के प्रयास किया जा रहे हैं। शिक्षकों को निर्देश दिए की बच्चों का नियमित आकलन करते हुए अक्टूबर तक प्रत्येक विद्यालय को निपुण घोषित किया जाए। जिसके लिए कक्षा 1 से 3 तक के कम से कम 80 प्रतिशत बच्चे निपुण होना अनिवार्य है। जबकि प्रशिक्षण में भोले शंकर द्वारा निपुण कार्य योजना पर प्रकाश डाला। इस मौके पर अंजलि तिवारी, रेनू कमल, प्रवीण कुमार, रोहित द्विवेदी, निसात सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# नगर मजिस्ट्रेट ने अतिक्रमण, पार्किंग, वेंडिंग जोन के संबंध में ली बैठक

- बोले सड़क किनारे की जा रही वाहन पार्किंग पर की जाये कठोर कार्यवाही
- ई-रिक्शा चालकों को रुट निर्धारित कर दिया जायेगा कलर कोड



बैठक लेते नगर मजिस्ट्रेट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में बुधवार को नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में फर्रुखाबाद-फतेहगढ़ के नगरीय क्षेत्र में अतिक्रमण, पार्किंग, वेंडिंग जोन व ई-रिक्शा संचालन के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट द्वारा टीएसआई को निर्देशित किया गया कि जनसामान्य द्वारा सड़कों व उनके किनारों पर अवैध रूप से की जा रही वाहन पार्किंग पर कठोर कार्यवाही की जाये तथा आवश्यक होने पर वाहनों को क्रेन द्वारा उठाकर पुलिस लाइन में जमा कर दिया जाये। ई-रिक्शा संचालन के संबंध में एआरटीओ प्रवर्तन द्वारा अवगत कराया गया कि नगर पालिका द्वारा उन्हीं ई-रिक्शा को चलाने के लिये अधिकृत किया जाये जिन पर आगे व पीछे एचएसआरटीसी नंबर प्लेट लगी हो तथा ई-रिक्शा चालक के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस हो व बीमा व फिटनेस प्रमाण-पत्र एवं टैक्स अद्यतन जमा हो। साइड मिरर लगे हो व ई-रिक्शे में साउंड सिस्टम न लगा हो। ईओ फर्रुखाबाद द्वारा बताया गया कि नगर में संचालित होने वाले ई-रिक्शा को निर्धारित रुट कर कलर कोड दिया जायेगा। ई-रिक्शा चालक अपना प्रत्यावेदन नगर पालिका में प्रस्तुत कर अपना रुट आवंटित करायें। आरटीओ व टीएसआई द्वारा संयुक्त रूप से अवगत कराया कि किसी भी ई-रिक्शा द्वारा क्षमता से ज्यादा सवारी बैठाई जाती हैं या माल ढुलाई की जाती है तो उसे सीजकर लाइसेंस निरस्त कर दिया जायेगा। बैठक में निर्देशित किया गया कि स्ट्रीट वेंडर पल्ला पार्क व घुमना सब्जी मंडी में आवंटित की गई जगह पर ही बैठें वरना आवंटन निरस्त कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा अतिक्रमण मुक्त किये जाने के संवंध में शुरू में दो मुख्य मार्गों को चिन्हित करने के लिए निर्देशित किया गया था।

इस संबंध में चर्चा के उपरांत सर्व सम्मति से मऊदरवाजा से चौक व चौक से लाल सराय गेट तक के मार्ग चिन्हित किये गये व उक्त मार्ग पर फड़, ठेला आदि लगाकर अतिक्रमण करने वालों व सभी दुकानदारों को निर्देशित किया जाता है कि वह अपना अतिक्रमण स्वयं हटा लें। नगर पालिका की नाली के पीछे तक सड़क को अतिक्रमण मुक्त रखें अन्यथा उन पर जुर्माना किया जाएगा व नगर पालिका व संबंधित थाना प्रभारी द्वारा सामान जब्त कर लिया जाएगा। रोहित गोयल द्वारा सुझाव दिया गया किइन मार्गों से जुड़ने वाले ऐसे मार्ग जो वन-वे है। उनको भी अतिक्रमण मुक्त किया जाये। जिससे यातायात सुचारू रूप से संचालित हो सके। रविवार को नेहरू रोड पर लगने वाले साप्ताहिक बाजार को लिंजीगंज व मन्नीगंज में शिफ्ट करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही फतेहगढ़ में लगने वाले साप्ताहिक बाजार को भी उचित स्थान चिन्हित कर शिफ्ट किये जाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर एआरटीओ प्रवर्तन, ईओ नगर पालिका, जीएम डीआईसीएटीएसआई, रोहित गोयल चैयरमैन आईआईए, सरल दुबे, द्रवित जैन उपस्थित रहे।

# स्टीव वायर में आ रहे करंट से ई-रिक्शाचालक की मौत

- मृतक की पत्नी किरण देवी तथा परिजनों का रो-रो कर है बुरा हाल

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बिजली पोल के स्टीव वायर से ई-रिक्शा छू गया। जिससे उसमें उतरे करंट की चपेट में आने से चालक की मौत हो गयी।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव तेरा निवासी सेवानिवृत्त फौजी हरिनंदन सिंह का 38 वर्षीय पुत्र भानु प्रताप उर्फ सचिन रोज की भांति शौच के बाद फ्रेश होकर अपने खेत देखने के लिए अपने ई-रिक्सा से जा रहा था। सुबह लगभग 6.30 बजे घर से निकलते ही दस कदम की दूरी पर लगे बिलजी पोल के लटक रहे स्टीव वायर में करेंट आ रहा रहा था। जिसकी जानकारी भानु प्रताप को नहीं थी।



मृतक का फाइल फोटो

भानु का ई-रिक्शा स्टीव वायर में टच हो गया। जिससे पूरी गाड़ी में करंट दौड़ गया। भानु प्रताप की चीख सुनकर घर वाले आए और बांस की सहायता से स्टीव वार को अलग किया और आनन-फानन में भानु प्रताप को निजी वाहन से प्राइवेट हॉस्पिटल दिखाने ले जा रहे थे, तभी रास्ते में गैसिंगपुर के पास भानु प्रताप की मृत्यु हो गई। भानु प्रताप प्राथमिक विद्यालय गैसिंगपुर में अनुदेशक कला वर्ग पद पर तैनात थे। मृतक की पत्नी किरण देवी विकलांग हैं तथा तीन बच्चे पुत्री सिद्धि 6 वर्ष, पुत्र अभिनय 5 वर्ष, पुत्री रितिका 3 वर्ष है। घटना जानकारी पर नायब तहसीलदार हर्षित कुमार तथा कोतवाली प्रभारी मनोज भाटी थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एसआई सूर्य प्रकाश उपाध्याय ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आसपास के लोगों तथा मृतक के भाई भूपेंद्र ने जानकारी दी है कि पिछले 15 से 20 दिन पहले बिजली विभाग की एक टीम गांव में चेकिंग के लिए आई थी जिसमे जेई भी साथ में थे।

जो बकायेदारों के कनेक्शन काट रही थे और बिजली के बिल को जमा करने के लिए बोल रही थे, तभी बिजली विभाग के कर्मचारियों से बोला था कि ये स्टीव वायर जो लटक रही हैं अगर इसमें करंट आ गया तो कोई बड़ी घटना हो सकती है, तो कर्मचारियों ने बोला था की उसमे करेंट नहीं आता। अगर बिजली विभाग द्वारा उस स्टीव वायर को हटा दिया जाता तो यह घटना नहीं होती। मृतक की पत्नी किरण देवी तथा परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# गंगा नदी में बहता मिला सरकारी दवाइयों का जखीरा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**





बुधवार को ढाईघाट शमशाबाद स्थित गंगा नदी पुल के पूर्व की ओर सरकारी दवाइयों का जखीरा बहते हुए देखा गया। उधर सरकारी दवाइयों को गंगा जल में बहता देख मौके से गुजर रहे लोगों की भीड़ जुट गई। देखते ही दर्जनों लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गयी। लोग तरह-तरह की चर्चाएं करने लगे कि आखिर सरकारी दवाईयों का जखीरा गंगा जल में कहां से आया कहीं सरकारी अस्पतालों से तो नहीं डाला गया। गंगा नदी में फेंकी गयीं दवाइयां एक्सपायर थी। स्थानीय लोगों की मानें तो सरकारी दवाइयों पर एक्सपायरी डेट सातवां महीना 2024 पड़ी थी। साथ ही नाट फॉर सेल गवर्नमेंट सप्लाई लिखा हुआ था। बताते चलें कि सांसद मुकेश राजपूत ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरौन का आकस्मिक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान तमाम खामियां पाई गई थी। अव्यवस्थाएं पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की थी। सूत्रों के मुताबिक यहां सरकारी दवाइयों में भी गड़बड़ी पाई गई थी। बताते चलें कि शहर से लेकर गांव तक सभी का स्वास्थ्य उत्तम रहे, इसके लिए सरकार ने शहर से लेकर गांव-गांव तक सरकारी अस्पतालों की स्थापना की। लाखों रुपए की दवाइयां उपलब्ध कराकर चिकित्सको की तैनाती। इस आशय के साथ यहां आने वाले विभिन्न बीमारियों के शिकार मरीजों को निःशुल्क दवाइयां मिलें, उत्तम उपचार हो, अच्छी जीवन रक्षक दवाइयां उपलब्ध हो और वो स्वस्थ रहें। स्थानीय लोगों के चर्चाएं है जो चिकित्सक कर्मचारी सरकार से हर महीने हजारों रुपए तनख्वाह लेते, वहीं चिकित्सक चंद रुपए के लालच में सरकारी दवाइयों की चोरी छिपे कालाबाजारी कराते अक्सर देखे गये हैं। जिला प्रशासन को चाहिए गंगा में विसर्जित की गई सरकारी दवाइयों की जांच कर दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# डंपर की टक्कर से दंपति व मासूम सहित तीन की मौत





मृतकों के फाइल फोटो

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सड़क हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी तथा मासूम सहित तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि भतीजी सहित दो लोग घायल हो गये। उधर सड़क दुर्घटना में मौत के शिकार हुए दंपत्ति तथा मासूम का शव आते ही घर परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम समोचीपुर चितार निवासी बाइक सवार आजम पत्नी फरीना एवं मासूम आयशा के अलावा मैक्सा तथा भतीजी निशा उस वक्त सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई जब बाइक चालक रिश्तेदारी में हुई मौत की सूचना पर सभी 5 लोगों को बाइक पर बिठाकर रिस्तेदारी में जा रहा था। मैनपुरी राधा रमन मार्ग पर गुजरते समय एक डंपर से भीषण भिड़ंत हो गई। इस भीषण भिड़ंत में बाइक सवार आजम पत्नी फरीन तथा पुत्री आयशा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गइ, जबकि पुत्री मैक्सा तथा भतीजी निशा घायल हो गई। उधर मैनपुरी पुलिस ने मृतकों का पोस्टमार्टम कराया। बताते हैं जैसे ही दुर्घटना में एक साथ तीन लोगों की हुई मौत का समाचार परिजनों को मिला तो कोहराम मच गया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सिजवान ने बताया मृतक पति पत्नी परिवार सहित मैनपुरी के शीतग्रह में मेहनत मजदूरी करता था। रिश्तेदारी में मौत होने की सूचना पर बाइक द्वारा जा रहा था। अचानक डंपर के चालक द्वारा टक्कर मार दिए जाने से बाइक सवार पति-पत्नी तथा बच्ची सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि मृतक की एक बच्ची तथा भतीजी घायल हो गई।

# सीपीवीएन इंटर कालेज में कुराश प्रतियोगिता सम्पन्न

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** सीपीवीएन इण्टर कालेज में मंडलीय कुराश माध्यमिक विद्यालय प्रतियोगिता 14/17/19 आयु वर्ग बालक व बालिका का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में कानपुर नगर व फर्रुखाबाद के विभिन्न विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य योगेश चन्द्र तिवारी द्वारा छात्र-छात्रा खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का प्रारम्भ कराया। विभिन्न भार वर्गों में कानपुर नगर के ओइएफ इण्टर कालेज, राम लला इण्टरमीडिएट विद्यालय व फर्रुखावाद के सीपीवीएन इन्टर कालेज कायमगंज के छात्र-छात्राओं ने राज्य स्तरीय कुराश प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर अपना स्थान पक्का किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 9 से 11 सितम्बर होना प्रस्तावित है।

# विद्युत पोल में आए करंट से दो घोड़ों की मौत

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विद्युत पोल में आये करंट से दो घोड़ों की मौत हो गयी। जिससे परिजनों में मायूसी छा गयी। उपरोक्त घटना के संबंध में थाना पुलिस को तहरीर गयी गयी है।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम अलेपुर निवासी मनीष कुमार पुत्र नन्हेंलाल ने शमसाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा कि बीते दिवस की शाम उसके दो घोड़े कीमत लगभग 140,000/- जो गांव के ही निकट एक खेत में चर कर रहे थे। बताते हैं खेत में बिजली का पोल है। चरते-चरते एक घोड़ा बिजली के पोल तक पहुंच गया। अचानक आए बिजली के करंट से घोड़ा चिपक कर तड़पने लगा। जब जब दूसरे घोड़े ने देखा, तो वह भी उसके पास पहुंच गया और उसे छुड़ाने लगा। जिससे वह भी करंट की चपेट में आ गया। इस घटना में दोनों घोड़ों की दर्दनाक मौत हो गई। बताते हैं घटना की जानकारी होने के बाद ग्रामीणों ने शोर मचाकर दोनो बेजुबानों को बचाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली और दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद पशुपालक के घर परिवार में मानो मातम सा पसर गया हो। दोनों घोड़ों की कीमत करीब 140,000/- रुपये बतायी गयी है। पीड़ित ने शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी। पीड़ित के अनुसार दोनों घोड़े की मौत की सूचना थाना पुलिस को दी गई। राजकीय पशु चिकित्सालय फैजबाग को भी घटना से अवगत कराया गया। दोनों मृत पशुओं का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# सपा लोहिया वाहिनी ने छात्र-नौजवान पीडीए जारुकता अभियान चलाया





कार्यक्रम के दौरान मौजूद पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी ने छात्र-नौजवान पीडीए जागरूकता अभियान के तहत संकल्प पत्र भरवाना एवं पर्चा वितरण कार्यक्रम का अयोजन किया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार व प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की स्वीकृति से एवं समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. इमरान के नेतृत्व में जनपद फर्रुखाबाद में छात्र, नौजवान जागरूकता अभियान के तहत स्वयं समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव/अभियान प्रभारी सुमित कन्हैया की उपस्थिति में राजेन्द्र नगर इंटर कॉलेज उनरपुर, मेरापुर और संकिसा, अमृतपुर में छात्र-नौजवान पीडीए जागरूकता अभियान के अंतर्गत संकल्प पत्र भरवाना एवं पर्चा वितरण कार्यक्रम का अयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग यादव और उनकी पूरी कार्यकारिणी के साथियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सचिन यादव जिला सचिव लोहिया वाहिनी, हर्ष यादव, विक्रम यादव, जीतू यादव, मुकेश तिवारी, शीलू सिंह, प्रभाव सिंह, अनूप सिंह, श्रवण सिंह, रक्षपाल जाटव, आलोक यादव पूर्व विधानसभा अध्यक्ष छात्र सभा अमृतपुर, आशीष यादव, प्रभव सिंह, आदर्श यादव, मोहित कुमार, राजकुमार, अनूप यादव सभासद, राजकिशोर आदि उपस्थित रहे।

# प्रधान ने मनमाने तरीके से की रसोइया की तैनाती

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**



स्कूल में पसरा सन्नाटा

सामान्य और पिछड़ी जाति बाहुल्य गाँव के स्कूल में अनुसूचित जाति महिला की रसोईया के पद पर तैनाती कर दी गयी। ग्रामीणों ने बिना प्रस्ताव के प्रधान पर मनमाने तरीके से तैनाती का आरोप लगाया। विरोध मे ग्रामीणों ने अपने बच्चों को स्कूल भेजने से मना कर दिया।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सबितापुर बिहारीपुर के मजरा मधवापुर की कुल आबादी करीब 600 है। जिसमे सामान्य और पिछड़ी जाति के ग्रामीणों की संख्या अधिक है। गाँव के प्राथमिक विद्यालय मे कुल 41 बच्चे पंजीकृत है। जिसमें प्रधानाचार्य शैलेन्द्र व सहायक मास्टर आनेद्र की तैनाती है। पांच दिन पूर्व गांव के प्रधान सत्यराम व स्कूल के स्टॉफ द्वारा एक पिछड़ी व एक अनुसूचित जाति की महिला की रसोईया के पद पर तैनाती कर दी। ग्रामीणों ने बताया की पूर्व में यहां पाल समाज की दो महिलाओं की रसोईया के पद पर तैनाती थी। ग्रामीणों ने प्रधान पर बिना ग्रामीणों के प्रस्ताव पास कर मनमाफिक तरीके से तैनाती का आरोप लगाया। गाँव के धीरज, श्यामवीर, रघुवीर, पप्पू, ओमवीर, शिवकुमार आदि दर्जनों ग्रामीणों ने अपने बच्चों को स्कूल भेजने से मना कर दिया। जिससे अनुसूचित जाति के 7 और पिछड़ी जाति दो बच्चे ही विद्यालय में उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य शैलेन्द्र ने बताया की प्रधान द्वारा नियमानुसार स्कूल मे रसोईया की तैनाती के विरोध में बच्चे स्कूल नहीं आ रहे हैं। उनके अभिभावकों समझाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

# हर बच्चा शिक्षित होकर करे देश का नाम रोशन: जितेन्द्र सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** देश के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन का सपना था, कि देश का हर व्यक्ति शिक्षित हो। उन्होंने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लोगों को प्रेरित किया और अपने जन्मदिन को शिक्षकों के लिए समर्पित करते हुए शिक्षक दिवस रखा, तब से अब तक हर 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। समृद्धि न्यूज के विशेष विश्लेषण समाचार के अंक में शिक्षा के प्रहरी बने प्राथमिक

## शिक्षा के प्रहरी

विद्यालय कड़क्का के सहायक अध्यापक जितेन्द्र सिंह ने बताया कि बचपन से ही पढ़ने लिखने का शौक था और अपने आदर्श भगवान गौतम बुद्ध व बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर से प्रेरित होकर हर कार्य

## हॉवी- पढ़ना व पढ़ाना आदि

किया। मेरे हर कार्य में मेरे पिता हाकिम सिंह का सहयोग मिला, क्योंकि वह भी अध्यापक थे। हाईस्कूल 1997 में केंद्रीय विद्यालय फतेहगढ़ से किया। इंटर इसी विद्यालय से वर्ष 1999 में पूर्ण किया। 2002 में डा0 भीमराव अम्बेडकर यूनिवर्सिटी आगरा से बीए की पढ़ाई पूर्ण की। 2005 में महात्मा ज्योतिबाबाई फुले विश्वविद्यालय रुहेलखण्ड से एमए किया। 2007 में कानपुर यूनिवर्सिटी से बीएड किया। पहली तैनाती 5 जुलाई 2011 में प्राथमिक विद्यालय वंशियापुर ताखा इटावा में हुई। 30 अगस्त 2016 को वहां से स्थानांतरण कराकर प्राथमिक विद्यालय कड़क्का राजेपुर में अध्यापन कार्य मिला, तब से उसी विद्यालय में अभी तक शिक्षण कार्य कर रहा हूं। विद्यालय में 172 बच्चों का नामांकन है। पांच शिक्षक है। 2013 में वैवाहिक बंधन में बंधा। दो बेटिया है। विद्यालय में स्कूल रेडीनेस का नोडल हूं। विद्यालय के बच्चों ने ब्लाक स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया है। अभी तक मेरे द्वारा 8 वृक्ष लगाये गये हैं। साथ ही लोगों को पर्यावरण को सुंदर बनाने के लिए प्रेरित करता हूं और समय-समय पर रैली निकालकर जागरुक करता हूं। विद्यालय स्तर पर स्कूल चलो अभियान रैली, स्वच्छता रैली, संचारी रोग नियंत्रण रैली, पर्यावरण रैली आदि निकाली गई है। विद्यालय में बच्चों के स्वास्थ्य के देखभाल के लिए स्वास्थ्य टीम द्वारा समय-समय पर परीक्षण किया जाता है। बच्चों के पढ़ने के लिए स्मार्ट क्लास की व्यवस्था है। विद्यालय में पीटी बैण्ड है और प्रतिदिन योगा कराया जाता है। मीनू के आधार पर बच्चों को पौष्टिक भोजन दिया जाता है। पेंशन बचाओ मंच का मैं जिला सदस्यता प्रभारी हूं। मेरी सरकार से मांग है कि पुरानी पेंशन बहाल की जाये। अभी तक अटेवा द्वारा कई रैलियों व कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया है। जिला स्तर पर जो भी बैठक संगठन की होती है उसमें भाग लेता हूं। जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होती तब तक अटेवा की ओर से इस आंदोलन को गति देते हुए विरोध जारी रहेगा। क्योंकि पुरानी पेंशन ही बुढ़ापे का सहारा है।

नाम- जितेन्द्र सिंह
पद- सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय कड़क्का राजेपुर
पिता- श्री हाकिम सिंह
निवासी-दुर्गा कालोनी भोलेपुर
योग्यता-एमए, बीएड
प्रेरणा स्रोत- माता-पिता
आदर्श- गौतम बुद्ध व बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर
हॉवी- पढ़ना व पढ़ाना
प्रिय खेल- क्रिकेट
पहली तैनाती- 5 जुलाई 2011 प्रा0वि0 वंशियापुर ताखा इटावा
सम्मान-विद्यालय स्तर पर
कार्य- शासन की योजनाओं का विद्यालय में क्रियांवन कराना
मांग- पुरानी पेंशन बहाली



**जितेन्द्र सिंह**
**सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय कड़क्का, राजेपुर**





स्वतंत्रता दिवस पर बच्चों को सम्मानित करते सहायक अध्यापक जितेन्द्र सिंह

शिक्षक दिवस के पूर्व समृद्धि न्यूज समाचार पत्र में शिक्षकों का निःशुल्क शिक्षा के प्रहरी साक्षात्कार विशेषांक प्रकाशित किया जा रहा है।



# शार्ट सर्किट से कबाड़ की गोदाम में लगी आग, लाखों का नुकसान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शार्ट सर्किट से कबाड़ की दुकान में आग लग गयी। जिससे इलाके हड़कंप मच गया। आग से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक जलकर सबकुछ राख हो गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र हाथीखाना निवासी लाल सिंह की कोआपरेटिव बैंक के पीछे गीतापुरम कालोनी में कबाड़ की गोदाम है। मंगलवार रात्रि करीब 11 बजे पांच केवल में शार्ट सर्किट होने से गोदाम में चिंगारी गिरने से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। स्थानीय लोगों ने पुलिस व गोदाम मालिक एवं फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर फतेहगढ़ कोतवाल आमोद तिवारी पुलिस बल के साथ मौक पर पहुंचे व करीब 10 मिनट बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गयी। स्थानी लोगों की मदद से फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। गोदाम मालिक लाल सिंह ने बताया कि आग से कई लाख सामान जलकर राख हो गया। बताते चले कि पहले दुकान का संचालन प्यारे कबाड़ी करते थे, उनके न रहने पर लाल सिंह चला रहे है।

# महिला को दबंगों ने घेरकर किया गाली-गलौज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** घर से कस्बे में काम करने जा रही महिला को दबंग आरोपियों ने रास्ते में घेरकर गाली-गलौज किया। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी मारपीट पर उतारू हो गये। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज के गांव पुराना गनीपुर निवासी रेखा देवी पत्नी सोहन ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बुधवार सुबह 8.30 बजे के लगभग कस्बे में काम करने जा रही थी, तभी रास्ते में घेरकर उसी के गांव के निवासी आरोपी गोविंद कुमार ने पीड़िता को घेरकर गाली-गलौज किया। जब पीड़िता ने गाली-गलौज देने से मना किया, तो उक्त आरोपी ने पीड़िता के साथ मारपीट करने पर उतारु हो गया। तब पीड़िता किसी तरह बचकर निकली और निकालने के बाद थाना पुलिस को आरोपी गोविंद कुमार के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

# दूसरी शादी करने पर पति के खिलाफ दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव बसई खेड़ा निवासी अफसाना पत्नी अतीक ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी शादी बीते वर्ष 2015 में शमशाबाद थाना क्षेत्र के गांव चिलसरा निवासी अतीक के साथ हुई थी। तब से पति से लगातार विवाद होने के कारण पीड़िता अपने मायके बसईखेड़ा में रहने लगी, तभी बीते दिन पीड़िता की बहन नन्हीं पत्नी इदरीश निवासी ग्राम वीरपुर थाना नवाबगंज ने पीड़िता को फोन द्वारा सूचना दी कि उसके पति अतीक ने दूसरी शादी कर ली है। यह सूचना पाकर पीड़िता नवाबगंज थाने पहुंची और थाना पुलिस को ससुरालीजनों के विरुद्ध तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

# बच्चे को पीटने पर पुलिस को दी तहरीर, हुआ समझौता

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव सियापुर निवासी मंजू देवी पत्नी नीरज कुमार ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कल 3 सितंबर को मेरा 8 वर्षीय पुत्र विभान बाबू गांव के प्राइमरी पाठशाला में पढ़ने के लिए गया था। जिस पर अध्यापक शिवराम ने मेरे बच्चे से तीन सवाल पूछे। जिसमें एक उसने बता दिया। बाकी के नहीं बता पाया। जिस पर उन्होंने बच्चे को बुरी तरीके से लकड़ी की फंटी से पीटा। जिसमें उसके शरीर पर चोट के निशान बन गए और उससे कहा कि तुम चमार के चमार ही बने रहोगे। तुम कभी नहीं पढ़ पाओगे। यह कहते हुए उसके साथ में मारपीट की। जिसकी शिकायत आज उसकी मां मंजू देवी ने थाना पुलिस से की, लेकिन आज शाम 4.00 बजे लगभग दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

# विश्व हिंदू परिषद की स्थापना को लेकर हुई बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कंपिल प्रखंड की ग्राम पंचायत बहबलपुर मिस्तनी में बने मंदिर परिसर में विश्व हिंदू परिषद की स्थापना को लेकर बैठक हुई। जिसमें स्थापना दिवस के 60 वर्ष पूर्ण होने पर होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी जिला मंत्री अखिलेश मिश्रा ने दी एवं हिंदुत्व को लेकर भी जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर के महंत ने की। कार्यक्रम में शिवेंद्र सिंह भदौरिया जिला उपाध्यक्ष, जिला धर्माचार्य प्रमुख विजय मारवाड़ी, जिला सह मंत्री राघव सिंह भदौरिया, जिला विशेष संपर्क प्रमुख राहुल सिंह, कपिल प्रखंड के अध्यक्ष गजेंद्र कुमार के अलावा दर्जनों की संख्या में ग्रामीण पदाधिकारी मौजूद रहे।



# नर्सिंग के विद्यार्थियों को सांसद ने वितरित किये टैबलेट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

स्वामी विवेकानन्द कॉलेज ऑफ नर्सिंग महाविद्यालय में बुधवार को नर्सिंग विद्यार्थियों को चिकित्सा शिक्षा की डोर को मजबूत करने के लिए टैबलेट वितरण किये गये। मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत व विशिष्ट अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ0 भूदेव राजपूत एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा (किसान मोर्चा) आदित्य मिश्रा ने दीप प्रज्जवलित किया। विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने कई सांस्कृतिक भी प्रस्तुत किये। अतिथियों का स्वागत प्रबन्धक अनुराग दुबे ने किया। प्रबन्धक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि भारत सरकार की बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना डीजीशक्ति के अंतर्गत सभी विद्यार्थियों को टैबलेट फोन वितरित किया जा रहा है। उन्होने बताया कि सरकार की यह योजना से सभी विद्यार्थियों को डिजिटल इंडिया से जुड़ने का अवसर मिलेगा। विद्यार्थियों को चेताया कि इस टैबलेट का सही उपयोग ही किया जाए, नकरात्मक प्रयोग से अपना समय व्यर्थ न करें।



टैबलेट के साथ मौजूद नर्सिंग विद्यार्थी व अतिथिगण

स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना के तहत नर्सिंग के सभी विद्यार्थियों को सांसद ने टैबलेट वितरित किये। आदित्य मिश्रा ने कहा कि यह योजना युवा पीढ़ी को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने में और जीवन के अन्य पहलुओं की तरक्की में अहम साबित होगी। डॉ0 भूदेव राजपूत ने कहा कि टैबलेट छात्रों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने का माध्यम है। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि आज के वैज्ञानिक युग में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तकनीकी रूप से समृद्व होना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में अध्यक्ष विनोद अग्निहोत्री, प्रबन्धक अनुराग दुबे, शिवस्वरूप पाठक, डायरेक्टर डॉ0 सचिन दुबे, अभिषेक मिश्रा, प्राचार्य एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

# मंडल स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में आठ खिलाड़ियों का राज्य स्तर पर हुआ चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सनातन धर्म इंटर कॉलेज इटावा में आयोजित मण्डल स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में जनपद से बालिका वर्ग में चार प्रतिभागियों और बालक वर्ग में भी चार प्रतिभागियों का राज्य स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है।



टेबल टेनिस प्रतियोगिता के चयनित खिलाड़ी

प्रतियोगिता के लिए जिला स्तर पर चयनित 16 प्रतिभागी मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने इटावा गए हुए थे। इनमें से बालक वर्ग में अण्डर 14 वर्ग में हर्ष शर्मा, युवराज गुप्ता एवं विनय सिंह तीनों ही रस्तोगी इंटर कॉलेज के प्रतिभागियों का चयन तथा अण्डर 17 में प्रियांशु कुमार रस्तोगी इंटर कॉलेज के विद्यार्थी का चयन हुआ है। बालिका वर्ग में अण्डर 14 में आराध्या कुशवाहा एनएकेपी इंटर कॉलेज एवं सृष्टि राजपूत कनोडिया इंटर कॉलेज का तथा अण्डर 17 में अवंतिका अग्निहोत्री एनएकेपी तथा दिव्या कश्यप एनएकेपी इंटर कॉलेज का चयन हुआ है। प्रतिभागियों के साथ कोच नीता दुबे एनएकेपी इंटर कॉलेज, इंदिरा राठौर कनोडिया इंटर कॉलेज तथा टीम मैनेजर गजेंद्र सिंह चौहान रस्तोगी इंटर कॉलेज साथ रहे। जनपद से 8 प्रतिभागियों के राज्य स्तर पर चयन होने पर रस्तोगी इंटर कॉलेज के टेबल टेनिस कोच डॉ. यशवंत सिंह राठौड़ ने तथा प्रधानाचार्य संतोष कुमार त्रिपाठी, इंदु मिश्रा, सुमन त्रिपाठी ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी है।

# चित्रकला प्रतियोगिता में विजेता बच्चे हुए सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारत भारत विकास परिषद पांचाल शाखा द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्कृति सप्ताह के अंतर्गत द्वितीय दिन एनएकेपी बालिका इंटर कॉलेज में बच्चों के समग्र विकास के लिए चित्रकला बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

अध्यक्ष कन्हैया लाल जैन, प्रधानाचार्य इंदू मिश्र, निर्णायक मंडल में गोविंद मिश्रा, नैंसी वर्मा, ममता सक्सेना उपस्थित रही। वंदेमातरम के उपरांत प्रतियोगिता शुरू की गई। विद्यालय के 45 बच्चों ने भाग लिया। प्रथम स्थान सोनाक्षी शुक्ला, द्वितीय स्थान भक्ति सक्सेना और तृतीय स्थान गौरी सिंह ने प्राप्त किया। सभी को शील्ड व प्रशस्ति पत्र दिया गया। भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र बिस्कुट देकर सम्मानित किया। गुरु वंदन सम्मान प्रधानाचार्य इंदु मिश्रा को गुरु वंदन शील्ड एवं सह अध्यापिका ऋतु सक्सेना, दुर्गेश शुक्ला को शील्ड देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में रोमी श्रीवास्तव, अनीता सक्सेना, आभा गुप्ता, रत्नेश पाल, आयुष गुप्ता, बृजेश कुमार सक्सेना ने व्यवस्था देखी। संचालन संजीव बाथम ने किया। सचिव देवेन्द्र नारायण श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।




छात्रा को सम्मानित करते भाविप शाखा के पदाधिकारी

# संगठन पर्व को लेकर कार्यकर्ता उत्साहित : योगेन्द्र उपाध्याय

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय पर भाजपा के संगठन पर्व कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित सदस्यता अभियान के संबंध में प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री व प्रभारी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने पत्रकार वार्ता की।

प्रभारी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा पूरे देश में भाजपा द्वारा संगठन पर्व मनाया जा रहा है। संगठन पर्व के अंतर्गत सभी भाजपा कार्यकर्ता सदस्यता अभियान के अंतर्गत नए-नए सदस्य बनाने का कार्य कर रहे हैं। विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में भारतीय जनता पार्टी ने केंद्र में तीसरी बार लगातार सरकार बनाने का कार्य किया। 2024 के इस संगठन पर्व के महा अभियान में प्रत्येक कार्यकर्ता की आहुति जरूरी है।



वार्ता करते प्रभारी मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय

भाजपा से हर वर्ग को जोड़ने के लिए सदस्यता अभियान के माध्यम से घर-घर पहुंचकर नए सदस्य बनाने का कार्य किया जा रहा है। जनपद में 5 लाख के लक्ष्य के साथ नए सदस्य बनाने का कार्य किया जाएगा। संगठन पर्व को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। नए कार्यकर्ताओं को पार्टी से जुड़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि कानून के साथ खिलवाड़ करने वालों को सख्त सजा दी जा रही है। महिलाओं के साथ हो रहे अपराध में कमी आई है। हर वर्ग के लिए भाजपा सरकार निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश में युवाओं के लिए भर्ती प्रक्रिया जारी है। आगामी पंचायत एवं विधानसभा के चुनाव में भाजपा बेहतरीन प्रदर्शन करेगी। संचालन जिला महामंत्री डीएस राठौर ने किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता, जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे, सांसद मुकेश राजपूत, विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, विधायक सुशील शाक्य, कुलदीप गंगवार, अमर सिंह खटीक, दिनेश कटियार, संजीव गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, फतेहचंद वर्मा, सुनील रावत, शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जीवीए ग्रुप द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में शिक्षक दिवस पर जीवीए ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन बढ़पुर स्थित सेंटर पर डेढ़ बजे आयोजित होगा। यह जानकारी विपिन अवस्थी ने दी है।

### एलआईसी बीमा एजेंट की बैठक में संगठन पर दिया गया बल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा फर्रुखाबाद में रामनिवास पाठक की अध्यक्षता में ऑल इंडिया एजेंट फेडरेशन की बैठक सम्पन्न हुई। शाखा अध्यक्ष राजेश मिश्रा राधे ने कहा कि हमारा संगठन सभी साथियों के सुख-दुख में बराबर साथ है। जागरुक एजेंट अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, साथ ही मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। अशोक सक्सेना ने कहा कि हमारे पास संगठन का शुरु से लेकर अब तक हिसाब है। संगठन का खाता अतिशीघ्र बैंक में खुल जायेगा और फण्ड का पैसा उसी में जमा किया जायेगा। मुख्य बीमा सलाहाकार शैलेन्द्र सिंह, मोहम्मद इदरीश खान, आशीष कुमार शाक्य, बृजमोहन सिंह, संजय मिश्रा, वसीम मुल्ला खान आदि ने विचार रखे। इस मौके पर राजीव कुमार, विवेक मिश्रा, शिवओम दीक्षित, सुशील कुमार द्विवेदी, पवन कुमार राठौर, रविन्द्र कुमार पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

### सवारी बनकर चढ़े आरोपीगणों ने छीने 15 हजार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** सवारी बनकर चढ़े आरोपीगणों ने गाली-गलौज व मारपीट कर 15000 रुपये छीन लिये। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार कायमगंज थाना क्षेत्र के गांव जिरखापुर निवासी हिम्मत सिंह पुत्र सुरेश चंद्र ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बुधवार को समय लगभग 11.30 बजे अपना टेंपो लेकर फर्रुखाबाद सवारी लेकर जा रहा था, तभी रास्ते में नवाबगंज थाना क्षेत्र के कलुआपुर सानी के पास बने छायागृह के पास टेंपो रोकने का इशारा किया, तो पीड़ित के बताए अनुसार उसने सवारी समझकर टेंपो को रोका, तभी आरोपीगण पीड़ित के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान पीड़ित के बताए अनुसार उसकी जेब में रखे टेंपो की किस्त जमा करने के लिए 15000/- रुपये भी आरोपियों ने छीन लिए। तब पीड़ित थाने आया और थाना पुलिस को सुरजीत पुत्र रामआसरे निवासी गंगलऊ थाना नवाबगंज तथा उनके चार-पांच अज्ञात साथियों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने पीड़ित को मामले की जांच कर न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।

# भाकियू टिकैत के बढ़पुर ब्लॉक कार्यालय का हुआ शुभारम्भ

**बढ़पुर ब्लॉक के किसान अपनी समस्यायें ब्लॉक कार्यालय पर आकर नोट कराएं: प्रभाकांत मिश्रा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन टिकैत का ग्राम बाहिदपुर में किसानों की समस्यायों को सुनने के लिए ब्लॉक कार्यालय का शुभारम्भ वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा से फीता काटकर किया। साथ ही एसडीएम सदर को बढ़पुर के किसानों की समस्याओं का पांच सूत्रीय ज्ञापन भी सौंपा।

प्रभाकांत मिश्रा ने कहा कि बढ़पुर ब्लॉक के किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष शिवराम सिंह ने जो कार्यालय खोला है वह किसानों के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने कहा कि बढ़पुर ब्लॉक के समस्त किसान अपनी समस्याये ब्लॉक कार्यालय पर आकर बताएं और नोट कराए। ब्लॉक अध्यक्ष उन किसानों की समस्याओं को प्रशासन को अवगत कराकर उनका निस्तारण कराएंगे। उन्होने कहा कि 6 अक्तूबर को किसानों के मसीहा बाबा महेंद्र सिंह के जन्म दिवस को गन्ना संस्थान डौली बाग लखनऊ में मनाया जायेगा। जनपद के समस्त भाकियू पदाधिकारी भाग लेगें।



किसानों को सम्बोधित करते अजय कटियार

जिलाध्यक्ष अरविंद शाक्य ने कहा कि बढ़पुर ब्लॉक का कार्यालय खुलने से ब्लॉक के किसानों की समस्याओं का निदान कराया जायेगा। जिला विधिक सलाहकार एवं प्रवक्ता अजय कटियार ने कहा कि बढ़पुर ब्लॉक के अध्यक्ष शिवराम सिंह बहुत ही जुझारू किसान है। उन्होंने कहा कि हमारे किसान जो मोटर साइकिल से सफर करते है वह हेलमेट का प्रयोग करें एवं कार से चलते है वह शीट बेल्ट का प्रयोग करें। इस अवसर पर कृष्ण गोपाल मिश्रा, अभय यादव, सोनू सिंह, सुशील बाबा, संजय सिंह, सुधीर कटियार, पवन मारवाड़ी, विजय कटियार, प्रदीप कुशवाहा, नरेंद्र कुशवाह आदि किसान उपस्थित रहे।

# नियुक्ति पत्र पाकर खिले चेहरे



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एनआईसी फतेहगढ़ में नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा कृषि विभाग में अवर अभियंता के पद पर चयनित अभ्यार्थी को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोकभवन लखनऊ में आयोजित किये जा रहे कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। भर्ती में पूरे प्रदेश में कुल1335 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। जिसमें जनपद के कुल 02 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। जिसमें से ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में अवर अभियंता के पद पर चयनित कु0 रश्मि निवासी नेकपुर कलां को लोकभवन में मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्तपत्र दिया गया व कृषि विभाग में अवर अभियंता के पद पर चयनित सूर्यकांत गंगवार नि0 ग्राम व पोस्ट भटासा कायमगंज को एनआईसी में नगर मजिस्ट्रेट द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर पीडी डीआरडीए, उपनिदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, अधिषासी अभियंता सिचाई व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### भगौतीपुर के पीड़ित परिवार से मिले भाकृए के पदाधिकारी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** भारतीय कृषक एसोसिएशन के दर्जनों कार्यकर्ता और पदाधिकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे के नेतृत्व में भगौतीपुर गांव में पीड़ित परिवार के यहां पहुंचे। जन्माष्टमी पर हुई घटना के सम्बन्ध में दोनों मृत बेटियों शशि और बबली की हत्या पर शोक व्यक्त किया और रामवीर जाटव जो भारतीय कृषक एसोसिएशन के मंडल महासचिव और भाकियू (भानू गुट) का जिला संगठन सचिव है। इनकी बेटी के साथ जो घटना हुई इस घटना का भारतीय कृषक एसोसिएशन को भारी अफसोस है। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और जानकारी ली। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने रामवीर जाटव और पप्पू जाटव को हर संभव मदद का भरोसा दिया। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे, प्रदेश अध्यक्ष रामलाल गुप्ता, प्रदेश महासचिव मुन्नालाल सक्सेना, प्रदेश सचिव प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष शीलचंद्र, जिला संगठन सचिव गोपाल तिवारी, जिला उपाध्यक्ष रागिब हुसैन खां, तहसील अध्यक्ष महिपाल राजपूत, ब्लाक अध्यक्ष रक्षपाल गौतम, उमेश बाथम, रामवीर पाल आदि कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# इग्नू में अनुसूचित जाति/ जनजाति के छात्रों का नि:शुल्क प्रवेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय में बीए, बी-काम और बीएससी पाठ्यक्रमों में जुलाई सत्र में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्रों को नि:शुल्क प्रवेश दिया जा रहा है। शर्त के साथ अभ्यार्थी के माता पिता या अभिभावक की कुल आय गत वर्ष में 2.5 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म भरते समय अभ्यर्थी को आय प्रमाणपत्र एवं आधार कार्ड स्कैन करके वेबसाइट पर अपलोड करना होगा। इन छात्रों को केवल पंजीकरण एवं विकास शुल्क के 500 रुपये ऑनलाइन जमा करने होंगे। द्वितीय या तृतीय वर्ष के लिए री-रजिस्ट्रेशन करने वाले छात्र जिन्होंने प्रथम वर्ष में इस सुविधा का लाभ उठाया था उन्हें इस वर्ष भी शुल्क मुक्ति का लाभ मिलेगा। जो छात्र इस शुल्क मुक्ति सुविधा का लाभ नहीं उठा सके हैं वे केंद्र या राज्य सरकार की छात्रवृत्ति योजना के लिए स्कॉलशिप पोर्टल पर अप्लाई कर सकते हैं। जानकारी देते हुए डीएन कालेज के इग्नू अध्ययन केंद्र के कोआर्डिनेटर डा0 विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि इग्नू ने जुलाई 2024 सत्र के लिए सर्टिफिकेट कोर्स को छोड़कर शेष सभी कोर्स के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 सितम्बर कर दी है। इग्नू के डीएन कॉलेज अध्ययन केंद्र पर बीबीए, बी-कॉम, बीए (होनोर्स), एमए, एमकॉम, पीजीडीआरडी अदि कोर्सों में प्रवेश चल रहे हैं।

# दो दिवसीय नवाचार मेले का हुआ समापन



डायट कार्यक्रम में मौजूद प्राचार्य व अन्य

**आकांक्षा, राजेन्द्र, इरफान, अर्चना बनी विजेता**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद स्तरीय दो दिवसीय नवाचार मेले का समापन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रजलामाई में हुआ। डायट प्राचार्य अनुपम अवस्थी ने बताया कि इसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय, माध्यमिक और डायट के प्रवक्ताओं द्वारा भाग लिया। 112 से अधिक शिक्षकों ने उत्साहित होकर प्रतिभाग किया। उन्होंने ने अपने द्वारा बनाये गए टीएलएम का प्रदर्शन किया। सभी टीएलएम का मूल्यांकन डॉयट द्वारा गठित तीन सदस्यीय बाह्य समिति के सदस्य डॉ. मनोज गर्ग, डॉ. शिल्पी सिंह एवं डॉ.आलोक बिहारी लाल ने किया। नवाचार मेले का आयोजन समस्त डॉयट संकाय सदस्यों की देखरेख में सम्पन्न हुआ। डॉयट प्राचार्य अनुपम अवस्थी ने बताया कि बेसिक माध्यमिक और शिक्षक प्रशिक्षकों के मध्य आयोजित जनपद स्तरीय मेले में तीनों वर्ग से समिति द्वारा चयनित एक एक प्रतिभागी का नाम लखनऊ को भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि इस नवाचार मेले से शिक्षण अधिगम, कौशल विकास और छात्रों को सुगमता से सीखने और टीएलएम के नवीन प्रयोग देखने को मिले। नवाचार मेला प्रभारी डायट प्रवक्ता राजेश और योगेंद्र कुमार ने मेले का कुशलता पूर्वक अयोजन करवाया। प्राथमिक विजेता प्रथमिक में आकांक्षा अग्निहोत्री, उच्च प्रथमिक में विजेता राजेंद्र पवन, माध्यमिक में विजेता इरफान अली व डायट में विजेता अर्चना वर्मा रही।



### अंतर्राष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच के विपिन अवस्थी बने जिलाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बढ़पुर स्थित जीवीए ग्रुप ऑफ़इंस्टिट्यूट में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य विवेकानंद के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जिसमें जिलाध्यक्ष विपिन अवस्थी को बनाया गया। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुमन राजपूत, शिक्षक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संदीप चतुर्वेदी, राष्ट्रीय सचिव आरबी सिंह, हेमलता मिश्रा को कानपुर मंडल का महिला प्रकोष्ठ का प्रभारी मनोनीत किया गया। इसके साथ अन्य पदाधिकारी बनाये गये। बैठक में शुभम त्रिपाठी जिला महामंत्री, राघव अवस्थी सोशल मीडिया प्रभारी, अभिषेक मिश्रा जिला महामंत्री, जतिन नारायण अवस्थी जिला उपाध्यक्ष, अभिषेक कटियार जिला मंत्री, मोहन अवस्थी जिला उपाध्यक्ष, कायमगंज सौरभ शाक्य जिला महामंत्री व श्रृद्धा दुबे को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया एवं संगठन के विस्तार को लेकर चर्चा की गई। सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। विपिन अवस्थी को जिलाध्यक्ष बनने पर सभी ने बधाई दी।

# मांगों को लेकर दवा प्रतिनिधियों ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

यूपीएसएसआरए जनपद इकाई द्वारा श्रम एवं रोजगार मंत्री से संबंधित मांगों को लेकर ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। संस्था के सचिव कपिल दिवाकर ने बताया कि उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड राज्य में फेडरेशन ऑफ मेडिकल एण्ड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स ऑफ इंडिया की इकाई द्वारा सदस्यों ने सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों द्वारा उनकी सेवा शर्तों और कार्य स्थितियों से संबंधित मुद्दे को लेकर आकर्षित कराते हुए ज्ञापन सौंपा। उन्होंने चिंता व्यक्त की बहुराष्ट्रीय और भारतीय एकाधिकार वाली दवा कम्पनियों में बड़े पैमाने पर छटनी हो रही है। हजारों सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों की नौकरी चली गई है। साथ ही सेवा शर्तों से डिजिटल रुप में तर्कहीन नई कार्यप्रणाली की गई है। जो सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों पर अत्याचार है। इस संबंध में शीघ्र कार्यवाही की जाये और मसौदा नियम तैयार किये जाये, आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर यूनियन के कर्मचारी मौजूद रहे।



अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते यूनियन के लोग

# बदलते मौसम में उल्टी, दस्त, बुखार के मरीजों की बढ़ रही संख्या

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

बदलते मौसम में उल्टी, दस्त, बुखार के मरीजों की संख्या दिन पर दिन इजाफा हो रह है। जिससे सीएचसी ओपीडी में मरीजों की संख्या ढाई सौ के पार पहुंच गयी है।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र तथा विकास खंड क्षेत्र के आसपास गांव में बदलते मौसम के कारण बीमारियों ने पैर पसारने शुरु कर दिये हैं। जिसमें उल्टी, दस्त, बुखार से हर घर में लोग पीड़ित चल रहे हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जिसके चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज की ओपीडी 250 के पार पहुंच गई, लेकिन ओपीडी में मौजूद प्रशिक्षित डॉक्टर लोगों को ना के बराबर दवा देकर चलता कर देते हैं। जिससे बीमारी से लोगों को राहत नहीं मिल रही है। जब इस बाबत चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर लोकेश शर्मा से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया की मौसम के बदलने के कारण वायरस फैल रहा है, लेकिन इस पर जल्द ही काबू किया किया जाएगा। वहीं उनके ही ओपीडी में बैठे प्रशिक्षण पर आए डॉक्टर लोगों को कोई कायदे से दवा नहीं दे रहे हैं। जिस पर लोगों में आक्रोश भी व्याप्त है कि जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरकारी दवा वितरण के लिए बनाया गया है तो मरीज को उनकी जरूरत के अनुसार दवा क्यों नहीं मिल रही है। इस पर कई लोगों ने अपना आक्रोश भी व्याप्त किया है।

# स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन ने बुजुर्गों को किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन समाज के उन बुजुर्गों को सम्मानित कर रही है जो समाज में देश प्रेम और आपसी प्रेम को बढ़ाने में अपना योगदान कर रहे हैं।

विद्युत परिषद से सेवानिवृत्त महेश चन्द्र शुक्ला जिन्होंने सुन्दर काण्ड समिति बनाकर जनपद में आध्यात्मिक लहर पैदा की उन्हें सम्मानित किया गया। जिला मंत्री विजय अवस्थी ने कहा कि हम स्टेट बैंक के सभी सेवानिवृत्त साथियों को समाज सेवा के लिये जागरूक कर रहे हैं। नरेन्द्र कुमार तिवारी, कैलाश चन्द्र गुप्ता, बादशाह सिंह, नरेन्द्र गंगवार, राम कुमार वर्मा, कमल लोचन सिंह, प्रेम नारायण दुबे, अनिल गंगवार, जगजीत सिंह, रमन गोयल को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उमेश चन्द्र गुप्ता, राजू टंडन, रत्नेश चन्द्र शुक्ला, राकेश कुमार अग्रवाल मौजूद रहे।




कार्यक्रम में मौजूद बुजुर्ग

